हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● बुधवार ● 28.05.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 303 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में 5536 करोड़ के योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

# एक कांटा पूरे शरीर को देता है पीड़ा, हम कांटा निकालकर दम लेंगे : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को देश विभाजन को भारत की पीड़ा का मूल कारण बताते हुए कहा कि 1947 में मां भारती के अंग काट दिए गए, जबकि जंजीरें कटनी चाहिए थीं। उसी रात कश्मीर पर पहला आतंकी हमला हुआ और पाकिस्तान ने मुजाहिदीनों के जरिये भारत का हिस्सा हड़प लिया। अगर तब ही सख्त कार्रवाई की गई होती, तो 75 वर्षों का यह आतंकवाद न झेलना पड़ता। उन्होंने कहा, एक कांटा पूरे शरीर को पीड़ा देता है और हमने तय कर लिया है कि अब वह कांटा निकालकर ही दम लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर में गुजरात अर्बन ग्रोथ स्टोरी के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लिया और शहरी विकास वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। वर्ष 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के तौर पर उनके द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य शहरी ढांचे का नियोजित विकास था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शहरी विकास, स्वास्थ्य और जल आपूर्ति से जुड़ी कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 22 हजार से अधिक घर समर्पित किए और शहरी निकायों को 3,300 करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी की।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आतंकवाद का रास्ता प्रॉक्सी वॉर नहीं, बल्कि एक सोची-समझी युद्ध रणनीति है। उन्होंने कहा कि 6 मई की रात को मारे गए आतंकवादियों को सम्मान देना, उनके ताबूतों पर पाकिस्तानी झंडे लपेटे जाना और वहां की सेना का उन्हें सलामी देना यह साबित करता है। उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी, आप वॉर ही कर रहे हैं, तो उसका जवाब भी वैसे ही मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से भारत के खिलाफ चलाए जा रहे युद्ध की एक पृष्ठभूमि है। सीधा युद्धों में हार के चलते उसे एहसास हुआ कि वे सीधे युद्ध में भारत से नहीं जीत सकता, इसलिए उन्होंने आतंकवाद को एक रणनीतिक हथियार के रूप में अपनाया। आतंकवादी सिर्फ भाड़े के लड़ाके नहीं हैं। वे पाकिस्तान की सेना से जुड़े और उनके निर्देश पर काम करने वाले लोग हैं। अब जब वे खुलेआम युद्ध जैसा व्यवहार कर रहे हैं, तो भारत भी उन्हें उसी तरह निर्णायक और सशक्त जवाब देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंधु जल समझौता भारत के हित को कई तरह से प्रभावित कर रहा था। अभी हमने इसे केवल स्थगित किया है और पाकिस्तान में इसको लेकर घबराहट है। उन्होंने समझौते की शर्तों पर आश्चर्य जताया और कहा कि भारत सबका भला चाहता है। उन्होंने कहा कि 1960 की सिंधु जल संधि में यह तय हुआ था कि जम्मू-कश्मीर की नदियों पर बने बांधों की सफाई नहीं की जाएगी। 60 साल तक इनके गेट नहीं खुले, लेकिन हमने थोड़ी सफाई शुरू की, गेट थोड़े खोले और पाकिस्तान में बाढ़ आ गई। अभी तो हमने पूरी कार्रवाई शुरू ही नहीं की है और वे पहले ही घबरा गए हैं।

## गांधीनगर में पीएम का भव्य रोड शो



**गांधीनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के गांधीनगर में एक शानदार रोड शो किया। पीएम दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनका पहला गुजरात दौरा है। डेढ़ किलोमीटर लंबा यह रोड शो राजभवन से शुरू होकर महात्मा मंदिर तक गया, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। लोग सड़कों के किनारे खड़े होकर 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाते दिखे। इस दौरान पीएम मोदी का ब्रह्मोस मिसाइल और राफेल जेट के डमी मॉडल के साथ स्वागत किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइलों से ही भारत ने हमले किए थे। इससे पाकिस्तान की एयरफोर्स की कमर टूट गई।

# नायशा ने राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड का नाम किया रोशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** नायशा सरकार ने काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) यानि इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएससीई ) बोर्ड राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया है। सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, जमशेदपुर की छात्रा नायशा ने देहरादून स्थित सेंट जोसेफ्स एकेडमी में आयोजित सीआईएससीई राष्ट्रीय प्री-योग ओलंपियाड 2025 में अंडर-17 बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। इस उपलब्धि के साथ, नायशा को आगामी जून 2025 में कन्याकुमारी में आयोजित होने वाले एनसीईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में सीआईएससीई बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। इस प्रतियोगिता में बिहार-झारखंड क्षेत्र से कुल पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें देवनिष्ठा, श्रुति और नंदिनी शामिल हैं। मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल की दिव्या मांझी ने शीर्ष 10 में सातवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। सीआईएससीई बिहार-झारखंड की योगा कोच राफिया नाज ने मंगलवार को कहा कि अथक प्रयास से सब कुछ संभव है। हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए, क्योंकि जो हार नहीं मानते, वही मंजिल पाते हैं। बिशप स्कूल नामकुम के प्राचार्य और सीआईएससीई खेलों के क्षेत्रीय प्रमुख प्रिंसिपल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा सभी बच्चे मेरे लिए चैंपियन हैं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम

## 48 आईपीएस अधिकारियों का तबादला 15 जिलों के एसपी बदले

**रांची :** राज्य के 20 जिलों के डीसी को बदलने के बाद सरकार ने आज 15 जिलों के एसपी और एसएसपी को बदल दिया। इनमें धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, लोहरदगा समेत अन्य जिले शामिल हैं। कुल 48 आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया है। रांची के सिटी एवं ग्रामीण एसपी को बदल दिया गया है। अब उम्मीद है कि जल्द ही डीएसपी रैंक के अधिकारियों का भी तबादला होगा।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से इमरान प्रतापगढ़ी ने मुलाकात की



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रभारी, झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जीनल एन० गाला, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी उपस्थित रहे।

### एक नजर

## विधि-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक स्थगित

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक करने वाले थे। लेकिन इसे स्थगित कर दिया है। बता दें कि यह बैठक प्रोजेक्ट भवन में आयोजित होने वाली थी, जिसमें राज्य स्तर के तमाम आला अधिकारी शामिल होने वाले थे। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद होने वाले थे। वहीं सभी जिलों के उपायुक्त और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक से जुड़ने वाले थे। लेकिन किसी कारण से इसे स्थगित कर दिया गया है।

## आईटीआर फाइल करने की आखिरी तिथि बढ़ी

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिन व्यक्तियों और संस्थाओं को अपने खातों का ऑडिट कराने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें 31 जुलाई तक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करना होता है। विभाग इससे संबंधित अधिसूचना को जल्द ही जारी करेगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा,"अधिसूचित आईटीआर में किए गए व्यापक बदलावों तथा आकलन वर्ष 2025-26 के लिए प्रणाली की तैयारी एवं आईटीआर सुविधाओं के जारी होने के लिए आवश्यक समय को देखते हुए आयकर रिटर्न दाखिल करने की नियत तारीख बढ़ा दी गई है।

# आज से चार दिवसीय दौरे पर आएगी 16 वें वित्त आयोग की 14 सदस्यीय टीम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** 16 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 14 सदस्यीट टीम चार दिवसीय दौरे पर आज रांची आएगी। टीम के लिए स्थानीय रेडिशन ब्लू में ठहरने की व्यवस्था की गयी है। तय कार्यक्रम के अनुसार रांची पहुंचने के बाद वित्त आयोग की टीम पतरातु डैम का भ्रमण करेगी। वहां मनोरंजन का लुत्फ उठाने के बाद बिरसा मुंडा म्युजियम का अवलोकन करेगी। जेल स्क्वायर में लोक नृत्य का आनंद लेगी। आयोग की टीम 29 मई को देवघर जाएगी। वहां वित्त आयोग की टीम प्रमंडल स्तर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसमें देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा व पाकुड़ जिले के जिला परिषद अध्यक्ष, एक मुखिया व एक प्रमुख शामिल होंगे। 30मई को वित्त आयोग के अध्यक्ष अपनी टीम के साथ रांची में स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों, फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग करेगी। फिर राज्य सरकार के साथ बैठक करेगी। इसमें वित्त मंत्री, मुख्य सचिव व अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल होंगे। दोपहर में ही झारखंड के राजनीतिक दलों के साथ भी आयोग की बैठक होगी। 30 राज्य सरकार द्वारा 16 वें वित्त आयोग की टीम को रात्रि भोज दिया जाएगा। अगले दिन 31 मई की सुबह आयोग की पूरी टीम दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी।

जानकारी के अनुसार वित्त आयोग की टीम के साथ होनेवाली बैठक में राज्य सरकार केंद्रीय करों में झारखंड की हिस्सेदारी 41 से 50 फीसदी बढ़ाने की मांग करेगी। झारखंड सरकार द्वारा किए जा रहे होमवर्क में खनन क्षेत्रों के विकास, जल संरक्षण और सिंचाई, खनन और उसकी ढुलाई से होनेवाले नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र से अतिरिक्त सहायता की मांग की जाएगी। साथ ही झारखंड में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में भी विशेष सहायता की मांग दुहरायी जाएगी।

# सरना धर्म कोड नहीं, तो झारखंड में जनगणना नहीं : झामुमो

### सरना धर्म कोड को लेकर झामुमो ने जिला मुख्यालय में किया धरना-प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झामुमो ने मंगलवार को सरना धर्म कोड की मांग को लेकर रांची जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता एवं संचालन मे संपन्न हुआ।

मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि राज्य की जन भावना के अनुरूप झामुमो लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग करती आ रही है। यह राज्य की भावना है कि सरना धर्म कोड लागू हो, और उसी भावना का ख्याल रखते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया और उस सत्र में सरना धर्म कोड को विधेयक के रूप मे पेश किया गया। वो ऐतिहासिक दिन 11 नवंबर 2020 था, जब सरना धर्म कोड को पास करके राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने का काम किया गया।

उन्होंने कहा कि झामुमो चाहती है कि सरना धर्म कोड लागू हो, चाहे किसी भी कीमत पर हो। जिस तरह जनगणना के लिए हमने केंद्र को मजबूर किया। उसी तरह सरना धर्म कोड के लिए भी हम केंद्र को मजबूर करेंगे। चाहे दिल्ली जाकर आंदोलन करना पड़े, हम दिल्ली भी जाकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। सरना धर्म कोड लागू नहीं होगा, तो जनगणना भी यहां नहीं होगा। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संविधान में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि हम अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे और उसे मानेंगे। आदिवासियों के हक पर, उनकी संपत्ति पर, उनके विचारों पर लगातार जो हमला हो रहा है उसके खिलाफ ये प्रदर्शन है। आदिवासी इस देश का सबसे पहला मालिक है। यदि जल-जंगल-जमीन को बचाना है, तो सरना धर्म कोड को पास करना होगा।

जिला संयोजक ने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासियों की चिर परिचित मांग है। यदि जनगणना के कॉलम में हिन्दू का है, मुस्लिम का है, सिख का है, बौद्ध का है, पारसी का है, जैन का है , क्रिश्चन का है, तो आदिवासी जो आदिकाल से रहने वाले हैं उनका कॉलम क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि यह काफी लंबी मांग है।

# झारखंड बोर्ड मैट्रिक का निकला रिजल्ट, गीतांजलि बनी स्टेट टॉपर

### पांचों प्रमंडलों में संथाल का रहा सबसे उत्कृष्ट रिजल्ट, 94.34 प्रतिशत बच्चे उतीर्ण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मंगलवार को जैक सभागार में मैट्रिक परीक्षा-2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। रिजल्ट शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जारी किया। इस साल परीक्षा में कुल 91.7 फीसदी छात्र सफल हुए हैं। राज्य के छात्र- छात्रा अपना रिजल्ट जैक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट जैक डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट आईएन पर या डिजिलॉकर पर रिजल्ट देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार 4.33 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे।



#### पांच जिलों का परीक्षा परिणाम सबसे बेहतर

जैक बोर्ड के 10वीं परीक्षा परिणाम में झारखंड के पांच जिलों ने बाजी मारी है। प्रदेश के पांच जिले कोडरमा, पाकुड़, जामताड़ा, लातेहार और साहिबगंज का परीक्षा परिणाम सबसे बेहतर रहा है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट जैक डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट आईएन जाएं और होमपेज पर दिए गए रिजल्ट लिंक पर क्लिक करें और अपना रोल नंबर भरें।

इससे छात्र- छात्राओं का रिजल्ट स्क्रीन पर दिखने लगेगा। इसे वे डाउनलोड कर सकते हैं और भविष्य के लिए प्रिंट आउट ले सकते हैं इस परीक्षा में इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप 10 में दबदबा बनाया है। राज्य के टॉप 10 विद्यार्थियों में से सात इसी स्कूल से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की गीतांजलि 98.60 प्रतिशत के साथ पहला स्थान यानी स्टेट टॉपर बनी हैं।

वहीं रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और अमर कुमार ने 98.20 प्रतिशत संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अमर कुमार प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी 97.80 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि श्रेया कुमारी और साक्षी कुमारी ने 97.60 प्रतिशत प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनाई है।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने जैक 10वीं बोर्ड में सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल की मैट्रिक परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि में सहभागी रहे और मार्गदर्शन देने वाले सभी शिक्षकों और अभिभावकों को भी हार्दिक बधाई दी। सोशल मीडिया एक्स पर राज्यपाल ने लिखा है कि मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का परिणाम जारी कर दिया है। इस साल 91.71 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, "झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की मैट्रिक (10वीं) परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वो निराश न हों, कड़ी मेहनत और परिश्रम करते रहें। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर मैं सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई देता हूं, जोहार करता हूं।"

# पलामू में मुठभेड़, नक्सली तुलसी भुइयां ढेर, एसएलआर बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नितेश यादव के दस्ते के साथ मुठभेड़ में नक्सली कमांडर तुलसी भुइयां मारा गया। यह मुठभेड़ सोमवार देरशाम शुरू हुई और आज सुबह तक इलाके में गोलीबारी होती रही। पुलिस और सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है।

पुलिस ने इस दौरान नक्सली कमांडर तुलसी भुइयां का शव बरामद किया है। मौके से एक एसएलआर बरामद हुई। मुठभेड़ में 15 लाख रुपये के इनामी नितेश यादव को भी गोली लगने की सूचना है।

एसपी रीष्मा रमेशन और अन्य पुलिस अधिकारी सुबह 5 बजे से इलाके में कैम्प कर रहे हैं। बताया जाता है कि मुठभेड़ के समय इनामी माओवादी नितेश के दस्ते में करीब छह कैडर थे। दस्ते में 10 लाख का इनामी संजय गोदराम भी है। पिछले डेढ़ दशक से नितेश यादव झारखंड और बिहार पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

## एक नजर

### पुलिस ने भारी मात्रा में देसी व विदेशी शराब किया जब्त

**चौपारण :** थानेदार अनुपम प्रकाश लगातार चौपारण को अपराध मुक्त करने में लगे हैं। थानेदार अनुपम प्रकाश ने बताया कि हजारीबाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम परसाटांड़ में मुन्नी लाल यादव के घर भारी मात्रा में अवैध शराब जमा कर तस्करी की तैयारी की जा रही है। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम जब मुन्नी लाल यादव के घर के पास पहुँची, तो एक युवक बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक की बोरी में शराब लादे हुए मिला। तलाशी लेने पर बोरी में लगभग 200 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। पूछताछ करने पर पता चला कि वह शराब मुन्नी लाल यादव के घर से लोड की गई थी। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसकी घर की तलाशी ली, जहाँ से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद विदेशी शराब में स्टर्लिंग रिजर्व ब्रांड की तीन पेटियाँ मिलीं, जिनमें दो पेटी 375 मिलीलीटर और एक पेटी 750 मिलीलीटर की बोतलें थीं। इसके अलावा रॉयल चैलेंज ब्रांड की एक पेटी, एमसी डॉवेल्स ब्रांड की दो पेटियाँ (दोनों 750 मिलीलीटर बोतलों वाली), आइकोनिक व्हाइट ब्रांड की एक पेटी (375 मिलीलीटर) और रॉयल स्टेज ब्रांड की छह पेटियाँ भी जब्त की गईं, जिनमें तीन पेटियाँ 750 मिलीलीटर और तीन पेटियाँ 375 मिलीलीटर बोतलों की थीं। इसके अतिरिक्त लगभग सात पेटी बियर की भी बरामदगी हुई, जिनमें प्रत्येक कैन 500 मिलीलीटर की थी। इस पूरे मामले में पुलिस ने विजय कुमार (पिता – जुगल यादव, निवासी – मचरक, थाना फतेहपुर, जिला गया, बिहार) को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ चौपारण थाना कांड संख्या 151/25, दिनांक 27/05/25 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय बना टॉपर्स का फैक्ट्री

**हजारीबाग :** झारखंड मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने के साथ ही हजारीबाग में जश्न का माहौल है। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय जिसे टॉपर्स का फैक्ट्री कहा जाता है इस बार फिर इस विद्यालय ने इतिहास रचते हुए टॉप टेन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। स्टेट टॉपर्स भी इसी विद्यालय की है। स्टेट टॉपर्स का एक लंबा लिस्ट भी इसी विद्यालय ने अपने नाम किया है। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय का डंका पूरे राज्य भर में बजा है। इस विद्यालय से ही गीतांजलि ने 493 अंक लाकर पूरे राज्य भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं दूसरे स्थान पर रितु कुमारी, अमृता गुप्ता और पूजा कुमारी है। यह तीनों 491 अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। शिवानी कुमारी 489 अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अर्थात पहले से लेकर तीसरा स्थान तक इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की बच्चियों ने अपनी जगह बनाई है। चौथे स्थान पर श्रेया कुमारी और साक्षी कुमारी है जिसे 488 अंक लाया है। वर्षा कुमारी तनिष्का कुमारी और कोमल कुमारी पूरे राज्य भर में पांचवा स्थान प्राप्त करते हुए 487 अंक प्राप्त किया है। यह भी इसी विद्यालय की हैं। परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालय में जश्न का माहौल है। जिला शिक्षा अधीक्षक सह इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय के प्राचार्य प्रवीन रंजन विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों को शुभकामना देते हुए कहा कि यह विद्यालय राज्य भर में पिछले कई सालों से टॉपर्स देते आया है। इस बार भी विद्यालय ने साबित कर दिया कि राज्य की बेहतर शिक्षा यह विद्यालय दे रहा है। इसी का परिणाम है कि टॉपर दस में 5 इस विद्यालय की छात्रा अपनी जगह बनाई हैं इन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के अथक मेहनत से ही मुकाम मिलती है।

## सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झामुमो का धरना प्रदर्शन

# केंद्र सरकार आदिवासी समुदाय के अस्तित्व, आस्था और अधिकार को नजर अंदाज कर रही है : संजीव बेदिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सरना धर्म कोड लागू किए बिना केंद्र सरकार के द्वारा जाती आधारित जनगणना किये जाने के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य सह जिला अध्यक्ष झामुमो हजारीबाग संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। आदिवासीयों की लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग को लेकर श्री बेदिया ने सभा में हुंकार भरते हुए कहा कि सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। श्री बेदिया ने कहा कि सरना धर्म कोड झामुमो की कोई नयी मांग नहीं है। झामुमो हमेशा से ही इसे लागू करवाने की मांग करती रही है, कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा गत नवंबर 2020 में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड विधानसभा से विधेयक पारित कर अनुमोदन के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया परंतु केंद्र सरकार के उदासीन रवैये के कारण यह अब तक लागू नहीं हो पाया है। दुर्भाग्यवश लगभग पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी केन्द्र सरकार ने इस पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है। इसी बीच भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है जो यह दशार्ता है कि भाजपा सरकार आदिवासी समुदाय के अस्तित्व, उनकी आस्था और अधिकार को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जातिगत जनगणना केंद्र सरकार द्वारा कराये जाने की बात कही गयी है। इसलिए जनगणना से पहले इस सरना धर्म कोड को लागू करवाने को को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा लगातार आंदोलन कर रही है। झामुमो केंद्रीय समिति के आह्वान पर आज पूरे झारखंड के जिला मुख्यालय पर सरना धर्म कोड की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है और सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा आवाज बुलंद कर रही है। कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में सरना धर्म कोड लागू करना होगा सरना धर्म कोड आदिवासियों के अधिकार की मांग है और उनके पहचान उनके अधिकार को दिलाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा कटिबद्ध है। राज्य में सरना धर्म कोड/आदिवासी धर्म कोड लागू करने तथा इससे पहले जातिगत जनगणना रोकने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का आंदोलन जारी है। झामुमो का स्पष्ट मत है कि जब तक सरना धर्म कोड/आदिवासी धर्म कोड लागू नहीं होता, तब तक झारखंड में जातिगत जनगणना नहीं होने दी जायेगी। बेदिया ने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय के धर्म, आस्तित्व और अधिकार की रक्षा के लिए एकजुट हो जाए।

## हजारीबाग नगर निगम के पर्यवेक्षक नियुक्त कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड में नगर निगम चुनावों की तैयारियों के बीच कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो के आदेश के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन नगरीय क्षेत्रों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इनमें हजारीबाग नगर निगम के पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मुन्ना सिंह को उनकी संगठनात्मक दक्षता और स्थानीय नेतृत्व के साथ बेहतर समन्वय की क्षमता के आधार पर यह भूमिका मिली है। वे लंबे समय से अपने क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य आगामी नगर निकाय चुनावों में पार्टी की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करना और संगठन को प्रभावी बनाना है। सिंह ने इस नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो, झारखंड प्रभारी राजू कुमार, सीएलपी लीडर प्रदीप यादव और राजेश कच्छप का धन्यवाद किया है। पार्टी ने सभी पर्यवेक्षकों से उम्मीद जताई है कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यक्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

## केरेडारी जंगल का अवैध कोल माइंस बड़ी घटना को दे रहा आमंत्रण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग में अवैध कोल माइनिंग को लेकर प्रशासन सख्त है बावजूद इसके कई ऐसे इलाके हैं जहां बदस्तूर अवैध कोल माइनिंग का खेल चल रहा है पिछले दिनों केरेडारी प्रखंड के कंडाबेर के जंगल में कोयला का अवैध माइंस में तीन लोगों के जमीनदोज होने की खबर सुर्खियों में रही है। थाना क्षेत्र में दो ऐसे माइंस की तस्वीर कैद हुई है। जिसे देखकर हर कोई हैरत में पड़ जाएगा कि आखिर किस तरह से कोयला निकाला जा रहा है। दोनों माइंस केरेडारी के जंगल में ही है। जहां पिछले दिनों तीन लोगों के लापता होने की खबर प्रकाश में आई थी। उस जगह से महज 50 मिटर दूरी पर ही जंगल के बीच दो माइंस देखे गए हैं माइंस से कोयला का अवैध उत्खनन हो रहा है या नहीं इसकी पुष्टि तो नहीं होती है लेकिन दोनों मुहाना इस बात की इशारा करते हैं कि यहां माइनिंग हुआ करता होगा। अब तक उसे माइंस को डोजरिंग नहीं किया गया है। जिससे यह खतरा मंडरा रहा है कि अगर कोई व्यक्ति उस माइंस में प्रवेश किया तो उसकी मौत भी हो सकती है। बड़कागांव और केरेडारी ऐसे दो इलाके हैं जहां कोयला का अवैध खेल चल रहा है। जिला प्रशासन और वन विभाग क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कई बार भारी मात्रा में कोयला भी बरामद किया है तो वन विभाग ने अवैध माइंस को ध्वस्त भी किया है। दोनों माइंस अब तक खुले हुए हैं। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल भी पिछले दिनों इस बात का दावा किए थे कि इस इलाके में कई जगह अवैध माइनिंग हो रहा है। इन्होंने दावा करते हुए यह भी कहा था कि कौन कहता है कि अवैध रूप से कोयला का उत्खनन नहीं हो रहा है जिला प्रशासन को कंक्रीट और पत्थर से वैसे मुहाने को बंद करने की जरूरत है ताकि जान माल का नुकसान ना हो।


## पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या और 14 लाख रुपए लूट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने दो संदिग्ध अपराधी शिव कुमार और राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। शिवकुमार पेशे से शिक्षक है और संस्कृत में पीएचडी किए हुए हैं। जो चरही के निजी विद्यालय में छात्रों को पढ़ा रहे थे। इनका मुख्य काम अपराधिक घटना को अंजाम देना था। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा की 14 अप्रैल 2025 को सालपर्णी में हुए पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या और 14 लाख रुपए लूट में यह मुख्य आरोपी था। हजारीबाग पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली की ईचाक थाना क्षेत्र के रहिया मोड़ के पास हथियार के साथ दो युवक सक्रिय है और बड़े घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए अभियान चलाया गया। दोनों युवक को पुलिस ने धर दबोचा। जब उससे पूछताछ की तो बताया कि बाजार में आने जाने वाले लोगों के साथ लूटपाट करने के उद्देश्य से इचाक पहुंचे थे। जब पुलिस ने शक्ति से पूछताछ कि तो बताया कि 15 अप्रैल 2025 को सलपर्णी में पेट्रोल पंप के मैनेजर के साथ लूटपाट और हत्या मामले में भी यह संलिप्त था। पुलिस ने यह भी बताया कि जिस गाड़ी का उपयोग हत्या में किया गया था। उसे भी जंगल से बरामद कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त हथियार भी बराबर इस दौरान किया गया है। राहुल कुमार उर्फ रॉकी और दीपक के ऊपर अलग-अलग थाना में आठ मामले भी दर्ज है राहुल कुमार पेट्रोल पंप मैनेजर को गोली मारी थी जो चतरा का रहने वाला है। इसी मामले में पुलिस ने पहले ही सुनील नामक एक आरोपी को जेल भेजा है। पूरी घटना रानी सती होटल के में ही बनाई गई थी। होटल पेट्रोल पंप के समीप है गोली मारने के बाद पेट्रोल पंप मैनेजर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

## मैट्रिक परीक्षा में चौपारण के बच्चो ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** झारखंड बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा का परिणाम मंगलवार को दोपहर में आते ही, चौपारण में उत्सव का माहौल बन गया। परिणाम जारी होते ही विद्यार्थी अपना रिजल्ट जानने के लिए बेचैन हो गये। अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण बच्चे जश्न में डूब गये। तमाम बच्चों ने मोबाइल पर ही अपना परिणाम देख लिया। स्कूल कोचिंग के साथ ही तमाम घरों में भी उत्साह दिखा। पंचायत पाण्डेयबारा के ग्राम कमलवार में संचालित सक्सेस ट्यूटोरियल कोचिंग सेंटर कमलवार के बच्चो ने भी मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। निर्देशक अक्सर अंसारी ने बताया कि इस वर्ष भी हमारे संस्थान के विद्यार्थी अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। जिसमे मोहम्मद एहसान 75.8 प्रतिशत अंक लाकर फर्स्ट टॉपर रहा। वही मेहजबी प्रवीण 74.4, तंजीला प्रवीण 74.4, आसिया प्रवीण 73.6, जैनब प्रवीण 72, नूरी प्रवीण 71.2, अरशी प्रवीण 68, फरजाना खातून 67.4, रूकसार प्रवीण 58, जोया खातून 52.6 ने अच्छे अंक लाकर कोचिंग का नाम रोशन किया। संस्थान की शिक्षिका मैडम हिना ने मिठाईयां खिलाकर सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# शोध की गुणवत्ता में लाई जाएगी सुधार : कुलपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के शोधार्थियों से सीधी बात की। पूर्व निर्धारित समय दोपहर के ठीक 12:00 बजे कुलपति स्वामी विवेकानंद सभागार पहुंचे। उपस्थिति को देखकर कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में कुल 269 शोधार्थी पंजीकृत है जबकि यहां उतनी संख्या नहीं दिख रही है। कुलपति ने विश्वविद्यालय के शोध तथा पीएचडी थीसिस के स्तर पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की पहचान शोध से होती है। अतः शोध की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाएगा। कुलपति ने विद्यार्थियों को कहा कि आप समय-समय पर आलेख लिखे एवं स्तरीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित करवाए। ख्याति प्राप्त शोध पत्रिका में प्रकाशित आलेख को पुरस्कृत करने की बात उन्होंने कही। बताया कि अलग-अलग विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठियों में जाकर भाग ले। यदि किसी स्तरीय संगोष्ठी में किसी शोधार्थी का पत्र स्वीकृत होता है और उसे किसी प्रकार का स्कॉलरशिप नहीं मिलता है, तो उसे संगोष्ठी में भाग लेने से संबंधित खर्च में सहयोग पर विचार किया जाएगा। शोधार्थियों ने बताया कि 6 महीना का कोर्स वर्क पूरा करने में दो वर्ष लग जाते हैं। इस पर कुलपति ने आश्वासन दिया कि अब यह 6 महीने से एक साल के भीतर पूर्ण होगा। कोर्स वर्क के अंक पत्र में अब दो क्रेडिट का भी उल्लेख होगा। प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा ने बताया कि उन्हें प्लेगियारिज्म परीक्षण से संबंधित शिकायतें मिली है। यह जवाबदेही एक मैडम को दी गई है। अब एक दिन में प्लेगियारिज्म प्रतिवेदन प्राप्त होगा। अब शोध आलेख का भी प्लेगियारिज्म परीक्षण संभव होगा। बताया कि पीएचडी परिनियम से संबंधित बहुत से विषय है जो स्पष्ट नहीं है तथा लागू नहीं है। इससे भी शोधार्थियों को कठिनाई हो रही है। वह जल्द विद्वत परिषद की बैठक में इस समस्या का समाधान करेंगे। शोध संबंधी सभी कार्य शोध परिनियम के तहत ही संचालित किए जाएंगे। शोधार्थियों के साथ संवाद के दरमियान एक समय कुलपति अचानक जानना चाहे की शिक्षाशास्त्र विभाग से कौन-कौन शोधार्थी यहां उपस्थित है। ज्ञात हो की कुलपति खुद शिक्षाशास्त्र विषय से हैं। इस पर उनको बताया गया की शिक्षाशास्त्र विभाग में शोध नहीं होते हैं। कुलपति ने आश्वासन दिया की बहुत जल्द ऐसे विषयों में भी पीएचडी शोध प्रारंभ की जाएगी। ज्ञात हो की कई बार विद्वत परिषद की बैठक में इस बात को उठाए जाने के बावजूद इस पर कोई ठोस पहल अब तक नहीं हुए हैं। बहरहाल विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र के विद्यार्थी आसपास के निजी विश्वविद्यालय में पीएचडी शोध करने को विवश है। शोध के क्षेत्र में नैक मूल्यांकन में कम अंक प्राप्त करने का यह भी एक प्रमुख कारण था।

## संक्षिप्त खबरें

### शशि प्रकाश सिंह ने हजारीबाग के 138 वें उपायुक्त के रूप में लिया पदभार



**हजारीबाग :** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी शशि प्रकाश सिंह, आईएएस ने हजारीबाग के 138वें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। आज 27 मई को निवर्तमान उपायुक्त नैंसी सहाय ने उपायुक्त वेश्म में उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा अपना प्रभार सौंपा। अपना प्रभार सौंपने के उपरांत निवर्तमान उपायुक्त नैंसी सहाय ने मीडिया से अपने 3 वर्ष और 3 माह के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मेरा यह कार्यकाल व्यक्तिगत रूप से यादगार रहा है, हमने मिलकर चुनाव कराया, चार रामनवमी कराने का अवसर प्राप्त हुआ। सभी अधिकारियों, मीडिया जिलेवासियों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने सभी का आभार जताया और शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के उपरांत हजारीबाग के नए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह मीडिया से मुखातिब हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकताओं में होगा।

### आठ करोड़ लागत राशि से सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**बड़कागांव :** बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने बड़कागांव प्रखंड के चार महत्वपूर्ण सड़कों का लगभग 8 करोड रुपए के लागत राशि से सुदृढ़ीकरण कार्य का आधारशिला रखा। जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम काण्डतरी से बुढ़वा महादेव तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लंबाई 2.400 किलोमीटर)। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम नापोखुर्द से असनाटांड़ तक सुदृढ़ीकरण कार्य (लंबाई 2.750 किलोमीटर)। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम अंगो आरईओ रोड से कमार्टांड़ बाघपंजा होते हुए कोयलग सरना बगाही तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लंबाई 4.225 किलोमीटर) ।ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम लुरुंगा में रोड से आदिवासी टोला होते हुए लोटवा टांड़ चानों तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य लंबाई (3.400 किलोमीटर) मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि यह आपके गांव की सड़क है आपके विकास में यही सड़क है तेजी लाएंगे इसलिए आप सभी ग्रामीण अपने उपस्थिति में इसे सही तरीके से सड़क को बनवाएं ताकि आने वाले दिनों में आपको किसी भी प्रकार के कोई समस्या ना हो। कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो। मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख वचनदेव कुमार,आजसू केंद्रीय सचिव कालेश्वर गंझू, नागेश्वर तुरी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी,मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, कृष्णा राम,मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद्र कुमार उर्फ ज्ञानी, बढन तुरी, प्रदीप महतो,मंगल तुरी, नारायण प्रसाद, जितेंद्र कुमार, रामदास तुरी, मिथलेश साव, मेवालाल नाग, अमन गंझू,दिनेश कुमार, मुरली महतो , महेंद्र महतो, सुधीर महतो, कृष्णा राम, मेवा लाल ठाकुर,सुनील उरांव, लक्ष्मण कुमार, संतोष कुमार, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, समेत भारी संख्या में भाजपा आजसू कार्यकर्ता एवं सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### मैट्रिक परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने लहराया परचम, प्रखंड टॉपर बनी अंशु मेहता



**हजारीबाग :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पदमा और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, सदर की सभी छात्राओं ने परचम लहराया बताते चलें कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पदमा की सभी 50 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, सदर की सभी 19 छात्राएं भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। यह छात्राओं की मेहनत, समर्पण और विद्यालय के शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम है। वहीं पदमा के राम नारायण प्लस टू विद्यालय के 246 छात्र छात्राओं में से 207 प्रथम 36 द्वितीय और 1 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं ' प्रथम स्थान-अंशु मेहता-468(93.6 प्रतिशत) दूसरा स्थान -महकश प्रवीण- 462(92.4प्रतिशत) तीसरा स्थान-हैप्पी कुमार और सोनाली कुमारी- 452 (90.4) परीक्षा परिणाम को लेकर पूरे प्रखंड क्षेत्र में हर्ष का माहौल है सभी छात्र छात्राओं ने सफलता का श्रेय अपने माता पिता गुरुजनों को दिया है परीक्षा के शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन मेनका मेहता ने कहा कि उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं और आशा करती हूं कि आप सभी अपने जीवन में आगे भी इसी तरह की सफलता प्राप्त करेंगी।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई अवैध पत्थर-कोयला परिवहन करते ट्रक किया जब्त



**चौपारण :** पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर बीती रात्रि चौपारण रेंज क्षेत्र में वन विभाग की विशेष गश्ती टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सहायक वन संरक्षक ए. के. परमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत अवैध रूप से पत्थर-कोयला का परिवहन कर रहे एक 14 चक्का ट्रक (संख्या जेएच02बीएम5575 को जब्त किया गया। जब्त ट्रक को चौपारण रेंज कार्यालय लाया गया, जहां कागजातों की जांच के उपरांत संबंधित वाहन के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वन वाद की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। गश्ती दल में प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी बीरेन्द्र कुमार, कृष्णा प्रसाद महतो, गृह रक्षक उमेश कुमार, अशोक कुमार, चालक सुखदेव यादव समेत अन्य वन कर्मी शामिल थे। वन विभाग की यह सक्रियता अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# एक नजर

## जस्टिस तरलोक सिंह चौहान होंगे झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**रांची :** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की है। सोमवार को आयोजित कॉलेजियम की बैठक में झारखंड सहित मध्य प्रदेश, दिल्ली और पटना हाईकोर्ट के लिए भी मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की गई। जस्टिस चौहान का जन्म 9 जनवरी 1964 को हिमाचल प्रदेश के शिमला ज़िले के रोहडू क्षेत्र में हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा बिशप कॉटन स्कूल, शिमला से प्राप्त की, जहाँ वे स्कूल कैप्टन भी रहे। इसके बाद उन्होंने डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ से ऑनर्स के साथ स्नातक किया और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से कानून की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 1989 में वकालत की शुरूआत करने के बाद वे वरिष्ठ अधिवक्ता लाला छबील दास के प्रतिष्ठित चैंबर से जुड़े। उन्होंने हिमाचल हाईकोर्ट में विभिन्न कानूनी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल की और राज्य विद्युत बोर्ड, नागरिक आपूर्ति निगम सहित कई संस्थानों के कानूनी सलाहकार के रूप में सेवाएं दीं। अपने न्यायिक करियर में उन्होंने 23 फरवरी 2014 को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में और 30 नवंबर 2014 को उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वे दो अवसरों पर हिमाचल हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं। जस्टिस चौहान 12 नवंबर 2016 से हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी शिमला की कार्यकारी परिषद और गवर्निंग काउंसिल के सदस्य भी रहे हैं। 18 नवंबर 2018 से 13 मार्च 2020 तक उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वे उच्च न्यायालय में कंप्यूटर और ई-कोर्ट समिति के अध्यक्ष भी रहे और उनके नेतृत्व में न्यायालयों के डिजिटलीकरण को नई दिशा मिली।

## ठेला पर कपड़ा बेचने वाले की बेटी बनी रांची टॉपर



**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों में छात्राओं ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। खासकर रांची जिले की तहरीन फातमा ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को गर्व हुआ है। तहरीन का पारिवारिक पृष्ठभूमि बेहद साधारण है। उनके पिता ठेले पर कपड़ों की दुकान चलाते हैं। उनके पिता ने सीमित आय के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। माता-पिता की कड़ी मेहनत और समर्थन का ही परिणाम है कि तहरीन इस मुकाम तक पहुंची हैं। टॉपर तहरीन बताती हैं कि उन्होंने मोबाइल फोन का उपयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए किया और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी। तहरीन ने बताया कि नियमित्तता, अनुशासन और आत्मनिर्भर अध्ययन उनकी सफलता की कुंजी रही। तहरीन को स्कूल और शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग मिला। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर तहरीन ने बताया कि वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर तकनीकी क्षेत्र में देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। तहरीन के पिता अब्दुल रहमान ने कहा कि एक ठेले पर कपड़ों की वह दुकान चलाते हैं। उन्होंने कहा कि दुकान से जो भी आमदनी होती है, वह बेटियों के पढ़ाई पर खर्च करते हैं। उनकी तीन बेटियां हैं और तीनों होनहार हैं।

# मैट्रिक परीक्षा में 1.20 लाख लड़कियां और एक लाख 650 लड़के प्रथम श्रेणी से पास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में भी लड़कियां लड़कों से आगे रहीं। राज्य भर में एक लाख 20 हजार 390 लड़कियां प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुईं। वहीं प्रथम श्रेणी से पास होनेवाले लड़कों की संख्या एक लाख 650 है। वहीं द्वितीय श्रेणी में भी लडकियां लडकों से आगे रहीं। राज्य में 82 हजार छह लड़कियां द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुईं, जबकि द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण होनेवाले लड़कों की संख्या 75 हजार 188 है। वहीं राजधानी रांची में 7653 लडके और 11063 लड़कियां प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुईं। वहीं 5778 लडके और 5162 लडकियां द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुईं। इसी तरह गुमला में लडके 2726 और 3757 लडकियां प्रथम तथा 2507 लडके और 2959 लडकियां द्वितीय श्रेणी से पास हुईं। इसी तरह लोहरदगा में 1226 लड़के और 2035 लड़कियां प्रथम, जबकि 1156 लडके और 1336 लडकियां द्वितीय श्रेणी से, सिमडेगा में 1030 लड़के और 1858 लडकियां प्रथम और 1524 लडके और 1768 लडकियां द्वितीय श्रेणी से, खूंटी में 1104 लडके और 1850 लडकियां, जबकि 1107 लडके और 1003 लडकियां द्वितीय श्रेणी से पास हुईं। इसके अलावा हजारीबाग में 7207 लड़के और 8776 लड़कियां, जबकि 3884 लड़के और 3849 लड़कियां द्वितीय श्रेणी से, गिरिडीह में 10842 लड़के 11286 लड़कियां, 6365 लड़के और 7636 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, 6005 लड़के और 7374 लडकियां प्रथम और 5189 लड़के और 5527 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, चतरा में 4139 लड़के और 4842 लड़कियां, 3049 लड़के और 3726 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, बोकारो में 6531 लड़के और 7530 लड़कियां, जबकि 4115 लड़के और 3954 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, कोडरमा में 3709 लड़के और 3962 लड़कियां, जबकि 1999 लड़के और 2325 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, रामगढ में 2719 लड़के, 3288 लड़कियां प्रथम और 2059 लड़के और 2072 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, पलामू में 9452 लड़के और 10436 लड़कियां, जबकि 5194 लड़के और 5730 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, गढवा में 4275 लड़के, 4690 लड़कियां, 4270 लड़के और 5091 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, लातेहार 2454 लड़के और 3234 लड़कियां प्रथम और 2264 लड़के और 2419 लड़कियां द्वितीय श्रेणी, जामताडा 2091 लड़के और 2402 लड़कियां प्रथम और 1810 लड़के तथा 2984 लड़कियां द्वितीय, पूर्वी सिंहभूम 5338 लड़के और 6769 लड़कियां और 4084 लड़के और 3562 लड़कियां द्वितीय, जबकि द्वितीय श्रेणी से 2210 लड़के और 2248 लड़कियां उतीर्ण हुईं।




## 10वीं के रिजल्ट में इंदिरा गांधी बालिका स्कूल की छात्राओं का दबदबा, गीतांजलि बनी स्टेट टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप 10 में दबदबा बनाया है। राज्य के टॉप 10 विद्यार्थियों में से सात इसी स्कूल से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की गीतांजलि 98.60 प्रतिशत (493 अंक) के साथ पहला स्थान यानी स्टेट टॉपर बनी हैं। वहीं इसी स्कूाल की रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और अमर कुमार ने 491 अंकों के साथ (98.20 प्रतिशत) संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अमर कुमार प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी 489 अंकों के साथ (97.80 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि श्रेया कुमारी और साक्षी कुमारी ने 488 अंकों के साथ (97.60 प्रतिशत) प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनाई है। वहीं 10 वीं के अन्य टॉपर्स में विकास प्रमाणिक (प्रॉप हाई स्कूल, बाघमारा, बलियापुर) ने 489 अंकों के साथ (97.80 प्रतिशत) और शुभम कुमार पात्रा (प्लस टू आदिवासी हाई स्कूल, बांगुड़दा) ने 487 अंकों के साथ (97.40 प्रतिशत) प्राप्त किए हैं। रिजल्ट शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से जारी किया। मौके पर उन्होंने 10 वीं की बेहतर रिजल्ट पर खुशी प्रकट की और सभी टॉपर और उतीर्ण हुए छात्र-छात्राओं, उनके शिक्षक और अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की भी कामना की।टॉपर रहे छात्र-छात्राओं के विद्यालयों के प्रबंधन और शिक्षकों ने भी छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि 4,33944 कुल परीक्षार्थी इस परीक्षा के लिए आवेदन दिया था, जिसमें 4,31488 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 3,95755 परीक्षार्थी सफल हुए हैं।



## पति ने की पत्नी और दो बच्चों की हत्या, फरार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के धूप बस्ती में रहने वाले रवि लोहरा नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर दी। तीनों की हत्या करने के बाद आरोपित फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार रवि लोहरा ने सबसे पहले अपनी 29 वर्षीय पत्नी रेणु देवी को मारा, उसके बाद चार साल और पांच साल के दो बच्चों को भी मार डाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि रवि लोहरा अपने ससुराल में ही रहा करता था। मंगलवार अहले सुबह मामूली से विवाद में रवि लोहरा ने मसाला कूटने वाले सिलबट्टा से अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों को मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही मैकलुस्कीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर रवि लोहरा फरार हो गया है। उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है।

## रांची में अड्डेबाजी के खिलाफ चलाया गया अभियान




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में सोमवार की देर रात अड्डेबाजी और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस ने कोतवाली, हिंदपीढ़ी, डेली मार्केट और सुखदेवनगर थाना क्षेत्रों के विभिन्न मोहल्लों और गलियों में पैदल गश्ती कर स्थिति का जायजा लिया। अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। इस अभियान में कोतवाली, डेली मार्केट, सुखदेवनगर, महिला थाना और हिंदपीढ़ी थाना के थाना प्रभारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी सार्वजनिक स्थान पर होने वाली अड्डेबाजी की सूचना पुलिस को तुरंत दें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है या कहीं भी अड्डेबाजी करता नजर आता है, तो उसकी जानकारी साझा करें। पुलिस तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

## मोरहाबादी वेंडर मार्केट बना फुटपाथ दुकानदारों का नया ठिकाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों को लंबे समय से प्रतीक्षित वेंडर मार्केट में अब नया और स्थायी ठिकाना मिल गया है। नगर निगम द्वारा किए गए आवंटन के बाद दुकानदारों को अब व्यवस्थित स्थान मिलेगा। हालांकि, यह प्रक्रिया शुरू से ही संघर्षों और विरोध से घिरी रही। फल-सब्जी और फूड मार्केट को अलग-अलग बसाने की मांग को लेकर दुकानदारों ने सोमवार सुबह लॉटरी आवंटन का बहिष्कार किया। मोरहाबादी दुकानदार संघ के अध्यक्ष कुमार रौशन के नेतृत्व में दुकानदार नगर निगम कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बावजूद कोई भी दुकानदार लॉटरी स्थल तक नहीं पहुँचा। स्थिति को संभालने के लिए अपर नगर प्रशासक संजय कुमार ने एक प्रतिनिधिमंडल को धरने पर बैठे दुकानदारों से वार्ता के लिए भेजा। इसके बाद प्रतिनिधियों को द्वितीय तल स्थित उनके कार्यालय में बुलाया गया, जहां शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से समाधान निकाला गया। दो प्रमुख मांगों पर बनी सहमति दुकानदारों की दो प्रमुख मांगों पर नगर निगम प्रशासन ने मौखिक सहमति दी। फल-सब्जी एवं फूड मार्केट का पृथक्करणः वेंडर मार्केट परिसर में दीवार के माध्यम से इन दोनों सेक्टरों को अलग किया जाएगा। सब्जी विक्रेताओं को संस्कार होटल के सामने गेट खोलकर प्रवेश दिया जाएगा। जिन दुकानदारों का नाम सूची में नहीं आया है, उनके लिए दोबारा आवेदन लिए जाएंगे। झारखंड सरकार अथवा नगर निगम द्वारा जारी दस्तावेज के आधार पर 15 मार्च 2022 से पहले वेंडिंग करने वालों को शामिल किया जाएगा। समझौते के बाद सभी दुकानदार आठवें तल्ले स्थित आवंटन स्थल पहुंचे और लॉटरी प्रक्रिया में भाग लिया।



# आयुष्मान भारत योजना की सुविधा को खत्म करने में जुटी सरकार : बाबूलाल मरांडी


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दो प्रमुख मुद्दों पर हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। हेमंत सरकार की ओर से राज्य की जनता को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित किए जाने पर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत सरकार की अनूठी पहल है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड की धरती से ही लॉन्च किया था, वह आज झारखंड में शिथिल पड़ी हुई है। मरांडी मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गरीबों को पांच लाख तक के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना के प्रावधान के तहत केंद्र सरकार की भागीदारी 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की 40 प्रतिशत होती है। यदि राज्य सरकार इसे अपने राज्य की योजना में अलग नाम से चलाती है, तो यह अनुपात 40:60 का हो जाता है। आज झारखंड में यह मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत इसी अनुपात में चल रहा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के प्रावधान के तहत लाल कार्ड,पीला कार्ड और हरा कार्डधारियों के साथ राज्य के कर्मचारी, पेंशनधारी सहित पत्रकार, वकील आदि भी इसमें शामिल हैं। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार ने वाहवाही के लिए घोषणाएं तो खूब की हैं, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। आज सरकार के निर्णयों से जनता परेशान है। हेमंत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए 30 बेड के हॉस्पिटल और शहरी क्षेत्र के लिए 50 बेड की अनिवार्यता सुनिश्चित की है । जबकि ग्रामीण के लिए यह नियम कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में 30 बेड के हॉस्पिटल उपलब्ध नहीं है। जबकि भारत सरकार के निर्णयों में 10 बेड के हॉस्पिटल का प्रावधान किया गया है। ऐसे में यह सरकार अपने निर्णयों से बड़े अस्पतालों को लाभान्वित करना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इतना ही नहीं, राज्य में जो 750 हॉस्पिटल मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना में सूचीबद्ध हैं, जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार 538 हॉस्पिटल का भुगतान फरवरी 2025 से नहीं हुआ है और 212 हॉस्पिटल का पिछले 10 महीने से बकाया भुगतान नहीं हुआ । ऐसे में सूचीबद्ध अस्पतालों ने राज्य सरकार को त्राहिमाम संदेश भेजकर गरीबों का इलाज इस योजना के तहत बंद कर दिया है। आज गरीब जनता इलाज के लिए दर-दर भटक रही है और जान बचाने के लिए महंगे इलाज कराने के लिए विवश है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश और जिला स्तर पर शिकायत निवारण समितियां भी गठित हैं, जिनकी बैठकें भी नहीं होती हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का बयान भी बेतुका आता है। वे इस लचर व्यवस्था के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दोषी ठहराते हैं, जबकि ईडी ने कभी किसी हॉस्पिटल पर छापेमारी नहीं की।




# संक्षिप्त खबरें

## झारखंड में प्री मॉनसून की बारिश से मौसम हुआ सुहावना



**रांची :** झारखंड के अधिकांश जिलों में हो रही प्री मॉनसून की बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। बारिश होने से रांची सहित सभी जिलों में अधिकतम औसत तापमान कम हो गया है। रांची में मंगलवार को औसत तापमान 5.1 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे ढ़क गर्म रहनेवाले डालटेनगंज में भी 5.3, जमशेदपुर में 3.6,, बोकारो में 6.2 तथा चाईबासा में औसत तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। इधर, मौसम विभाग ने 30 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में 60 मिमी रिकॉर्ड की गई। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.6, जमशेदपुर में 34.2, डालटेनगंज में 35.4, बोकारो में 34.5 डिग्री और चाईबासा में 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ ने शुरू किया दस दिवसीय स्वस्थ पर्यावरण, सुरक्षित भविष्य अभियान





**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ (खएरअ) द्वारा स्वस्थ पर्यावरण, सुरक्षित भविष्यह्व थीम पर आधारित दस दिवसीय राज्यव्यापी जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 27 मई से 5 जून तक झारखंड के विभिन्न जिलों में चलेगा, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना है। अभियान की शुरूआत राजधानी रांची में लकड़ा गोदाम स्थित संघ के कार्यालय से हुई, जहाँ वृक्षारोपण और कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संघ के महासचिव राहुल कुमार ने कहा कि राज्य में जलवायु परिवर्तन की तीव्रता चिंताजनक है। अभियंता समाज इस दिशा में गंभीरता से काम करने को तत्पर है और यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान जल, जंगल और जमीन से है और यह अभियान इस विरासत को संजोने की दिशा में एक मजबूत कदम है। आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने हेतु हमें आज ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे, उन्होंने कहा। इस अभियान में राज्य की अन्य अंचलीय समितियाँ जैसे दुमका, मेदिनीनगर, हजारीबाग और जमशेदपुर भी सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। ये समितियां भी वृक्षारोपण व कपड़े के थैलों के वितरण के माध्यम से आम जनता को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत करा रही हैं। कार्यक्रम में कई गणमान्य अभियंता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें संजीव कुमार, समरेंद्र प्रसाद, लोकेश रंजन, अंशुमन प्रकाश, अमन प्रसाद, प्रियंका सिन्हा, दामिनी पंडित, पंकज कुमार, अनुराग नारायण, मनीष और पीयूष प्रताप प्रमुख हैं। संघ का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया है, जो समाज को एक हरित, स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य की ओर अग्रसर करने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

## ओरमांझी जू में जल्द आएंगे नये मेहमान रायपुर से लाया जाएगा शेर-शेरनी

**रांची :** भगवान बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी में जल्द ही शेरों की दहाड़ गूंजेगी। नंदन वन, रायपुर और बिरसा जैविक उद्यान के बीच एक शेर और एक शेरनी के आदान-प्रदान को लेकर औपचारिक समझौता हो गया है। इस समझौते को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। यदि सब कुछ नियोजित रूप से आगे बढ़ा, तो जुलाई के पहले सप्ताह में यह शेरों का जोड़ा रांची पहुंच जाएगा। बिरसा जू द्वारा इसके बदले रायपुर के नंदन वन को एक जोड़ा साहिल, एक जोड़ा हायना और एक जोड़ा घड़ियाल प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में बिरसा जू में एकमात्र शेर 'शशांक' मौजूद है। जू के पशु चिकित्सक डॉ. ओमप्रकाश साहू ने जानकारी दी कि यह स्थानांतरण केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के आदेश पर दोनों उद्यानों के बीच हुए परस्पर समझौते के अंतर्गत किया जा रहा है।गौरतलब है कि तीन दिन पहले ही भगवान बिरसा जैविक उद्यान की शेरनी 'प्रियंका' की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद शेरों की संख्या घटकर एक रह गई थी। नए शेर-शेरनी के आने से न केवल प्राणी उद्यान की शोभा बढ़ेगी, बल्कि वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

## खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान संपन्न



**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज प्रात: 5:00 बजे मंदिर के पट खोले गए 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद बाबा श्याम का महास्नान के लिए मुख्य मंड के पर्दे लगा दिए गए। मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का अमावस्या महास्नान अनुष्ठान विधिवत रूप से संपन्न कराया। दूध दही घी गंगाजल शुद्ध जल के मिश्रण से वैदिक मित्रों के उच्चारण के साथ बाबा श्याम का महास्नान अनुष्ठान संपन्न कराया गया । इसके बाद कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा पीला गेंदा लाल गेंदा गुल बाहर मुर्गन फुल तुलसीदल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अद्भुत श्रंगार मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने किया । रुक इत्र से बाबा श्याम का मसाज किया गया। बाबा श्याम को आज नवीन पोशाक पहनाकर श्यामल रूप में सजाया गया एवं पंचमेवा का प्रसाद चढ़ाया गया। श्रृंगार आरती के समय भक्तों की भीड़ बाबा के श्यामल रूप को देखकर भाव विभोर हो रही थे श्रृंगार आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित हुए । इस अवसर पर मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा विमल मुरारका श्यामसुंदर जोशी कौशल चौधरी आदि ने बाबा के जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम का गायन कर अपनी मनोकामना अर्जी लगाई। जयंत कुमार मंजू सिंह आशीष रंजन अंजली कुमारी आध्या ने नवीन पोशाक की सेवा निवेदित की। श्री आलोक गोयनका , श्रीमती स्नेहा गोयनका ने सपरिवार बाबा श्याम को पंचमेवा ,फल, केशरिया पेड़ा, चुरम ,का भोग अर्पित किया। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 155 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। महावीर विक्रम बजरंगी कुमति निवार सुमति के संगी के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था।

## एक नजर

### ठेका कार्य में लगे मुंशी अपहरण कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**बोकारो** : चतरोचट्टी थाना कांड संख्या 02/2025 धारा संख्या 140 ( 2 )/3 ( 5 ) में मुंशी सजीव झा के अपहरण मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त महावीर सोरेन को 25 मई 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। महावीर सोरेन उम्र 40 वर्ष, पिता गोकुल सोरेन, चुरचू, पोस्ट बेडम, थाना टाटीझरिया, जिला हजारीबाग का रहने वाला है। इसमें चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक कुमार और टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में छापामारी की गई। थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर महावीर सोरेन को गिरफ्तार किया गया` इस मामले में पुलिस ने लगातार छापामारी किया और कई अपराधियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ,इसके साथ ही इस मामले में शेष बचे अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गौरतलब है कि बीते एक जनवरी 2025 को घटित किया गया था,जिसमें कोनी नदी (नरकंडी)पर बन रहे पुल में कार्यरत मुंशी संजीव झा को फिरौती मांगने के उद्देश्य से अपहरण कर लिया गया था।

### फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का मुखिया ने किया शिलान्यास



**बोकारो** : चंदनकियारी के मोहाल पूर्वी अंतर्गत सिंदूरपुर टोला और मुस्लिम टोला में पंद्रहवें वित्त आयोग मद से फेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया शीतल कुमार सिंह व ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया,मौके पर उन्होंने कहा की बरसात के मौसम में लोगो को आवाजाही में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था ग्रामीणों द्वारा बार बार फेवर ब्लॉक लगाने की मांग की जा रही थी जिसको देखते हुए आज शिलान्याश किया गया,वही उन्होंने संवेदक से गुणवत्ता युक्त काम करने की बात कही,मौके पर उप मुखिया विधान चंद्र चटर्जी मोहीव साई गुरुपद रजक एक्का कालिंदी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ईएसएल स्टील लिमिटेड ने एमबीए छात्रों के लिए औद्योगिक दौरे का किया आयोजन

**बोकारो** : ईएसएल स्टील लिमिटेड, जो वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी है, ने विनोबा भावे कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए छात्रों के लिए एक पर्यवेक्षित औद्योगिक दौरे का आयोजन किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को स्टील निर्माण प्रक्रिया और प्लांट में अपनाई जा रही सुरक्षा प्रणालियों की व्यावहारिक जानकारी देना था। इस दौरे में 45 छात्र और 3 संकाय सदस्य शामिल हुए। शुरूआत सुरक्षा परिचय और वीडियो ब्रीफिंग से हुई, जिससे प्रतिभागियों को संयंत्र के सुरक्षा प्रोटोकॉल से अवगत कराया गया। इसके बाद छात्रों को बार रॉड मिल और वायर रॉड मिल सहित प्रमुख उत्पादन इकाइयों का दौरा कराया गया। सभी को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (ढढए) उपलब्ध कराए गए, जो सुरक्षा के प्रति ईएसएल की गंभीर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, हम मानते हैं कि भविष्य की प्रतिभाओं को वास्तविक दुनिया के अनुभव देना बेहद जरूरी है।

# नेहरू बालिका उच्च विद्यालय का मैट्रिक में शत प्रतिशत रिजल्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : नेहरू बालिका उच्च विद्यालय तेतुलमारी में मैट्रिक के रिजल्ट शत प्रतिशत रिजल्ट तन्नू कुमारी 86%,लक्ष्मी कुमारी 85.4%, विद्या साहनी 84.6% अंक लेकर स्कूल टॉपर रही। विद्यालय से कुल 112 में 85 छात्राओं ने प्रथम स्थान व 26 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिये सफल छात्राओं को विद्यायल सचिव चंपा देवी प्रधानध्यापिका सीमा मिश्रा, पूर्व प्रधानध्यापिका पूर्णिमा सिंह, प्राचार्य मनोज कुमार सिंह, यदुनाथ सिंह चौधरी, ज्योति, सुधा, खुशबू, सरिता, धीरेंद्र अंबष्ठ, अनिमेश बांसवर, मेघलाल आदि ने बधाई दी।



### नेताजी एकेडमी की जया 93.2 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्कूल टॉपर

रांची : नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर, कांके के 96 विद्यार्थी झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आयोजित माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इसमें 81 बच्चों ने प्रथम तथा 11 बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की छात्रा जया मुंडा 466 (93.2 प्रतिशत) अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वहीं विद्यालय के अंकित कुमार महतो ने 464( 92.8प्रतिशत) अंक लाकर द्वितीय, शुभम कुमार साहू ने 457 (91.4 प्रतिशत) अंक लाकर तृतीय, शिवानी कुमारी ने 445 (89.0 प्रतिशत) अंक लाकर चतुर्थ, रोहित कुमार साहू ने 442 (88.4 प्रतिशत) अंक लाकर पंचम, अनुज कुमार साहू ने 440 (88.0 प्रतिशत) अंक लाकर षष्ठम, कैश अंसारी ने 437 (87.4 प्रतिशत) अंक लाकर सप्तम, अनिशा टोप्पो ने 437(87.2 प्रतिशत) अंक लाकर अष्टम, श्वेता कुमारी ने 433 (86.6 प्रतिशत) अंक लाकर नवम तथा रौशनी कुमारी 423 (84.6 प्रतिशत) अंक लाकर 10 वें स्थान पर रही। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक,14 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत, 23 विद्यार्थियों ने 70 से 79 प्रतिशत, 41 विद्यार्थियों ने 60 से 69 तथा 11 विद्यार्थियों 45 से 59 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी बच्चे मजदूर और किसान वर्ग के परिवार से आते हुए भी बच्चों के अथक परिश्रम के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं के श्रेष्ठ मार्गदर्शन और अभिभावकों के उचित संरक्षण से परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा है।

### रीया कुमारी जिला मे चौथा स्थान



**चास** : प्रखण्ड श्री महावीर जी उवि प्लस टु बिजुलिया के दसवीं परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी है। कुल सम्मिलित 514 मे उत्तीर्ण 508 है। 98.83% प्रतिशत उतीर्ण हुआ। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण 314, द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण 180 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण 14 कंपार्टमेंटल 06 है। जिला टार्पस 10 मे रीया कुमारी पिता काम देव महथा ( 477/500 अंक) को स्थान मिला। तथा विधालयय में पहला स्थान है। विधालय में दुसरी स्थान कोमल कुमारी पिता कोकन चन्द्र तिवारी (468/500 अंक) , तीसरा स्थान नीकिता कुमारी पिता सुखलाल महथा(465/500), चौथा स्थान प्राची कुमारी पिता रामदेव पाठक (464/500) ने प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक कर्मचारी तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं बिजुलिया के मुखिया समिति ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जातीय जनगणना से पहले लागू हो सरना धर्म कोड : मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जिला मुख्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित एकदिवसीय विशाल धरना में राज्य सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जब तक सरना धर्म कोड/आदिवासी धर्म कोड को लागू नहीं किया जाता, तब तक जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने केंद्र सरकार पर आदिवासियों की धार्मिक पहचान की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा से पारित सरना धर्म कोड विधेयक को केंद्र के पास भेजे पांच साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह आदिवासी समुदाय के प्रति केंद्र की उदासीनता को दशार्ता है। कार्यक्रम में चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ. रतन मांझी और अन्य नेताओं ने भी सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द पहल नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में झामुमो नेताओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। धरना में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि जातीय जनगणना से पहले आदिवासियों को धार्मिक पहचान दी जाए।

## 35वें उपायुक्त के रूप में अजय नाथ झा ने किया प्रभार ग्रहण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो के 35 वें उपायुक्त के रूप में अजय नाथ झा ने मंगलवार को निवर्तमान उपायुक्त विजया जाधव से प्रभार ग्रहण किया। नव पदस्थापित उपायुक्त ने पदभार लेने के बाद जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले के विकास के लिए किए जाने वाली कार्यों की गति में निरंतरता बनाएं रखने में सहयोग की बात कहीं। नव पदस्थापित उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता ही मेरी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास रहेगा आमजनों के साथ सभी स्टेक होल्डर, मीडियाबन्धु एवं जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों को समन्वय बेहतर तरीके से स्थापित हो , एक बेहतर प्रशासनिक माहौल बन सके। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को लाभान्वित करने का प्रयास रहेगा। प्रभार सौंपने के बाद निवर्तमान उपायुक्त विजया जाधव ने कहा की सेवा के दौरान पदाधिकारियों का पदस्थापन एवं स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। अपने सेवा के दौरान मैंने अपना शत-प्रतिशत दिया। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बोकारो के जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। वहीं, समाहरणालय सभागार में कर्मचारी संघ द्वारा पदाधिकारी/कर्मियों ने नव पदस्थापित उपायुक्त का स्वागत किया एवं निवर्तमान उपायुक्त को विदाई दी। मौके पर कार्य अवधि के दौरान अपने - अपने कार्य अनुभव को भी सभी ने साझा किया। मौके पर जिला स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी/कर्मीगण आदि उपस्थित थे।

## ईसीआरकेयू ने सभी सुपरवाइजर को ओटी देने की मांग दुहराई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने धनबाद मंडल पी एन एम बैठक में सभी विभागों के सुपरवाइजर्स को ओवरटाइम भत्ता देने की मांग पिछले कई वर्षों से उठा रखी थी, लेकिन वित्त विभाग की आपत्तियों की वजह से यह भुगतान प्रारंभ नहीं किया जा सका। वित्त विभाग ने यह तर्क रखा था कि सुपरवाइजर कटेगरी की डियूटी की प्रकृति ऐसी है कि उन्हें हर समय अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की डियूटी पर निगाह रखनी पड़ती है, उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते रहने पड़ता है और आवश्यकता होती है तो स्वयं भी कार्यस्थल पर उपस्थित होना होता है, इसलिए उनकी कोई निर्धारित रोस्टर नहीं होने के कारण उन्हें ओवरटाइम भत्ता प्रदान नहीं किया जा सकता है। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि मंडल प्रशासन के तर्क का विरोध करते हुए यह कहा था कि सभी सुपरवाइजर अपने विभाग में प्रभारी नहीं होते बल्कि कोई एक या दो सुपरवाइजर ही प्रशासन द्वारा प्रभारी के कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रतिनियुक्त होते हैं और अधिकांश पर्यवेक्षक रोस्टर डियूटी में ही रहते हैं। अतः वैसे सभी पर्यवेक्षक जो रोस्टर डियूटी में लगे हैं उन्हें उनके अतिरिक्त कार्य अवधि के लिए ओवरटाइम भत्ता पाने का अधिकार है। इस संबंध में ईसीआरकेयू ने रेल सेवक स्थापना अधिनियम 2005 का हवाला देते हुए ओवरटाइम भत्ता स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी थी फिर भी मंडलीय वित्त प्रशासन द्वारा नहीं मांगे जाने पर एआईआरएफ को इस संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा स्पष्टीकरण जारी करने के लिए अनुरोध किया था।

## झामुमो ने जातीय जनगणना में सरना कोड को शामिल करने की मांग की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : धनबाद में झामुमो केन्द्रीय कमिटी के निदेर्शानुसार धनबाद जिला समिति द्वारा जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन के नेतृत्व में सरना धर्म कोड मान्यता देते हुए आगामी जातीय जनगणना में सरना कोड को शामिल करने कि मांग को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना दिया गया। परिषद मैदान से हजारों कि संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग एवं झामुमो के कार्यकर्ता जुलूस के साथ रणधीर वर्मा चौक पहुंचे सभी ने एक स्वर में सरना धर्म कोड लागू करो, केन्द्र सरकार होश में आओ के नारों के साथ अपनी मांग को रखा।मौके पर जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने कहा कि सरना धर्म हमारी आत्मा है।इसे जनगणना में कोड न देना आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का अपमान है।केंद्र सरकार आदिवासियों की अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रही है। झामुमो इसके खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगा।मौके पर केंद्रीय मिडिया पेनेलिस्ट सह केन्द्रीय सदस्य डॉ निलम मिश्रा ने कहा कि झारखंड विधानसभा ने 2020 में सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन केंद्र सरकार अब तक चुप है। केन्द्र सरकार उक्त मांग पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं करती हैं तो झारखण्ड मुक्ति मोर्चा दिल्ली तक आंदोलन करेगी आदिवासी कि अस्मिता, संस्कृति, परम्परा केलिए हम संघर्ष करते रहेंगे। उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार सरना धर्म कोड लागू नहीं करके आदिवासियों की अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रही है और साथ ही सौतेला व्यवहार कर रही है।

# जिले के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को धनबाद के 54 वें उपायुक्त के रूप में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर उपायुक्त ने पदभार संभाला। निवर्तमान उपायुक्त ने नए उपायुक्त को शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा कि जिले की जो समस्याएं सामने आएंगी उसका इमानदारी पूर्वक समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं निवर्तमान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि धनबाद में उनका कार्यकाल संतोषजनक रहा। धनबाद में उपायुक्त के रूप में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। साथ ही कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस एवं जनता के सहयोग से लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से धनबाद में कई काम किए। मीडिया सहित अन्य माध्यमों से कई समस्याओं की जानकारियां मिलती रही। उसके समाधान की दिशा में कारगर कदम उठाए।

इसके बाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की और उनका परिचय प्राप्त किया। इस अवसर अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी पियूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चेन स्नैचिंग करते युवती को महिलाओं ने रंगेहाथ पकड़ा, पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा



**धनबाद** : सदर थाना क्षेत्र के हीरापुर तेलीपाड़ा स्थित हनुमान मंदिर में यज्ञ अनुष्ठान चल रही है। परिक्रमा कर रही महिलाओं के बीच शामिल होकर एक शातिर युवती ने चेन स्नेचिंग करने की कोशिश की। जिसमें वह असफल रही और पकड़ी गई। शातिर युवती एक महिला के चेन को दांत से काटकर भागने के प्रयास में थी। तभी महिला को पता चल गया। मौके पर भुक्तभोगी और वहां मौजूद महिलाएं भी चेन स्नेचर युवती के पीछे दौड़ पड़ी और उसे पकड़ लिया। शातिर युवती को पकड़ने के बाद पूजा मंदिर पहुंची महिलाओं ने उसकी खूब पिटाई की। सूचना पाते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद महिलाओं ने स्नैचर युवती को पुलिस के हवाले कर दिया। स्नैचर युवती की पहचान जिले के शिमलडीह निवसी के रूप में हुई है।

### कबड्डी समर कैंप के दौरान बच्चों को खेलने का दिया टिप्स



**बोकारो** : बोकारो जिला कबड्डी संघ की ओर से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पटेल चौक के पास सेक्टर 9 क्लब मैदान में किया जा रहा है। इस समर कैंप में कुल 58 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस समर कैंप का समापन 8 जून को किया जाएगा। मंगलवार को कबड्डी समर कैंप के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्णिम नारी शक्ति सुरक्षा फाउंडेशन की अध्यक्ष माया पांडे उपस्थित हुई। समर कैंप के दौरान उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए खेल को बढ़ावा देने के लिए कबड्डी खेलने का कई सुंदर टिप्स दिए और बच्चों के साथ कबड्डी भी खेली। उन्होंने बच्चों को प्यार और आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इनके साथ बोकारो जिला कबड्डी संघ के सचिव मनोज कुमार शर्मा समेत कृष्णा मालाकार, प्रेम पांडे, कृष कुमार व कन्हाई कुमार भी शामिल रहे।

### चंदनकियारी में 108 एम्बुलेंस सेवा की मनमर्जी और लापरवाही के कारण कांग्रेस नेता की मौत



**बोकारो** : जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बोकारो के उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल ने चन्दनकियारी प्रखंड 20सुत्री सदस्य जलेश्वर दास एवं काशीम काजी को लेकर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विरंची माहथा जी का चन्दनकियारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया लेकिन 108 एम्बुलेंस सेवा समय पर नहीं पंहुचने के कारण हुई मृत्यु के सम्बन्ध में जांच पड़ताल करने पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्मित प्रखंड आयुष औषधालय बंद पाया। उपस्थित लोगों से पुछने पर बताया गया कि यह औषधालय हमेशा बंद रहती है। विरंची माहथा जी के सम्बन्ध में पुछ ताछ करने पर पाया कि जिस समय उन्हें स्वास्थ्य केंद्र लाया गया उस समय ओपीडी में आयुष के डाक्टर प्रवेंद्र कुमार थे, जिन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया था लेकिन 108 एम्बुलेंस सेवा गाड़ी समय पर नहीं पंहुचा और श्री माहथा दम तोड दिए। चन्दनकियारी प्रखंड में पहले चार 108 एम्बुलेंस सेवा की गाड़ी थी और अभी वर्तमान में दो 108 एम्बुलेंस सेवा की गाड़ी है। उसमें भी 108 एम्बुलेंस सेवा के बारे चन्दनकियारी में काफी शिकायत है। डॉक्टरो का रोस्टर में भी विसंगतियां हैं। जिसे सुधारने की जरूरत है। 108 एम्बुलेंस सेवा व्यवस्था के बारे में बोकारो के परेश जी से सम्पर्क करने का किया गया लेकिन परेश जी फोन रीसिव नहीं किया। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। 108 एम्बुलेंस सेवा की समीक्षा जिला स्तर पर बहुत जरूरी महसूस किया गया। चालकों का मनमर्जी भी सामने आया जो इमरजेंसी सेवा के लिए कतई बर्दाश्त नही।

### बीएसएल के एससी-एसटी फेडरेशन में अधिकारों का विकेंद्रीकरण की है कार्य संस्कृति : शम्भु कुमार



**बोकारो** : सेल एससी–एसटी इम्प्लाईज फेडरेशन, बोकारो यूनिट ने शम्भु कुमार बोकारो यूनिट अध्यक्ष सह केन्द्रीय कमिटी सदस्य के दिशा निदेर्शानुसार आनंद कुमार रजक बोकारो यूनिट उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बोकारो स्टील प्लांट के स्टील मेलटींग शॉप – न्यू विभाग के नए मुख्य महाप्रबंधक पी॰ भी॰ आर॰ राव से एसएमएस – न्यू विभाग से संबधित मुद्दों पर वार्ता किया। पी॰ भी॰ आर॰ राव को विभाग में मुख्य महाप्रबंधक का कार्यभार संभालने पर फेडरेशन के तरफ से बधाई दी गई। कार्यस्थल पर सुरक्षा सामग्री जैसे कि सेफ़्टी शू, हीट रेजिस्टन्ट जैकेट आदि समय से वितरण और कास्टर में पेय जल एवं शौचालय निर्माण कराने की मांग की गई। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि आप सभी फेदेरेशन के सदस्य उत्पादन में अपना सहयोग करें और चूँकि आपकी सभी मांगे जायज है और सीधे उत्पादन से जुड़ी हुई है इसलिए इसे अवश्य जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। विदित हो कि फेडरेशन के पूर्व मासिक बैठक में शम्भु कुमार ने सभी विभागों को यह सुझाओ दिया था कि विभागों से संबधित मुद्दों पर विभागीय समिति ही विभागीय प्रबंधन से वार्ता करेगी क्यूंकि फेडरेशन एक लोकतान्त्रिक संगठन है और जब तक संगठन में अधिकारों का विकेंद्रीकरण नहीं होता उसमे पूर्ण लोकतंत्र नहीं रहता। आज के वार्ता में फेडरेशन से एसएमएस झ्र न्यू विभाग के ओलिवर सुरिन अध्यक्ष, अजित कुमार एंव आकाशदीप तिर्की उपाध्यक्ष, रमेश कुमार कोषाध्यक्ष, जीवन दास सचिव, आनंद कुमार एवं संदीप कुमार कार्यकारिणी सदस्य, छोटू मांझी और मीठू जी सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर जलने से चार दिनों बिजली संकट ग्रामीणों की 100 केवी ट्रांसफार्मर की मांग



**खलारी :** खलारी प्रखंड के गुलजार बाग में 63 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले चार दिनों से ग्रामीण अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर हैं। उमस भरी गर्मी और मच्छरों की भरमार ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार को हुई भारी बारिश और गर्जना के दौरान कई पेड़ गिर गए और बिजली आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो गई। बाद में कुछ क्षेत्रों में बिजली बहाल हुई, लेकिन गुलजार बाग के अधिकांश घरों में बिजली नहीं थी। इसके बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के शाहबाज अंसारी को बुलाया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर की जांच की, जिसमें यह पूरी तरह से जला पाया गया। हालांकि, सिंगल लीड कनेक्टिविटी से कुछ घरों में बिजली नाममात्र मिल रही थी। संवेदक कर्मी शाहबाज आलम ने इस बारे में एसडीओ को सूचित किया और बताया कि यह ट्रांसफार्मर वर्षों से उपयोग में था। ज्यादा लोड और मौसम की मार झेलते हुए आखिरकार यह जल गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को इस बारे में कई बार सूचना दी, लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया। बिजली की कमी ने ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इनवर्टर की बैटरी भी चार्ज न होने से लोगों की रातें अंधेरे में कट रही हैं और मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए लोगों को खलारी स्टेशन और आसपास के इलाकों में जाना पड़ रहा है।

# पवन क्रूस विद्यालय के छात्रों का जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, दी गई बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** पवन क्रूस विद्यालय पटेलनगर भुरकुंडा ने एक बार फिर से अपनी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिचय देते हुए जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के सभी 104 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक लाकर नव्या कुमारी विद्यालय की टॉपर छात्रा बनने का गौरव पाया है। वहीं 94.4 प्रतिशत अंक के साथ आईशा प्रवीण द्वितीय और 93.8 प्रतिशत अंक लाकर जानवी राज विद्यालय की थर्ड टॉपर की सूची में शामिल हुई। वहीं



अनुष्का कुमारी 93.6, अंजली कुमारी 92.6, तौसीफ रजा 92.2, रानी कुमारी 90.8, वैष्णवी शर्मा 90.6, प्रियांशी टुडू और सुनिधि कुमारी 89.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप टेन की सूची में शामिल हैं। छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस, प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमन्ती, खेल प्रशिक्षक मो. कमरूद्दीन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जीपीहाई स्कूल में रश्मि रानी मैट्रिक की परीक्षा में 93.2 प्रतिशत लाकर टॉपर बनी




**अनगड़ा :** जी पी हाई स्कूल हेसल अंगड़ा इस बार भी मैट्रिक परीक्षा में 99 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमे प्रथम स्थान 83 दुतिय श्रेणी 15 तृतीय श्रेणी 01 स्थान लाया शत प्रतिशत रिजल्ट हुआ रश्मि रानी टोटल नम्बर 466/93.2% प्रतिमा कुमारी टोटल नम्बर 464/92.8% सन्नू महतो टोटल नम्बर 461/92.2% सानिया प्रवीण टोटल नम्बर450/90% अदीबा आफरीन टोटल नम्बर 425/85% ओर 24 छात्र छात्राएं 80% से अधिक प्रतिशत लाकर स्कूल ओर गांव समाज क्षेत्र का नाम रोशन किया सभी सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल के सचिव अमर कुमार चौधरी .प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो और शिक्षक शिक्षिकाएं सभी का उज्जवल भविष्य की कामना और बधाई दिया।

## आरटीसी उच्च विद्यालय बूटी से गीरिजा कुमारी 93.8 प्रतिशत लाकर बनी स्कूल स्कूल टॉपर




**अनगड़ा :** आर० टी० सी० उच्च विद्यालय, पी०एच०ई०डी०, बुटी, राँची के जैक बोर्ड क्लास दसवीं परीक्षा-2025 में 176 विद्यार्थियों में से प्रथम श्रेणी से 135 एवं द्वितीय श्रेणी से 41 पास किया। विद्यालय के गिरिजा कुमारी 469 अंक लाकर प्रथम स्थान, पुनम कुमारो 461 अंक लाकर द्वितीय, रौशन कुमार 456 अंक लाकर तृतीय, रौनक भूतकुमार 451 अंक लाकर चतुर्थ एवं जगतपाल उराँव 450 अंक लाकर पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के निदेशक डॉ० रूद्र नारायण महतो एवं प्राचार्या डॉ० शान्ति कुमारी ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत का परिणाम बताया। गिरिजा कुमारी प्रथम, 469 अंक/93 .8%,पुनम कुमारी द्वितीय 461 अंक/92 .2%, रौशन कुमार तृतीय 456 अंक/91.2%,रौनक भूतकुमार चतुर्थ 451 अंक/90 .2% जगतपाल उराँव पंचम 450 अंक/90%

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन

**खलारी :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा जारी किये गये दसवीं मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानी राय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के कुल 60 बच्चों ने प्रथम,25 बच्चों ने द्वितीय और 8 बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रा रोशनी कुमारी ने 90 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर बनी है।

## संक्षिप्त खबरें

### द्वारिका हॉस्पिटल में 1 जून को फ्री जांच शिविर का होगा आयोजन



**अनगड़ा :** नामकोम माहिलोंग स्थित द्वारिका हॉस्पिटल में दिनांक 1 जून दिन रविवार को सुबह 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया है जांच शिविर में मुख्य रूप से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एंटोनी किस्कू एवम स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा जांच किया जाएगो जांच पर 50 % तक की छूट। आपातकालीन सेवा 24 घंटे उपलब्ध इसकी जानकारी डॉ निराला ने दिया।

### विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पिपरवार के नये थाना प्रभारी का किया स्वागत



**खलारी :** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल पिपरवार मंडल समिति के कार्यकर्ताओ ने मंगलवार को पिपरवार थाना के नये थाना प्रभारी अभय कुमार से औपचारिक मुलाकात कर पिपरवार थाना का नया थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण करने पर उनका स्वागत किया। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकताओं ने भगवा गमछा पहनाकर सम्मानित किया एवं प्रभु श्री राम दरबार का फोटो उपहार स्वरूप भेंट किया। इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र की कई समस्याओं से थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए इसके समाधान को लेकर विचार विमर्श किया ।वही थाना प्रभारी ने भी समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। इस मौके पर पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि सह विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल,व्यवसायिक संघ बचरा के अध्यक्ष सह विश्व हिंदू परिषद सेवा प्रमुख सुनील प्रसाद,जिला विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार, संरक्षक शंकर सिंह चेरो, संजय प्रसाद, छोटन बंगाली, मनोज कुमार, पप्पू सोनी, रामप्रवेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** मंगलवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में आधुनिक भारत के निमार्ता,भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने नेहरू के तस्वीर पर श्रधा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड



कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, निशाकर महतो, सैय्यद कमर आलम, सहदेव वेदिया, लखिन्द्र बड़ाईक, सईकुल, सदानंद सोनार, अल्पसंख्यक कांग्रेस रांची जिला महासचिव रमजान अंसारी, इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत और एक घायल

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन बुढ़ाम में बिंदी टांड़ निवासी धर्मेंद्र महतो अपने एक सहयोगी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जोन्हा बाजार से लौट रहे थे। इसी क्रम में मोटरसाइकिल असंतुलित होकर एक कुसुम पेड़ से टकरा गई, जिसमें धर्मेंद्र महतो(29), पिता रोहिदास महतो की घटना स्थल पर मौत हो गई तथा उनके सहयोगी की इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में चल रही है। पुलिस घटना को लेकर क्षाणवीण में जुट गई है।

## इंडाल हाई स्कूल मुरी के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन



**मुरी:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा मैट्रिक के विद्यार्थियों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है जिसमें इंडाल हाई स्कूल मुरी के बच्चों का सौ प्रतिशत रिजल्ट रहा। विद्यालय का मान बढ़ाने में अर्पित महली (93 .6%), भानु कुमारी (88 .60%), अमृता महतो (87 .80%, ) रहा। इस विद्यालय से कुल 45 बच्चों ने परीक्षा लिखा था जिसमें से 22 बच्चे प्रथम श्रेणी, चार बच्चे द्वितीय श्रेणी एवं बाकी का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ................................/ दिनांक ............................../

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 10/2025-26

1.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2.परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय:- 17.06.2025 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 18.06.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 18.06.2025 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय
6.निविदा प्राप्ति का स्थान :- क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7.कार्य की विवरणी :-

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary wall for Sainik School Tilaiya, Koderma | 4499200.00 | 5000.00 | 90000.00 | 6 Month |

नोट:- निविदा एवं परिमाण विपत्र क्रय करने की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 353560 (Building)25-26*D


# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खलारी :** आदिवासी सरना धर्म कोड की मांग को लेकर मंगलवार को रांची में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें खलारी से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस प्रदर्शन में जेएमएम नेता मुबारक अंसारी, श्याम जी महतो, सरफराज खान, कुंदन, उपेंद्र ठाकुर, अकतर खान, मिथलेश चौहान, शान खान, पवन कुमार,देवा मुंडा, पप्पू कुमार, कुंदन प्रसाद चौहान, नागेश्वर मुंडा, जीवन रजवार सहित कई अन्य लोग शामिल रहे। धरना का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार से आदिवासी धर्म सरना कोड को मान्यता देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपना था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं मिलती, तब तक आदिवासी समाज अपनी पहचान और अधिकारों के लिए आंदोलन जारी रखेगा। नेताओं ने केंद्र सरकार पर आदिवासियों की धार्मिक पहचान को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। यह धरना झारखंड समेत देशभर के आदिवासियों की अस्मिता और धार्मिक अधिकारों से जुड़ी मांगों को लेकर हो रहे आंदोलनों की कड़ी है, जिसमें सरना धर्म कोड को जनगणना में अलग से दर्ज करने की मांग प्रमुख है।

## झारखंड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता में पिपरवार के बच्चों ने लहराया परचम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खलारी :** रांची के नामकुम स्थित आचार्यकुलम विधालय संपन्न हुए 21वां झारखण्ड राज्य सीनियर वुशू प्रतियोगिता मे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोयलांचल सहित चतरा जिला का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में चतरा जिला वुशू संघ की तरफ से पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कुल 10 वुशु खिलाड़ियों ने भाग लिया,जिसमे 6 स्वर्ण पदक 3 रजत पदक और एक कास्य पदक जीतकर झारखण्ड मे चतरा जिला को दुसरा स्थान दिलाया।स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियो मे शिवम उरांव, अंकित कुमार, अविनाश गंझु, भाषकर ठाकुर, आर्यन सिंह, शीतल कुमारी का नाम शामिल है। वही विक्रम गंझु, जेठु गंझु,और



कुसुम कुमारी ने रजत पदक और पिन्टु महतो ने कास्य पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के शानदार सफलता के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथी सुनिल सुयांत ने चतरा जिला वुशु संघ के सचिव रजी. अहमद को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही जयपुर राजस्थान मे आयोजित होने वाले 35वां सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भी पदक जीतकर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने बधाई दी है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-06/2025-26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :- कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- दिनांक-03.06.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक-04.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक-04.06.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या-1,भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :-

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of Cooking Utensils and Equipment for Kitchen and Room Service Required for Operation of New Jharkhand Bhawan, Bangla Sahib Road, New Delhi | 36,54,700.00 | 74,000.00 | 5000.00 | 1Month |

8. निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0, राँची।

PR 353648 (Building) 25-26 (D)


# पिपरवार के बिलारी मे होने वाले नर्मदेश्वर रुद्र महायज्ञ महोत्सव को लेकर किया गया ध्वजारोहण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खलारी :** पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव में आगामी 3 जून से होने वाले श्री श्री 1008 नर्मदेश्वर रुद्र महायज्ञ महोत्सव को लेकर मंगलवार को ध्वजारोहण एवं नगर भ्रमण किया गया। इस मौके पर महायज्ञ समिति द्वारा श्रद्धालु भक्तों के साथ बिलारी गांव से नगर भ्रमण किया गया,जो क्षेत्र के किचटो, चिरैयाटांड़, बड़कीटांड़, बरटोला, कारो, न्यू बिजैन,बहेरा सहित अन्य जगहो का नगर भ्रमण किया। इसके बाद पूरे विधि विधान के साथ यज्ञ स्थल में ध्वजारोहण किया गया। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 3 जून से लेकर 5 जून तक बिलारी गांव में श्री श्री 1008 नर्मदेश्वर रुद्र महायज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है,जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। रांची के यज्ञाचार्य दिवाकर पाठक



की देख-रेख में महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रयागराज की कथा वाचक साध्वी जयंती शास्त्री के द्वारा कथा पेश किया जाएगा। वही वाराणसी के आचार्य कर्मकांड वैदिक सूर्यकांत त्रिपाठी, उपाचार्या अमित शास्त्री, रांची के वेदपाठी रामनिवास शास्त्री सहित अन्य विद्वान महायज्ञ में शामिल होंगे। 3 जून की सुबह 7:00 से कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की शुरूआत की जाएगी। बताया गया की 3 जून को कलश यात्रा, गणेश गौरी पंचांग पूजन, अग्नि स्थापना, मंडप प्रवेश एवं रात्रि में राम कथा का आयोजन किया जाएगा। वही 4 जून को गणेश गौरी पूजन,वेदी पूजन, हवन, महारुद्राभिषेक एवं रात्रि में श्री राम कथा,जबकि 5 जून को वेदी पूजन, हवन, महायज्ञ पूणार्हुति, भंडारा एवं रात्रि में श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष नागेश्वर महतो, उपाध्यक्ष रमेश मुंडा, जितेंद्र राम, सुनीता देवी,सचिव बिरेंद्र कुमार महतो, उपसचिव पंकज कुमार दास, संगीता देवी,सरिता देवी, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, उपकोषाध्यक्ष रूपलाल महतो, श्रवण महतो, विजयलक्ष्मी देवी को बनाया गया है। वही बसंत नारायण महतो, विमल महतो,मुंशी राम, भीम प्रकाश ठाकुर, दिलीप महतो, मुरारी सिंह, दीपन राम,सुखदेव महतो, जगन्नाथ महतो,टिकेश्वर महतो, अमर महतो, गब्बर महतो, रतन महतो, लखन महतो,अर्जुन महतो, निर्मल महतो,बबलू सागर मुंडा, बाबूलाल महतो,कामेश्वर राम, अनिल ठाकुर,अवध ठाकुर सहित अन्य लोगों को संरक्षक बनाया गया है। वहीं कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। ध्वजारोहण और नगर भ्रमण में एक समिति के अलावा काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD.
CIN: U40108JH2013SGC001704
Office of the General Manager,Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com

e-TENDER NOTICE

E-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of Work | Estimated Cost including of GST & Labour Cess (Rs.) | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 144/PR/J USNL /2025-26 | Work for Supply, Installation, Testing and commissioning of lighting pole with its accessories along with other associated work form Entry Gate of Residential area to quarters & inspection bungalow (Complete Job) at 220/132/33KV, Transmission Sub-division, Itkhori (Chatra). | Rs.36,80,264.00 | Rs. 73,700.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs.5900/- |
| 02 | 145/PR/J USNL /2025-26 | Work of Construction for Protection of Tower Footing at Loc. No.- 35, 49, 55 & 132 of 132KV D/C Giridih – Sariya Transmission Line. | Rs.38,44,516.00 | Rs.76,900.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs.5900/- |
| 03 | 146/PR/J USNL /2025-26 | Work of PCC metal laying / spreading in complete 132KV Switchyard area at 220/132/33KV GSS, Itkhori. | Rs.37,16,172.00 | Rs.74,400.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs. 5900/- |

| | |
|---|---|
| Availability of T ender Documents on website | From 03/06/2025 at 12.00 AM to 23/06/2025 upto 2:00PM |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 23/06/2025 upto 2:00PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 25/06/2025 at 04.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH |

1) e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details/clarification required in this regard please contact to the office of the undersigned (06546-270375) during office hours. NIC helpline no.- 0651-2400178.
2) Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3) The bids will be received through electronic tendering mode only.
4) No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone- V, Hazaribag

PR 353575 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

# 'हॉर्ट लैम्प' आप भी लिखिए, भले छोटा लिखिए

साहित्य सिर्फ कोरी कल्पना या फंतासी नहीं। साहित्य जीवन का यथार्थ है और हर स्वांस में रचा बसा है। कन्नड़ लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता बानू मुश्ताक की अंग्रेजी में अनूदित कृति हॉर्ट लैम्प को बुकर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह भारतीय भाषायी साहित्य के लिए बेहद गर्व और गौरव का विषय है। इससे यह साबित होता है कि लेखन किसी धर्म, भाषा, जाति और सीमा में बंधा नहीं है। आम तौर पर सर्वहारा वर्ग की पीड़ा एक जैसी होती हैं, उनकी जाति या धर्म कुछ भी हो। यह पुरस्कार भारतीय भाषाओं के लिए एक संजीवनी है। बुकर पुरस्कार भाषा के नाम पर लड़ने वाले एक सभ्य समाज के लिए साफ संदेश है। अगर भाषा का विभेद होता तो दीपा भस्थी की तरफ से कन्नड़ से अनूदित बानू मुश्ताक की सिर्फ 12 लघुकथाओं के संकलन हॉर्ट लैम्प को बुकर पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया जाता। भाषा और साहित्य सीमा से बहुत दूर है। अब तक यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार छह भारतीय लेखकों को मिल चुका है। इसके लिए बानू मुश्ताक के साथ दीपा भी बधाई की पात्र हैं, क्योंकि यह उनकी पहली अनूदित कृति है जिसे यह सम्मान मिला है। बानू मुश्ताक दक्षिण भारतीय लेखिका हैं। बानू मूलरूप से कन्नड़ में अपना लेखन करती हैं। बानू को जो बुकर पुरस्कार मिला है वह कन्नड़ में लिखी उनकी लघुकथा संग्रह से चुनी कुछ लघुकथाओं के अंग्रेजी अनुवाद पर दिया गया है। उन्होंने कुल छह लघुकथा संग्रह, एक उपन्यास, एक निबंध और एक कविता संग्रह लिखा है। उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी, तमिल, मलयालम और उर्दू में किया गया है। उन्हें इसके अलावा और भी पुरस्कार मिले हैं। साहित्य में सबसे अहम सवाल है कि आप कितना लिख रहे हैं यह मायने नहीं रखता है। वजूद इस बात का है कि आप क्या लिख रहे हैं। लिखा तो बहुत कुछ जा रहा है या बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन सबको बुकर नहीं मिला। बुकर को ध्यान में रखकर लिखना भी संभव नहीं है, क्योंकि साहित्य कोई तकनीक नहीं एक जीवंत कला है जो बगैर जीवन के जीवंत नहीं होती। बानू लंकेश पत्रिका से भी जुड़ी थीं और उन्होंने बेंगलुरु में ऑल इंडिया रेडियो में भी काम किया। बानू मुश्ताक (77) की स्कूली शिक्षा की शुरूआत भी कठिन चुनौतियों से हुई यही उनके लेखकीय जीवन की चुनौती बनी। उनका जन्म 1948 में कर्नाटक के मुस्लिम परिवार में हुआ था। शिवमोगा के कन्नड़ मिशनरी स्कूल में पिता के काफी प्रयास के बाद उनका दाखिला भी आठ साल की उम्र में इस शर्त पर हुआ था कि उन्हें छह माह में कन्नड़ को लिखना-पढ़ना आना चाहिए, नहीं तो स्कूल छोड़ना पड़ेगा। बानू एक मुस्लिम परिवार से रहीं जहां स्कूल की शर्त उनके लिए एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने कर दिखाया। मुश्ताक ने 1980 में मुस्लिम समाज में कट्टरता को कम करने के लिए काम किया। उन्होंने मस्जिदों में भी मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश की वकालत किया जिसकी वजह से उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार भी हुआ। उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। हालांकि उन्होंने स्कूलों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का समर्थन किया था, जिसका विवाद कर्नाटक के शिक्षा संस्थानों में आज भी मुद्दा है। बानू मुश्ताक ने मुस्लिम समाज में औरतों और दूसरी समस्याओं को बड़ी गहराई से परखा। ऐसी समस्याओं ने उन्हें प्रभावित किया जिसे उन्होंने कहानी या लघुकथा का आधार बनाया। लिखने का शौक उन्हें बचपन से था, उनकी पहली कहानी 26 साल की उम्र में प्रजामाता में प्रकाशित हुई। इसके बाद लेखन की दुनिया में उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जिस हॉर्ट लैम्प के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिला है उसमें 1990 से 2023 तक की लघुकथाएं हैं। इनमें मुस्लिम समाज की महिलाओं का संघर्ष दिखाया गया है। अनुवादक दीपा भस्थी भी पहली भारतीय हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है।

### सूडोकु नवताल- 7443

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7442 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# वीर सावरकर : जेल की दीवारों पर कील-कांटों से लिख दी क्रांति

**डॉ. लोकेश कुमार**

अस्पृष्यता एक पाप है, मानवता पर एक धब्बा है और कोई भी इसे उचित नहीं ठहरा सकता । यह प्रसिद्ध पंक्ति विनायक दामोदर सावरकर की थी। वे एक स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, वकील और हिन्दुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे। सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केन्द्र लंदन में ही उसके खिलाफ क्रांतिकारी आन्दोलन संगठित किया था। उन्होंने 1857 की क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम बताते हुए 1907 में लगभग 1000 पृष्ठों का इतिहास लिख डाला। उन्होंने पुस्तक 'द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस' लिखी थी, जिसको अंग्रेजों ने जब्त कर लिया था। कारण था कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार की नीतियों का वर्णन किया था।

उनका जन्म 28 मई, 1883 को महाराष्ट्र के नासिक के पास एक छोटे से गांव भंगूर में हुआ। वे अपने बड़े भाई गणेश सावरकर के साथ मिलकर 1904 में 'अभिनव भारत' नामक संस्था का निर्माण किया। सावरकर ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में एक छात्र के रूप में अपनी राजनीतिक भागीदारी जारी रखी। वे कट्टरपंथी राष्ट्रवादी नेता लोकमान्य तिलक से बहुत प्रभावित थे। तिलक भी इस युवा छात्र से इतने प्रभावित थे कि उन्हें लंदन में कानून की पढ़ाई के लिए 1906 में शिवाजी छात्रवृत्ति दिलाने में सहायता की। 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में दशहरे के दिन सावरकर ने विदेशी वस्तुओं की होली जलाकर स्वदेशी आन्दोलन की अलख जगाई। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए बहुत संघर्ष किया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर ने भारत को एक मजबूत और एकजुट राष्ट्र बनाने की अवधारणा दी , जिसे हिन्दुत्व की संज्ञा देने से भी पीछे नहीं हटे।

उन्होंने 'अखण्ड भारत' की अवधारणा को भी आगे बढ़ाया, जो भारत को एक साथ रखने और एकीकरण की बात करती है। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारों को बढ़ावा देने के लिए अपनी किशोरावस्था में ही 'मित्र मेला' युवा संगठन की स्थापना की थी, इसके माध्यम से अनेक उत्साही युवाओं को जोड़ने का काम किया था। मदनलाल धींगरा और लक्ष्मण कन्हरे जैसे क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्रोत बने, जिन्होंने विलियम कर्जन वाइली और नासिक के जिला कलेक्टर की हत्या कर भारतीयों को उनके जुल्म से आजादी दिलाई थी। लंदन में श्यामला कृष्ण वर्मा




के इंडिया हाउस को उन्होंने क्रांतिकारियों के ट्रैनिंग सेंटर में तब्दील कर दिया था। 13 मार्च, 1910 को उन्हें लंदन से गिरफ्तार किया गया । उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने हथियारों की खरीद और वितरण किया।

ब्रिटिश राज के खिलाफ युद्ध छेड़ने और देशद्रोही भाषण दिए। गिरफ्तारी के समय वे कई क्रांतिकारी ग्रंथ साथ ले जा रहे थे। जिनमें उनकी प्रतिबंधित पुस्तकें भी शामिल थीं। ब्रिटिश सरकार के पास इस बात के सबूत थे कि उन्होंने भारत में 20 ब्राउनिंग हैंडगन की तस्करी की थी, जिनमें से एक का इस्तेमाल अनंत लक्ष्मण कन्हेरे ने दिसम्बर, 1909 में नासिक जिले के कलेक्टर जैक्सन की हत्या करने में किया था।

गिरफ्तारी के बाद वे फ्रांस के मर्सेल्स में जहाज से सम्रुद में कूद कर भाग निकले थे। इसके बाद फिर अंग्रेज सरकार ने उनको गिरफ्तार कर लिया। 7 अप्रेल, 1911 में उन्हें कुख्यात अंडमान और निकोबार द्वीप जेल (जिसे कालापानी के नाम से भी जाना जाता है) में दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई । उन्होंने जेल में ही 1922 में 'इसेंशियल ऑफ हिन्दुत्व' नामक पुस्तक की रचना की। आज इसे आधुनिक हिंदुत्व का एक प्रमुख आधार माना जाता है। वे 1924 में जेल से रिहा होने के बाद शेष जीवन हिन्दू समाज को संगठित करने, महिलाओं के जीवन का उत्थान करने, अस्पृष्यता मिटाने में खपा दिया। वे हिन्दुत्व को किसी जाति और कर्मकांड में बांधने का विरोध जताते थे। उनका मानना था कि हिन्दू धर्म एक जातीय, सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान है। हिन्दू वे हैं, जो भारत को अपनी भूमि मानते हैं, जिसमें उनके पूर्वज रहते थे। साथ ही वह भूमि जिसे वे षुद्ध या पुण्यभूमि मानते हैं वह जिसके लिए भारत पितभूमि और पवित्र भूमि दोनों हैं।

### उन्होंने अस्पृष्यता के खिलाफ एक शक्तिशाली

अभियान चलाया और रत्नागिरी जिले में पतित पावन मंदिर का निर्माण कराया। इसमें दलित समुदाय के लोगों सहित सभी हिन्दुओं का स्वागत किया गया। वे तर्कसगंत से पारंपरिक आडम्बरों का विरोध जताया। जाति व्यवस्था का विरोध जताते हुए 1931 में 'हिन्दू समाज की सात बेडियां' शीर्षक लिखे अपने निबंध में वे बताते हैं कि अतीत के ऐसे आदर्शों का सबसे महत्वपूर्ण घटक जिसे हम आंख मूंदकर मानते आए हैं और जो इतिहास के कूदेदान में फेंक दिए जाने योग्य हैं, वह है कठोर जाति व्यवस्था।

स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर जब अंडमान निकोबार द्वीप की जेल में थे, उनके पास लिखने के लिए कोई कागज और पेन नहीं था। ब्रिटिश सरकार ने उनके लिए कोई कागज उपलब्ध नहीं कराया। इसके बाद भी सावरकर ने हार नहीं मानी। उन्होंने देखा कि जेल की दीवारें सफेद रंग से पुती हुई हैं, उनके पास सन के कांटे और एक लोहे की कील थी। आजादी के मतवाले कहां रुकने वाले थे, उन्होंने दीवार पर कील और कांटे से अपने विचारों को दीवार पर लिखने लगे। जेल की एक-एक दीवार एक-एक ग्रंथ बन गई। उन्होंने स्पेंसर की अज्ञेय मीमांसा को युक्तिवाद क्रम से अंकित किया। कमला महाकाव्य की रचना उन्हीं दीवारों पर अंकित की।

एक दीवार पर उन्होंने अर्थशास्त्र की महत्वपूर्ण परिभाषाएं लिखीं। हर माह कैदियों के कमरे बदले जाते थे। उनका मुख्य लक्ष्य यह था कि हर बार हर कमरे में महत्वपूर्ण विचार लिखे जाएं। उनके पढ़ने का सभी कैदियों को मौका मिले। कैदियों को नई-नई जानकारियां मिलती रहे। इन लेखों की उम्र एक साल होती थी। हर साल उनको दीवारों से पुताई करवाकर मिटा दिया जाता था। लेकिन सावरकर ने वे विचार कंठस्थ याद कर लिए थे। बहरहाल, यही कहा जा सकता है कि वीर सावरकर को वह सम्मान नहीं मिला, जो एक स्वतंत्रता सेनानी को मिलना चाहिए था। उनके देहांत पर महाराष्ट्र सरकार और केन्द्र सरकार ने शोक दिवस घोषित नहीं किया। लेकिन अब सरकार उनके किए गए स्वतंत्रता आन्दोलन को सामने लाने का प्रयास कर रही है।

**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# अहिल्यादेवी होलकर : दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासक

**ललित गर्ग**

भारतीय संस्कृति के उज्वल इतिहास के सुवर्ण पृष्ठों पर अनेक शील, शौर्य, शक्ति एवं पराक्रम संपन्न नारियों के नाम अंकित हुए हैं। शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं। ऐसी ही श्रृंखला में एक नाम है राजमाता अहिल्याबाई होलकर का, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। जन कल्याण एवं सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने अनेक कार्य किए। भारत ऐसी ही आदर्श नारी चरित्रों की गौरव-गाथा से विश्व गुरु कहलाता था। इस वर्ष 31 मई, 2025 को उनकी जन्म जयन्ती का त्रिशताब्दी दिवस है।

कभी-कभी वास्तविक जीवन की घटनाएं कहानियों से भी अधिक अद्भुत, साहसी, रोमांचकारी एवं विलक्षण होती है। सच यह भी है कि कभी-कभी जिन्दगी की किताब के किरदार कहानियों, फिल्मों एवं उपन्यासों के किरदारों से भी कहीं अधिक सशक्त और अविस्मरणीय होते हैं। लौह महिला महारानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व भी ऐसा ही है, जो उन्हें विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की पंक्ति में अग्रणी बनाता है, जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव रहा है। वे भारतीय इतिहास की एक विलक्षण, साहसी, दूरदर्शी, दार्शनिक एवं पराक्रमी नायिका है। राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में, नयी शासन-व्यवस्था स्थापित करने और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। अतीत से आज तक वे व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और प्रशासनिक कौशल के लिए जानी जाती हैं।

31 मई 1725 को जामखेड, अहमदनगर (महाराष्ट्र) के चोंडी गाँव में जन्मी अहिल्या, एक साधारण परिवार से थीं। उनके पिता मनकोजी राव शिंदे, ग्राम प्रधान थे, जिन्होंने उन्हें पढ़ना-लिखना सिखाया था। एक युवा लड़की के रूप में, उनकी सादगी और सुचरित्र के संयोजन ने, मालवा क्षेत्र के राजा मल्हार राव होलकर का ध्यान उनकी ओर आकर्षित किया। वे युवा अहिल्या से इतने प्रभावित थे कि 1733 में जब वे मुश्किल से आठ साल की भी नहीं हुई थीं, तब उन्होंने उनका विवाह अपने बेटे खंडेराव होलकर से करवा दिया। उनकी शादी के बारह साल बाद, कुम्हेर किले की घेराबंदी के दौरान, उनके पति खंडेराव की मृत्यु हो गई। अहिल्याबाई इतनी आहत हुईं कि उन्होंने सती होने का फैसला कर लिया। लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें इतना कठोर कदम उठाने से रोक लिया और अहिल्या को अपनी छत्र-छाया में लेकर, उन्हें सैन्य, राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों में प्रशिक्षित किया। राज-काज की बारीकियां समझाई।

'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। अहिल्याबाई ऐसा ही एक लाइटहाउस था यानी प्रकाश-गृह, जिसके चारों ओर रोशनदान थे, खुले वातायन थे। उनका चिंतन, शासन-व्यवस्था, संस्कृति-प्रेम, संभाषण, आचरण, सृजन, सेवा, परोपकार- ये सब ऐसे खुले वातायन थे, जिनसे निरंतर आलोक प्रस्फुटित होता रहा और पूरी मानवजाति को उपकृत किया। राजमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन अनेक संकटों एवं संघर्षों का साक्षी बना। एक के बाद एक पहाड जैसे दुःख, आघात उन्हें झेलने पड़े। 1766 में अहिल्या के ससुर मल्हार राव का भी निधन हो गया। उसके अगले ही वर्ष, उन्होंने अपने बेटे माले राव को भी खो दिया। बेटे को खोने का दुःख उन्होंने अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राज्य और अपनी प्रजा के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पेशवा से, मालवा के शासन को संभालने की अनुमति मांगी। हालांकि, कुछ अभिजातों ने इसका विरोध किया, लेकिन उन्हें सेना का समर्थन प्राप्त था। सेना को उन पर पूरी श्रद्धा और विश्वास था, क्योंकि वह सैन्य और प्रशासनिक मामलों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित थीं। उन्होंने कई मौकों पर सेना का नेतृत्व किया था और एक सच्चे योद्धा की तरह लड़ाई लड़ी थी। 1767 में, पेशवा ने अहिल्याबाई को मालवा पर अधिकार करने की अनुमति दे दी। 11 दिसंबर 1767 को वे गद्दी पर बैठीं और इंदौर की शासक बनीं। अगले 28 वर्षों तक महारानी अहिल्याबाई ने न्यायोचित, बुद्धिमत्तापूर्ण और ज्ञानपूर्वक तरीके से मालवा पर शासन किया। अहिल्याबाई के शासन के तहत, मालवा में शांति, समृद्धि, खुशहाली और स्थिरता बनी रही। साथ ही साथ उनकी राजधानी साहित्यिक, संगीतात्मक, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों के एक बेहतरीन स्थान में परिवर्तित हो गई। कवियों, कलाकारों, मूर्तिकारों और विद्वानों का उनके राज्य में स्वागत किया गया, क्योंकि वे उनके काम को बहुत सम्मान दिया करती थीं।

रानी अहिल्याबाई ने अपने समय में विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। नारी शासक के रूप उन्होंने एक छलांग लगाई, राज-व्यवस्था एवं उन्नत समाज संरचना को निर्मित करते हुए जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी थीं। वह अपनी प्रजा को अपनी संतान मानती थी। उन्होंने अपने शासनकाल में कई कानूनों को समाप्त किया, किसानों का लगान कम किया, कृषि, उद्योग धन्धों को सुविधा देकर विकास के अनेक काम किए। चोर, डाकुओं एवं अन्य अपराधियों को सही रास्ते पर लाकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उनकी जीवन दिशाएं बदली। रानी अहिल्याबाई महान परोपकारी, संवेदनशील एवं करूणामयी थी। राहगीरों, गरीबों, विकलांगों, साधु- संतों, पशु-पक्षियों, जीव-जंतुओं सभी का ध्यान रखती थी यहां तक कि अपने सैनिकों, कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी वह कभी पीछे नहीं हटी। मन्दिरों का जीर्णोद्धार, पर्यावरण एवं जलसंधारण, विधि एवं न्याय व्यवस्था, नारी सम्मान और नारी शिक्षा, व्यापार, कौशल-विकास आदि उनके शासन की विशेष उपलब्धियां बनी। अहिल्याबाई का हृदय समाज के सभी वर्गों के लिए धड़कता था।

रानी अहिल्याबाई हिन्दू धर्म की पुरोधा, उन्नायक एवं रक्षक थी। उन्होंने बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी, द्वारका, पैठण, महेश्वर, वृंदावन, सुपलेश्वर, उज्जैन, पुष्कर, पंढरपुर, चिंचवाड़, चिखलदा, आलमपुर, देवप्रयाग, राजापुर स्थानों पर मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया तथा घाट बनवाएं और धर्मशालाएं खुलवाए, जहां लोगों को प्रतिदिन भोजन मिलता था। काशी विश्वेश्वर मंदिर के साथ-साथ पूरे देश के मंदिरों का निर्माण व पुनर्निर्माण का कार्य रानी ने करवाया। त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग में तीर्थ यात्रा के लिए विश्रामगृह, अयोध्या, नासिक में भगवान श्रीराम के मंदिरों का निर्माण, सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, उज्जैन में चिंतामणि गणपति मंदिर निर्माण-ये सभी कार्य रानी ने दिल खोलकर किए हैं। उन्होंने कल्याणकारी व परोपकारी कार्यों द्वारा राष्ट्र निर्माण का महत्ती कार्य भी किया तथा देश में धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एकता कायम करने के लिए सराहनीय प्रयास किए। अहिल्याबाई ने महेश्वर में वस्त्र उद्योग भी स्थापित किया, जो वर्तमान में अपनी महेश्वरी साड़ियों के लिए बहुत प्रसिद्ध है। शासन से लेकर संस्कार तक, साहित्य से लेकर समाज-निर्माण तक अनुभव गुम्फित है। न केवल राजनीति के क्षेत्र में बल्कि व्यक्ति निर्माण एवं समाज निर्माण के क्षेत्र में भी आपके विचारों का क्रांतिकारी प्रभाव देखने को मिलता है।

'दार्शनिक महारानी' की उपाधि से सम्मानित, अहिल्याबाई का 13 अगस्त 1795 को सत्तर वर्ष की आयु में निधन हो गया। रानी अहिल्याबाई में इतिहास के गौरवशाली वीरों के गुण देखने को मिलते हैं। कोई भी महिला इतनी सर्वगुण संपन्न कैसे हो सकती है? इतिहास, वर्तमान और भविष्य में केवल एक ही नारी में इतने गुणों का समावेश होना संभव ही नहीं है। धर्माचरण, शासन प्रबंध, विद्वानों का सम्मान व न्याय, दानशीलता ,उदार धर्म नीति, भक्ति भावना, वीरता, त्याग व बलिदान, साहस, शौर्य से परिपूर्ण रानी अहिल्याबाई युगों-युगों तक अमर रहेगी।

# भारत की कूटनीति से 60 साल बाद मॉरीशस को मिला चागोस द्वीपसमूह

**संजय सक्सेना**

चागोस द्वीपसमूह पर ब्रिटेन के 60 साल पुराने कब्जे का अंत एक ऐसे ऐतिहासिक क्षण के रूप में दर्ज हुआ है, जिसने औपनिवेशिक शासन की उन स्याह परतों को मिटा दिया है, जो आजादी के इतने वर्षों बाद भी विश्व के कई हिस्सों पर छाई हुई थीं। 22 मई 2025 को ब्रिटेन और मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों कीर स्टार्मर और नवीन रामगुलाम ने एक डिजिटल समारोह में उस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे चागोस द्वीपसमूह, जिसमें डिएगो गार्सिया जैसे रणनीतिक और सैन्य दृष्टिकोण से अहम ठिकाने शामिल हैं, आधिकारिक तौर पर मॉरीशस को सौंप दिए गए। इस सौदे के पीछे एक और नाम बिना किसी शोरगुल के खड़ा रहा भारत। खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका इस पूरे कूटनीतिक घटनाक्रम में बेहद अहम और निर्णायक रही, हालांकि वह हमेशा पर्दे के पीछे ही रहे।

चागोस द्वीपसमूह की कहानी केवल भूगोल या रणनीति की नहीं, बल्कि न्याय, संप्रभुता और आत्मसम्मान की भी है। 1965 में जब मॉरीशस को ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने वाली थी, ठीक उसी वक्त ब्रिटेन ने इस द्वीपसमूह को मॉरीशस से अलग कर लिया और अपने अधीन रखा। इसके बाद हजारों स्थानीय निवासियों को जबरन उनके घरों से बेदखल किया गया और डिएगो गार्सिया द्वीप पर अमेरिका के लिए एक विशाल सैन्य अड्डा बनाया गया, जो आज भी अमेरिका के वैश्विक रणनीतिक ढांचे का अहम हिस्सा है। तब से मॉरीशस इस जमीन की वापसी की लड़ाई लड़ रहा था, जो अब जाकर सफल हुई है।

इस समझौते के तहत ब्रिटेन ने द्वीपसमूह की संप्रभुता मॉरीशस को लौटा दी है, लेकिन डिएगो गार्सिया को ब्रिटेन 99 साल की लीज पर अमेरिका के साथ मिलकर इस्तेमाल करता रहेगा। इसके बदले मॉरीशस को हर साल लगभग 101 मिलियन पाउंड की राशि दी जाएगी। यह व्यवस्था उस सैन्य संतुलन को भी बनाए रखेगी, जो हिंद महासागर में अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए रणनीतिक दृष्टि से जरूरी माना जाता है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा पहलू यह है कि आखिरकार उपनिवेशवाद के एक गहरे जख्म पर मरहम लगाया गया है।

यह समझौता यूं ही नहीं हुआ। इसके पीछे कई सालों की बातचीत, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हुई बहसें और चुपचाप की गई कूटनीति शामिल है। भारत की भूमिका यहां खासतौर पर ध्यान देने योग्य है। 2019 में जब अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इस पूरे विवाद पर अपनी परामर्शी राय दी और ब्रिटेन के कब्जे को गैरकानूनी ठहराया, तब से लेकर अब तक भारत ने लगातार मॉरीशस के दावे का समर्थन किया। चाहे वह संयुक्त राष्ट्र महासभा में हो, या हिंद महासागर के देशों के समूहों में भारत ने हर स्तर पर यह स्पष्ट किया कि चागोस मॉरीशस का अभिन्न अंग है और इसकी वापसी केवल समय की बात है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पूरे मामले को केवल एक सहयोगी देश की मदद के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे 'ग्लोबल साउथ' यानी वैश्विक दक्षिण के देशों की आवाज को मजबूत करने और औपनिवेशिक इतिहास के खिलाफ एक नैतिक पहल के रूप में लिया। यही कारण है कि इस पूरे घटनाक्रम में भारत की भूमिका तो रही, लेकिन प्रचार या राजनीतिक लाभ की कोई होड़ नहीं देखी गई। भारत ने न तो कोई बड़ा आधिकारिक बयान जारी किया और न ही इसे अपनी कूटनीतिक जीत के तौर पर पेश किया। लेकिन मॉरीशस ने इस सहयोग को पूरे दिल से स्वीकारा और खुले तौर पर प्रधानमंत्री मोदी का नाम लेकर धन्यवाद दिया।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने डिजिटल समारोह में कहा कि भारत की लगातार कूटनीतिक सहायता और भरोसे ने इस संघर्ष को मुकाम तक पहुंचाया। उनके अनुसार, चागोस की वापसी केवल भूभाग की वापसी नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान की वापसी है और इसमें भारत की भूमिका अमूल्य रही। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस समझौते को 'एक ऐतिहासिक समाधान' करार दिया और कहा कि यह हिंद महासागर क्षेत्र में स्थायित्व, सहयोग और शांति के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इस समझौते के रास्ते में एक छोटा लेकिन संवेदनशील मोड़ भी आया, जब चागोस द्वीपसमूह की एक महिला नागरिक बर्ट्रिस पोंप ने ब्रिटिश अदालत में याचिका दायर की कि यदि द्वीप मॉरीशस को सौंप दिए गए तो उन्हें वहां लौटने की अनुमति शायद न मिले। इस पर अदालत ने कुछ समय के लिए सौदे पर अस्थायी रोक लगा दी। लेकिन बाद में सुनवाई पूरी होने के बाद यह रोक हटा ली गई और समझौते पर अंततः हस्ताक्षर हो गए। डिएगो गार्सिया द्वीप की बात करें तो यह अमेरिकी सेनाओं के लिए एक बेहद अहम ठिकाना है, खासकर अफगानिस्तान, ईरान और चीन की निगरानी के लिहाज से। इसलिए यह सौदा केवल ऐतिहासिक या भावनात्मक नहीं था, बल्कि इसमें रणनीतिक और सुरक्षा की भी कई परतें शामिल थीं। यही कारण है कि इसमें संतुलन साधना बेहद जरूरी था और भारत ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई।

यह सौदा 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' यानी नए वैश्विक व्यवस्था की एक झलक भी देता है। आज जब पश्चिमी ताकतें अपने पुराने औपनिवेशिक पदचिह्नों को मिटा रही हैं, तब भारत जैसे देश सामने आकर न केवल साझेदारी निभा रहे हैं, बल्कि न्याय और नैतिक मूल्यों को केंद्र में रखकर अपनी भूमिका तय कर रहे हैं। यह केवल भूगोल का नहीं, वैश्विक मानसिकता का भी परिवर्तन है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि न्याय भले देर से मिले, लेकिन वह संभव है बशर्ते उसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर कूटनीतिक प्रयास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग हो। चागोस की वापसी न केवल मॉरीशस की जीत है, बल्कि यह उन लाखों लोगों के लिए भी एक आशा की किरण है, जिनकी जमीनें, पहचान और अधिकार औपनिवेशिक साजिशों के चलते उनसे छीन लिए गए थे।

## दैनिक पंचांग

**28 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.29 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कर्क | 08.42 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.59 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.10 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.21 बजे से |
| शुक्र | मीन में | वृश्चिक | 17.36 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.52 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 21.57 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.43 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.16 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मेष | 02.47 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.27 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 148 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 01.55 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 00.29 बजे रात्र को समाप्त। **योग** धृति 19.09 बजे को समाप्त। **करण** बालव 15.26 बजे तदनन्तर कौलव 01.55 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 28' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872358 **जूलियन दिन** 2460823.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 29 **विशेष** चंद्र दर्शन।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक | |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक | |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक | |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक | |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सरना धर्म कोड लागू होने तक जारी रहेगा आंदोलन : बीरेंद्र पाण्डेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झामुमो कोडरमा जिला अध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में झामुमो कोडरमा जिले के नेताओं ने कोडरमा जिला मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया ओर सभा को सम्बोधित किया। इसके पूर्व एक रैली कोडरमा उर्मिला चौधरी के आवास से निकाला गया। जो कोडरमा बाजार होते हुए समाहरणालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। सभा को सम्बोधित करते हुए नेताओं ने सरना धर्म कोड लागू होने तक आंदोलन जारी रखने का लिया संकल्प। धरना-प्रदर्शन केंद्रीय समिति सदस्य गंगा यादव, संजय पाण्डेय, बैजनाथ मेहता, रामेश्वर मुर्मू, रवींन्द्र शांडिल्य, निवर्तमान जिला प्रवक्ता संजय साजन, उमेश राम, अशोक सिंह, अशोक कुमार, मो नौशाद,




मो खलील, गुड़िया देवी, विश्वनाथ राय, चन्द्रदेव यादव, उमेश यादव, कमशेवर भारती, गणेश राय सहित बड़ी संख्या में झामुमो के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर कोडरमा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की सरकार ने साजिश रचकर जनगणना प्रपत्र से अन्य वाला कॉलम को हटाया है। अब हम पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अलग सरना धर्म कोड की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महागठबंधन की मांग के सामने झुकते हुए मोदी सरकार जातीय जनगणना कराने को बाध्य हुई, उसी तरह सरना धर्म कोड लागू करना होगा। वहीं केंद्रीय समिति सदस्य गंगा यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सरना-सनातन एक है की बात कर आदिवासियों का हिन्दुकरण करना चाहती है। दरअसल, भाजपा का ध्यान आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर है। उसे वह अपने उद्योगपति मित्रों में बांटना चाहती है। केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव ने भाजपा को आदिवासी विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार ने विधानसभा से पारित कराकर अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव राज्यपाल के पास भेजा था, लेकिन भाजपा इस पर चुप्पी साधे बैठी है। वहीं केंद्रीय समिति सदस्य संजय पाण्डेय ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार अलग सरना धर्म कोड की मांग पर घुटने नहीं टेक देती, तब तक पार्टी जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर आंदोलन जारी रखेगी। कोडरमा झामुमो जिला के निवर्तमान जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कहा कि हमारी मांग सरना धर्म कोड है। जिन राज्यों में आदिवासियों का कोई और नाम से धर्म है वहां उस हिसाब से आदिवासियों के लिए कोड हो। क्योंकि यह उनका मौलिक अधिकार है। सरना धर्म कोड को लेकर पवन मइकल कुजूर ने कहा कि जब जनगणना प्रपत्र से धर्म वाले कॉलम से अन्य को हटा दिया गया है तो फिर आदिवासी समुदाय क्या करेगा? इस धर्म में वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। उमेश राम ने कहा कि आंदोलन के दम पर अलग सरना धर्म कोड लेकर रहेगी।उन्होंने कहा कि हम संविधान की बात करते हैं, सामूहिकता और मेल-जोल की बात करते हैं, लेकिन यह भाजपा और उसके नेताओं को यह पसंद नहीं है। उन्हें मनुवादी और मनुस्मृति पसंद है। बैजनाथ मेहता ने कहा कि इतना आंदोलन तेज करेंगे।

## एक नजर

### बांझेडीह पावर प्लांट विस्थापितों के हक और अधिकार को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक

**जयनगर :** बाँझेडीह पावर प्लांट डुमरडीहा फोर लाइन चौक के समीप मंगलवार को सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जेएलकेएम केंद्रीय प्रवक्ता रविशंकर यादव ने किया जबकि संचालन दशरथ पासवान ने की। बैठक का उद्देश्य विस्थापित एवं प्रभावित लोगों के हक, अधिकार, रोजगार और जन समस्याओं के समाधान को लेकर रणनीति तैयार करना था। इस दौरान विस्थापित एवं प्रभावित संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया। मोर्चा के अध्यक्ष बनाए गए रविशंकर यादव ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन की वादा खिलाफी और बिचौलिया संस्कृति के खिलाफ इस मोर्चे का गठन किया गया है। आगे कहा कि 2013 में भी इसी मुद्दे को लेकर तीन महीने तक प्लांट को बंद कराकर आंदोलन किया गया था, जिसके बाद प्रबंधन के साथ समझौता हुआ और लैंड लूजरों की एक सूची बनाकर उन्हें रोजगार देने की बात तय हुई थी। लेकिन आज तक सूची के अनुसार लोगों को रोजगार नहीं मिला।कांग्रेस नेता सुरेंद्र यादव ने कहा अब जनप्रतिनिधि ठेकेदार बन गए हैं, उन्हें विस्थापितों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। वहीं झामुमो नेता दामोदर यादव ने कहा कि डीवीसी ने मुफ्त विद्यालय और अस्पताल खोलने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। फोर लाइन रोड पर प्रदूषण फैल रहा है, ओवरलोड गाड़ियों पर कोई नियंत्रण नहीं है और सीएसआर के तहत गांवों का विकास कार्य ठप पड़ा है। वही आगामी बैठक 5 जून को आयोजित की जाएगी।

### अवैध बंदोबस्ती के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

**खलारी :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र बहेरा पंचायत के मौजा ठेठांगी की गैरमजरुआ खास भूमि पर अवैध बंदोबस्ती को लेकर गांव में उबाल है।टंडवा अंचल अंतर्गत ग्राम ठेठांगी के ग्रामीणों ने खाता संख्या 01, प्लॉट संख्या 36, 60 एवं 61, कुल 16 एकड़ जमीन पर देवकी कहार, पिता शंकर कहार के वंशजों द्वारा की गई फर्जी बंदोबस्ती और जमाबंदी को रद्द करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध मे ग्रामीणों ने बताया कि 10 सितंबर 2022 और पुनः 10 मई 2025 को ग्रामसभा मुखिया रेखा कुमारी की अध्यक्षता में हुई,जिसमें सर्वसम्मति से फर्जी बंदोबस्ती रद्द करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सभी संबंधित दस्तावेज अंचल कार्यालय टंडवा, अनुमंडल कार्यालय सिमरिया एवं उपायुक्त कार्यालय चतरा को सौंपा जा चुका हैं।इस मामले को ग्रामीणों ने 11 मार्च 2025 एवं 2 मई 2025 को जनता दरबार में उपायुक्त के समक्ष आवेदन देकर अवगत कराए जाने की बात कही गई। उपायुक्त द्वारा ठेठांगी के भु स्वामियों को तीन दिन में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इधर ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर फर्जी बंदोबस्ती को रद्द नहीं किया गया तो 16वें दिन से उपायुक्त कार्यालय चतरा के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन एवं धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं होती।

### धान से लदा वाहन खेत में जा गिरा

**मुरी :** सोमवार की रात 11 बजे के करीब धान से लदा ट्रक मिजरा के पास पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक बंगाल से रांची की ओर जा रहा था इसी क्रम में सामने से आ रही मोटरसाइकिल सवार को बचाने के क्रम में ट्रक असंतुलित होकर खेत में जा गिरा। ट्रक का नंबर डब्लू बी 55 बी 3897 है।

## बासी खिचड़ी एवं सड़ा अंडा के मामले में सेविका सहायिका पर की गई कार्रवाई

प्रत्यूष नविबहार संवाददाता

**कोडरमा :** 21 मई बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र करमा मध्य कोड संख्या 226 में केंद्र के पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा सेविका, सहायिका पर बासी खिचड़ी एवं सड़ा अंडा खिलाने का आरोप लगाया गया था ।इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी डॉक्टर रेखा रानी से संपर्क किया गया । इस विषय पर डॉ रेखा रानी ने कहा कि मेरे संज्ञान में आते ही मामले की जानकारी विभागीय उच्चाधिकारी को दिया गया, साथ ही संबंधित महिला पर्यवेक्षिका अंजू कुमारी को वस्तु स्थिति जांच करने हेतु आंगनबाड़ी केंद्र तुरंत भेजा गया था । यह मामला प्रखंड विकास पदाधिकारी के संज्ञान में भी था इसलिए वो भी आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे थे । जांच के दौरान पाया गया कि उक्त तिथि को आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 11 बच्चे उपस्थित थे और सभी को पोषाहार में खिचड़ी और अंडा दिया गया था , जिसमें देखा गया कि तीन से चार बच्चे के परिजन बच्चों को उल्टी और दस्त होने का शिकायत कर रहे थे। हालांकि किसी भी बच्चे को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी । इस संबंध में सेविका, सहायिका से पूछे जाने पर इनकार कर रही हैं और इसे साजिश बता रही है । जबकि केंद्र में बासी खिचड़ी और एक सप्ताह पूर्व में खरीदा गया अंडा मिला है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कोडरमा के निर्गत जांच आदेश पत्र के आधार पर पुनः 22 मई को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी डॉ रेखा रानी द्वारा उक्त आंगनबाड़ी केंद्र का महिला पर्यवेक्षिका अंजू कुमारी के साथ निरीक्षण किया गया जिसमें देखा गया कि उक्त सभी मामले सही है। सेविका , सहायिका दोनों में आपसी मतभेद है,जिसके वजह से या घटना घटी थी, जो माफी योग्य नहीं है । ये दोनों अपने कार्य के प्रति बिल्कुल ही लापरवाह है जिसके कारण बच्चों एवं वहां के अन्य लाभार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है और पूर्व से भी सेविका ,सहायिका का लगातार शिकायत प्राप्त होते आ रहा है , कई बार इन्हें कार्यालय से चेतावनी भी दी गई है। इसके बाद भी उनके कार्य शैली में सुधार नहीं आया। इस घटना की जानकारी 22 मई को उपायुक्त महोदय के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भी दिया गया है।


## विधायक ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** विधायक अमित कुमार यादव ने अपने आवासीय कार्यालय, बरकट्ठा में जनता दरबार में दूरदराज से आए लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं क्षेत्रीय समस्याओं को रखा। जनता दर्शन में पहुंचे नागरिकों ने भूमि विवाद, ट्रांसफार्मर लगाने की मांग, एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। विधायक अमित कुमार यादव ने सभी आवेदनों को गंभीरता से पढ़ा और समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कदम उठाए। कुछ मामलों का समाधान उन्होंने मौके पर ही कर दिया, वहीं जिन मामलों का निराकरण संबंधित विभागों के माध्यम से संभव था, उन्हें अनुशंसा सहित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया। विधायक ने भरोसा दिलाया कि हर संभव प्रयास कर जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा कई प्रतिष्ठानों में किया गया छापेमारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** टोबैको कंट्रोल सेल एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, कोडरमा प्रकाश चंद्र गुग्गी की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के विभिन्न धाराओं अंतर्गत जयनगर, कोडरमा के कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी किया गया। छापामारी के दौरान कई प्रतिष्ठान तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद संबंधी पदार्थ का बिक्री करते हुए पाए गए। 30 प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया गया, जिसमें से कोटपा एक्ट 2003 के सेक्शन 6 के तहत 05 प्रतिष्ठानों में 650/- का जुमार्ना वसूला गया। साथ ही उन्हें जानकारी दी गई की 6 का साईनेज लगाया जाना जरूरी है। उन्हें बताया गया कि शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार का तंबाकू संबंधित पदार्थ का बिक्री एवं इस्तेमाल पर पूर्णतः प्रतिबन्धित है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच के दौरान जल्द से जल्द फूड लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया। साथ ही साफ सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त एफएसएसएआई लाइसेंस नहीं होने के कारण कुल 8 खाद्य प्रतिष्ठानों को नोटिस दिया गया है। मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी , जिला परामर्शी दीपेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार, आदि मौजूद थे।

## एनजीओ के बच्चों ने रचा इतिहास, पहली यूनिट टेस्ट में शत प्रतिशत परिणाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** प्रयास एन जी ओ द्वारा संचालित परियोजना पी जे वाई एस के आवासीय सैटेलाइट केंद्र रामगढ़, झारखंड में शैक्षणिक साथी डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल, मूराम कलां, रामगढ़ के मध्यम से शैक्षणिक सत्र 2025-26 की पहली यूनिट टेस्ट के परिणाम दिनांक 26.05.2025 सोमवार को घोषित किए गए हैं। इस बार के परिणामों में एक विशेष बात यह है कि सभी 25 बच्चों ने शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है, जो उनके समर्पण और मेहनत का प्रमाण है। सभी नये चेहरों ने उम्दा प्रदर्शन किया है और पुराने सभी चेहरों को भारी अंतर के साथ शिकस्त किया है। अभय करमाली कक्षा तीन ने गणित में और यशवन्त कक्षा सात ने अंग्रेजी में शत प्रतिशत अंक लाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया है। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र हर्ष कुमार (कक्षा तीन) - रैंक क्क युवराज (कक्षा सात) - रैंक क्क भीम -



80.7% (थोड़े मार्जिन से रैंक लेने में असफल) अन्य उल्लेखनीय प्रदर्शन अति कमजोर बच्चों में यशवंत कुमार का समग्र प्रदर्शन 62.1% है, लकी कुमार का 55.7%। निखिल और नरेंद्र अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। यशवंत कुमार62.1%लकी कुमार - 55.7% प्रियांशु और भीम का प्रदर्शन निरंतरता के मामले में चौंकाने वाला रहा है। पूर्व में रैंक लाने वाले छह बच्चों ने अति आत्म विश्वास और लापरवाही के कारण अपना चमक खोया है।यह उन बच्चों के लिए सीख है कि कभी अति विश्वास और आरामतलबी नहीं करना चाहिए और कछुआ और खरगोश की कहानी आज भी चरितार्थ है। बाकी बच्चों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक है। परियोजना प्रबंधक सुकाश कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सफलता केंद्र प्रभारी श्री रोहित और शिक्षिका यशोदा महोदया के अथक प्रयासों का परिणाम है। सभी 25 छात्रों का समग्र औसत स्कोर 56.16% है, जो किसी भी संगठन के लिए गर्व की बात है। सभी पी.जे.वाई.एस. सैटेलाइट सेंटर रामगढ़ के कर्मचारियों को उनके अथक प्रयास और कार्य के प्रति निष्ठा के लिए विशेष बधाई और सभी माता-पिता को उनके बच्चों के बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं।

## जवाहर बाल मंच ने नौ सूत्री मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जवाहर बाल मंच के प्रदेश मुख्य सम्यक तारिक अनवर ने उपायुक्त को 09 सूत्री मांगे जो जनहित के मुद्दे हैं एवं सरकार के राज्यों का नुकसान हो रहा है। जिसकी काफी बार आपके पत्र के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं एवं जनता के द्वारा सूचित किया गया है लेकिन उसपर किसी भी प्रकार के करवाई नहीं हुई है।इस कारण यदि दो दिनों के भीतर उसे पर कार्रवाई नहीं हुई तो मैं अपने साथियों के साथ आमरण अनशन पर रामगढ़ स्थित सुभाष चौक पर दिनांक 30/5/2025 को बैठने का काम करु गा इसको ले कर आवेदन सौंपा। बी एफ सी एल प्लांट के द्वारा अत्यधिक प्रदूषण होने के कारण प्लांट के अगल-बगल महतो टोला नई सराय रांची रोड की जनता



प्रदूषण के कारण कई गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। एवं उनके बने हुए घरों की सुंदरता के ऊपर फैक्ट्री से निकलने वाली कली चाई में घर का रौनक खत्म कर दिया है उसे क्षेत्र में ऑक्सीजन लेवल थी काम हो रहा है एवं पॉल्यूशन इंडेक्स भी काफी हाई है इसे रोकने के लिए काफी बार आवेदन दी गई है। लेकिन इस पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई प्रदूषण से मुक्त करना है। बी एफ सी एल प्लांट के द्वारा लगातार सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन टैंकर के माध्यम से दामोदर नदी से जल का उठाओ किया जा रहा है। जिससे दामोदर नदी के आसपास रहने वाले लोगों के बोरिंग का जलस्तर काम हो गया है एवं काफी की तो बोरिंग सूख गई है।यदि फैक्ट्री प्रबंधन फैक्ट्री संचालित कर रहा है। तो उसे जल की व्यवस्था स्वयं जल स्रोत के माध्यम से करना होगा यदि आपके द्वारा उसे दामोदर नदी से जल उठाओ की अनुमति दी गई है। तो उसे रोका जाए जल उठाओ दामोदर से होने के कारण रामगढ़ शहरी क्षेत्र में भी जो जल सप्लाई दामोदर नदी पर आश्रित है। उसमें भी काफी दिक्कत हो रही है जिससे कई लोग जल के अभाव में प्यासे रह रहे हैं उसे रोका जाए । रामगढ़ जिले में भारी संख्या में कोयला का अवैध खनन हो रहा है एवं अवैध खनन में आग लगने के कारण बीते कुछ दिनों पूर्व एक मजदूर की मृत्यु भी हो गई थी। तो वैसे अवैध खनन के सारे मुहाने को बंद करने के लिए काफी बार आवेदन दिया गया एवं जो अवैध खनन करवा रहे हैं उन पर कार्रवाई करने का भी आगरा आपसे किया गया। लेकिन इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई ना ही अवैध खनन करने वाले लोगों को जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है उन्हें कानूनी शिकंजे में लेकर सजा दिलाने का कार्य अभी तक नहीं किया गया उन्हें दो दिनों के भीतर उन पर कार्रवाई हो। बी एफ सी एल प्लांट के दो किलोमीटर के दायरे में जितने भी मकान आते हैं जो उसके प्रदूषण से प्रभावित होकर वहां की जनता के मकान की सुंदरीकरण खराब हुई है। उसे बी एफ सी एल प्लांट मुआवजा देकर मरम्मत कराए। 3 किलोमीटर के फैक्ट्री के दायरे में रह रहे लोगों जो प्रदूषण से प्रभावित होकर गंभीर बीमारी से ग्रसित है उन्हें चिन्हित कर फ्री मेडिकल सुविधा उपलब्ध कारण एवं उनका इलाज मुफ्त कराए। मुझ पर एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जो पूर्व में आवेदन आपको दिए हैं उन्हें जान से मारने की लगातार धमकी दी जा रही है ।

## संक्षिप्त खबरें

### पवन क्रूस विद्यालय के छात्रों का जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



**भुरकुंडा :** पवन क्रूस विद्यालय पटेलनगर भुरकुंडा ने एक बार फिर से अपनी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिचय देते हुए जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के सभी 104 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक लाकर नव्या कुमारी विद्यालय की टॉपर छात्रा बनने का गौरव पाया है। वहीं 94.4 प्रतिशत अंक के साथ आईशा प्रवीण द्वितीय और 93.8 प्रतिशत अंक लाकर जानवी राज विद्यालय की थर्ड टॉपर की सूची में शामिल हुई। वहीं अनुष्का कुमारी 93.6, अंजली कुमारी 92.6, तौसीफ रजा 92.2, रानी कुमारी 90.8, वैष्णवी शर्मा 90.6, प्रियांशी टुडू और सुनिधि कुमारी 89.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप टेन की सूची में शामिल हैं। छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस, प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमन्ती, खेल प्रशिक्षक मो. कमरूद्दीन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन आत्मा सभागार में किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्येश्य किसानों को तकनीकी खेती तथा किसानों द्वारा खरीफ मौसम में होने वाले मुख्य फसलों की उन्नत खेती, कीटों से बचाव, फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि लाना है। प्रशिक्षण के दौरान रविशंकर वर्णवाल, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा कृषि / आत्मा विभाग में किसानों के हित में संचालित योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई। चंचिला कुमारी, के०भी०के० वैज्ञानिक, द्वारा बताया गया कि धान एवं मक्का की खेती के लिए किस प्रकार के जमीन में किस प्रभेद का बीज लगाया जाय कि कम अवधि एवं कम पानी में खेती बढ़िया हो सके। नुपुर चौधरी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, के०भी०के० द्वारा बीज बोने से पहले बीजोपचार की विधि के बारे में जानकारी दी गई तथा देवरूप घोस, विषय वस्तु विशेषज्ञ, के०भी०के०, द्वारा बताया गया कि खेती के लिए मिट्टी जाँच करवाना कितना आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है।

### आंदोलनकारी एवं समाजसेवी अजय कृष्ण के सिर में गंभीर चोट रिम्स रेफर

**कोडरमा :** डोमचांच थाना क्षेत्र के कोठियारबर ओर डोमचांच थाना परिसर में अजय कृष्ण पिता स्वर्गीय रामप्रसाद मोदी डोमचांच निवासी पर 24 मई को जानलेवा हमला हुआ था। वहीं पीड़ित ने 24 मई को डोमचांच थाने में महथाडीह निवासी रामलाल यादव, नकुल यादव दोनों के पिता स्वर्गीय ननकू यादव, सनोज यादव उर्फ सोनू सागर, सुनील यादव दोनों के पिता अंबिका प्रसाद यादव द्वारा जानलेवा हमला, मारपीट, गाली गलौज, छीनातई रंगदारी मांगने का गंभीर आरोप लगाया था। बता दें कि 24 मई को डोमचांच थाना से इंजुरी कटने के बाद डोमचांच रेफरल अस्पताल में इलाज चला स्थिति बिगड़ने पर सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती रहे सर में गंभीर चोट की वजह से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए आंदोलनकारी अजय कृष्ण को सदर अस्पताल कोडरमा से 27 मई की शाम रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वहीं घटना को लेकर डोमचांच थाना में आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 43/ 2025 प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। वहीं पीड़ित अजय कृष्ण ने पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार से जानलेवा हमला करने वाले के प्रति ठोस कार्रवाई करने की मांग किया है। वहीं इस घटना से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन विद्यालय की वरिष्ठ महिला शिक्षिकाओं, श्रीमती अनुराधा सिंह और लक्ष्मी द्वारा किया गया। कार्यशाला में छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बताया कि कैसे वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाकर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं। कार्यशाला में छात्राओं ने बहुत उत्साह और रुचि दिखाई और उन्होंने अपने सवालों के जवाब भी पूछे। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने के लिए प्रेरित करना था । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया और कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी होगी। इस कार्यशाला के आयोजन से छात्राओं को अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी। वहीं विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि आज के समय में इस तरह के आयोजन से छात्राओं में जागरूकता फैलेगी और वो दूसरी छात्राओं को भी जागरूक करेंगी। इस कार्यशाला के सफल आयोजन में पूरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा तीन दिवसीय समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप के प्रथम दिन महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चों हेतु पूल पार्टी एवं विभिन्न गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें गांव बच्चों ने उक्त अवसर का भरपूर लुत्फ उठाया। वहीं कैंप के द्वितीय दिन गोद लिए गांव के बच्चों हेतु आर्ट एंड क्राफ्ट का आयोजन महाविद्यालय स्वयंसेवक रंजीत कुमार, लक्ष्मी कुमारी, रवीना कुमारी एवं बिपिन सचदेव द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों ने रचनात्मक एवं कलात्मक कौशल का प्रयोग कर कागज और रंगों की सहायता से सुंदर एवं मनोरम कलाकृति व चित्रकारी को प्रस्तुत किया। कैंप के तृतीय दिन महाविद्यालय द्वारा बच्चों को करनजीत सलूजा द्वारा निर्मित प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद चैन कुली की मेन कुली मूवी को दिखाया गया ।जिसे देखकर बच्चों ने खूब मनोरंजन किया। संपूर्ण कैंप उत्साह एवं विनोद से भरपूर रहा। तीनों दिन बच्चों को महाविद्यालय द्वारा पॉपकॉर्न, स्नैक्स, ड्रिंक्स, कुरकुरे चॉकलेट्स आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैंप के आयोजन से बच्चों में मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है तथा अध्ययनरत बच्चों का मानसिक तनाव कम होता है और वे स्वस्थ होते हैं।

## एक नजर

### ट्रैक्टर के नीचे आ से एक की मौत

**बरहरवा** : थाना अंतर्गत मिजार्पुर लालमति गांव के समीर शेख नाम के एक मजदूर की ट्रैक्टर के नीचे आ जाने से रंगा थाना क्षेत्र के केंदुआ बिशनपुर गांव के पास आकस्मिक मृत्यु हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक जिसका उम्र लगभग 20 वर्ष था वह मंगलवार को दिन के करीब 12:00 बजे ट्रैक्टर में काम करने गया था बताया जाता है कि इसी क्रम में वह किसी कारण वास ट्रैक्टर के ट्रॉली के नीचे आ गया एवं घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतक अपने पीछे छोटे-छोटे दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गया है। इस घटना से उसके परिवार में मातमी सन्नाटा पसर गया है। घटना के बारे में अधिक जानकारी के लिए जब रंगा थाना पुलिस से संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाने के कारण यहां पर घटना के असली कारण एवं ट्रैक्टर की नंबर नहीं मिल पाया। घटना से इस गरीब परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक मजदूर मेहनत कर अपने बाल बच्चा का भरण पोषण करता था उसके मृत्यु के बाद बाल बच्चों के सर से उसके पिता का साया छिन गया है।

### अपहरण करने के मामले में एक युवक को पुलिस ने भेजा जेल




साहिबगंज : मिजाचौकी थाना की पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। मिली जानकारी के अनुसार मिजाचौकी उत्तरी महादेववरन मोहल्ले से पिंटू मंडल नामक व्यक्ति ने एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर घर से ले भागा। जिसके बाद लड़की के परिजन पूरी तरह परेशान दिखे। मामले को लेकर मिजाचौकी थाना में आवेदन देकर शिकायत किया गया। जिसके बाद मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के नेतृत्व में थाना के एसआई महेंद्र सिंह के साथ मिलकर प्लान तैयार कर लड़का लड़की को बरामद किया गया। मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव की सक्रियता के कारण लड़का लड़की को बरामद किया गया। वही मामले को लेकर 33/25 कांड संख्या दर्ज कर थाना में पूछताछ के बाद युवक को भेजा गया जेल। वही नाबालिग लड़की को साहिबगंज कोर्ट भेजा गया। इस दौरान लड़की के परिजन भी साहिबगंज कोर्ट में मौजूद थे।

### मारपीट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**साहिबगंज/उधवा** : राधानगर थाना पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के कटहल बाड़ी (खसपुरा) गांव में छापेमारी कर मारपीट मामले को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी(खसपुरा) गांव की एक 35 वर्षीय महिला रूलेखा बीबी ने थाना पुलिस को आवेदन देकर गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर हमला करने देने का आरोप लगाया था। पीड़िता रूलेखा बीबी ने पुलिस को बताया था कि कि 13 मई को दोपहर करीब 2 बजे समरूद्दीन शेख, रसीद शेख, जाकिर शेख और एसराउल शेख नामक व्यक्तियों ने उनके घर में घुसकर अश्लील गालियां दीं और उन्हें घर व जमीन बेचकर कहीं और चले जाने की धमकी दी।

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : सरना धर्म कोड व आदिवासी धर्म कोड की माँग को लेकर साहिबगंज समाहरणालय के समीप में मंगलवार को जिला झामुमो कमेटी ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने की। वही मंच संचालन केंद्रीय समिति सदस्य शाहजहां अंसारी ने किया। इस विशाल धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में बोरियो विधायक धनंजय सोरेन व राजमहल विधायक एमटी राजा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन आदिवासी समाज की धार्मिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत और अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। वही सरना धर्म कोड की माँग केवल एक कानूनी पहल नहीं है बल्कि यह आदिवासी आत्मसम्मान और परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक है। जहां केंद्र की भाजपा सरकार जाति जनगणना से पहले सरना धर्म कोड व आदिवासी धर्म कोड को हारहाल में लागू करें। वही केंद्र की भाजपा सरकार झारखंडियो के साथ वादा खिलाफी कर रही है। जहां धरना प्रदर्शन के पश्चात उपायुक्त हेमंत सती को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड को अविलंब लागू करने की मांग की गई। इस मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजीव शामू हेम्ब्रम, संजय मिश्रा, संजय गोस्वामी, प्रो. नजरुल इस्लाम, अमर नाथ यादव, राजाराम मरांडी, मोजीबुर्र रहमान, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, बसंती हाँसदा, राजू अंसारी, अमरदीप सिंह, आदित्य यादव, वारिस अंसारी व सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव व भारी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व नेता मौजूद थे।

## नितीश कुमार सिंह ने संभाला सरायकेला-खरसावां के डीसी पदभार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरायकेला : भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नितीश कुमार सिंह ने मंगलवार को सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त रविशंकर शुक्ला से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर मजबूती से उतारना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने जिले के वर्तमान योजनाओं को और अधिक प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि यह जिला आदिवासी बहुल है यहां कई कंपनियां कार्यरत हैं लेकिन इसके साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य का मुद्दा भी उतना ही अहम है। रोजगार सृजन और लोगों की आय बढ़ाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। श्री सिंह ने कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जिले में कृषि को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। गौरतलब है कि नितीश कुमार सिंह इससे पूर्व भी राज्य के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक अनुभव प्राप्त कर चुके हैं और उनकी छवि एक जमीनी और जनसंवेदनशील अधिकारी के रूप में रही है। जिलेवासियों को अब उनसे विकास और जनहित की योजनाओं में नई ऊर्जा की उम्मीद है।

## जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजन की समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : आम जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी शिकायतकताओं की बातें गंभीरता से सुनीं और उनके समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागों को दिए। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेंशन भुगतान में विलंब, राशन कार्ड में त्रुटि, आवास योजना से वंचित लाभुक, मनरेगा मजदूरी भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित मामले, विकलांग पेंशन, पारिवारिक विवाद, जल-निकासी की समस्या एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से सामने आईं। उपायुक्त हेमंत सती ने उपस्थित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाए और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजन की सरकार से सीधी संवाद की एक सशक्त कड़ी है। इसके माध्यम से आम लोग बिना किसी बिचौलिए के सीधे अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे जनता की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लें और पूरी ईमानदारी के साथ उनका समाधान करें। जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की श्रेणी विभिन्न विभागों एवं योजनाओं से संबंधित थीं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच करते हुए शीघ्र समाधान करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन शिकायतों का समाधान तत्काल संभव नहीं है, उनके निपटारे की एक समयसीमा तय की जाए और उस पर नियमित रूप से कार्रवाई की जाए।

## 12 दिवसीय पाईका नृत्य प्रशिक्षण का समापन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा आदारडीह में मंगलवार को 12 दिवसीय पाईका नृत्य प्रशिक्षण समापन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला कृषि पदाधिकारी कालीपद महतो, उप प्रमुख दीपक कुमार साहू,उमाकांत महतो, ठाकुर दास महतो,कमला कांत महतो, अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार प्रभात कुमार महतो आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय ,पर्यटन ,कला संस्कृति ,खेल कुद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के वित्तीय सांस्कृतिक सहायता अनुदान योजना के तहत मानभूम सांस्कृतिक समिति आदारडीह के द्वारा आयोजित 12 दिवसीय पाईका नृत्य प्रशिक्षण सह प्रस्तुति का समापन समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार महतो ने किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में हो नृत्य,पाईका नृत्य, कुरमाली नृत्य, पड़सा नृत्य,संथाली नृत्य सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पाईका नृत्य प्रशिक्षण प्राप्त युवा कलाकारों ने भी पाईका नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं 12 दिवसीय पाईका नृत्य प्रशिक्षण समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कालीपद महतो ने कहा कि हमारी प्राचीन कला संस्कृति धीरे धीरे विलुप्त होते जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन के लिए इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर नये युवा पीढ़ी को कला संस्कृति से जोड़ने का यह अच्छा पहल है। उन्होंने कहा कि आज के युवा वर्ग अपने भाषा और संस्कृति को ग्रहण नही कर पर संस्कृति को ग्रहण कर रहे हैं,जो चिंता का विषय है। उन्होंने भाषा और संस्कृति को बचाए रखने का अपील किया। वहीं अतिथियों को मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मानभूम सांस्कृतिक समिति के द्वारा कलाकारों को प्रशस्ति-पत्र दिया गया।

## पिपरवार के कारो गांव मे सरना धर्म यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खलारी** : बहेरा पंचायत के अर्न्तगत कारो गांव मे मंगलवार को सरना यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष धरम गुरु कृष्णा उरांव सहित यात्रा मे शामिल सभी यात्रियो का आदिवासी नेग नियम से पैर धोकर स्वागत किया।बताया गया कि यात्रा धर्मअड्डा पत्थलकुदवा सरना स्थल, प्रखंड कटकमसांडी जिला हजारीबाग से जय सरना ट्रस्ट के तत्वाधान में केंद्रय सचिव सह अधिवक्ता किरण मुंडा के अगुवाई में 23 मई से 11 दिनो लिए निकली है। आज यात्रा का पाचंवा दिन भ्रमण है। इस संबंध मे केंद्रय सचिव सह अधिवक्ता किरण मुंडा ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य गांव में भ्रमण कर समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक व नशामुक्ति अभियान के प्रति जागरुक करना है।उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के धर्म संस्कृति, परम्परा, जल, जंगल जमीन को बचाए रखने के प्रति भी सभी को यात्रा के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। किरण मुंडा ने कहा कि किसी भी हालात में समाज के लोगो का धर्म परिवर्तन नही होने दिया जाएगा।इस मौके पर बहेरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा, साधुचरण टाना भगत,सोमरा उरांव, राजेश उरांव, बुधना उरांव, अनुप उरांव, चिंता देवी,सीमा उरांव, सुरंती देवी, बसंती उरांव, पैरो उरांव सहित कई लोग मौजुद थे। यात्रा में निशा उरांव, लक्ष्मी मुंडा, पुजा कुमारी, रेशमी कुज्जूर, रौशनी कुजुर, रुपा मुंडा, निशु मुंडा, वनिश उरांव सहित कई लोग शामिल थे।

# मॉडल कॉलेज, राजमहल में राष्ट्रीय सेमिनार सह काव्यगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/राजमहल** : प्रखंड में दिनांक 27 मई 2025 को मॉडल डिग्री कॉलेज, राजमहल का परिसर एक ऐतिहासिक एवं बौद्धिक संगम का साक्षी बना, जब प्रकृति, विज्ञान और साहित्य के अद्भुत समन्वय पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह काव्यगोष्ठी का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन पर्यावरणीय चेतना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा साहित्यिक अभिव्यक्ति के बीच सामंजस्य स्थापित करने का सशक्त प्रयास रहा।

**शुभारंभः श्रद्धा, स्मृति और प्रेरणा के साथ**

कार्यक्रम का आरंभ अमर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धा-सुमन अर्पित कर किया गया। यह क्षण न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के प्रति श्रद्धा का भाव था, बल्कि यह दशार्ता है कि पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा हमारे ऐतिहासिक संघर्षों और सांस्कृतिक मूल्यों में निहित है।

**अतिथि स्वागतः परंपरा और पर्यावरण का समन्वय**

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने उपस्थित विद्वानों, अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न और पौधे भेंट कर किया। यह प्रतीकात्मक भेंट न केवल भारतीय संस्कृति की गरिमा को दशार्ती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश भी देती है।


**वैज्ञानिक सत्रः पारिस्थितिकी और संरक्षण पर संवाद**

मुख्य वक्ता शोभना रॉय, प्रोजेक्ट वैज्ञानिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून ने ₹जलीय पारिस्थितिकी तंत्र और गंगा डॉल्फिन का संरक्षण₹ विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि गंगा डॉल्फिन केवल एक प्रजाति नहीं, बल्कि नदी के स्वास्थ्य का सूचक है। यह जीव भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के शेड्यूल-1 के अंतर्गत संरक्षित है, और इसका शिकार करना दंडनीय अपराध है। उन्होंने अपने व्याख्यान में जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन और मानव हस्तक्षेप के प्रभावों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चर्चा की।

## संक्षिप्त खबरें

### दो पक्षों के मारपीट में एक पक्ष के चार लोग घायल, एक रेफर

**साहिबगंज/राजमहल**: थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के पमरिया टोला, कालीबाड़ी फुलवरिया, में बीते सोमवार की रात्रि दो पक्षों में जमकर मारपीट में एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मिस्टर शेख के 19 वर्षीय पत्नी अजनुर बीबी, नूरजहां बेवा 60 वर्षीय, हाजरा बेवा 60 वर्षीय, मेनेरा खातून 22 वर्षीय का पड़ोसी के साथ पुराने विवाद को लेकर कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें एक पक्ष के चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल मेनेरा खातून को बेहतर इलाज के लिए स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 मई को इन्हीं दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट में चाकू बाजी तक हो गई थी। जिसमें दोनों पक्षों से चार लोग बुरी तरह घायल हो गए थे। साथ ही दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर थाना में मामला भी दर्ज कराया है। घटना की सूचना मिलते ही रात्रि में ही एसआई महादेव उरांव दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए थे। प्रभारी थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।




### सदर अस्पताल में डॉक्टर रहे नदारत परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप



**साहिबगंज**: जिले के बड़े सदर अस्पताल में आए दिन लापरवाही देखने को मिलती है। जिसको लेकर दूर-दराज मरीज को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी अस्पताल में अपने टाइम पर डाक्टर उपस्थित नहीं रहते हैं तो कभी डॉक्टर साहब मनमानी करके ओपीडी छोड़कर भाग जाते हैं जिसको लेकर मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला मंगलवार की है जहां 2:00 बजे से डॉक्टर ओपीडी से नदारत रहने पर परिजन हुए परेशान बताया जा रहा है कि राजमहल उधवा गांव निवासी सिनाउल शेख की तीन बच्ची की हालत खराब होने से उसे फौरन सदर अस्पताल लाया गया लेकिन अस्पताल में डॉक्टर साहब नदारत मिले 2 घंटे तक इंतजार करते रह गए लेकिन फिर भी डॉक्टर साहब ओपीडी में नहीं पहुंचे परिजनों ने बताया कि असील शेख एक वर्षीय बच्चा को लूज मोशन हो रहा था, वहीं दूसरा बच्चा शारुन शेख 5 वर्षीय घर में गिर गया हाथ में दर्द हो गया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया लेकिन बच्चों को कहते दर्द से मारे किसी का दिल नहीं पसीजा परिजनों ने बच्ची को लेकर 2 घंटे तक इधर-उधर भटकते रह गए परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं दूसरी ओर जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा पचगढ़ निवासी राहुल कुमार के डेढ़ माह का पुत्र ऋषभ कुमार को हालत खराब होने से परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया लेकिन डॉक्टर ओपीडी में नहीं थे जिसको लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### शहीद एडीएम विद्यानिकेतन चोगा के सुकदेव महतो को जिला में मिला 10 वां स्थान



**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में स्थित शहीद अजीत धनंजय महतो विद्यानिकेतन चोगा के छात्र सुकदेव महतो ने माध्यमिक परीक्षा 2025 में 468 अंक लाकर विद्यालय टॉपर के साथ सरायकेला जिले में दसवां स्थान प्राप्त किए है। सुकदेव महतो चौका थाना अंतर्गत डूंगरीडीह गाँव के रहने वाला है। उनका पिता भागीरथ महतो एक व्यासायी है तथा माता भवानी महतो गृहणी है। वही छात्र सुकदेव महतो ने बताया कि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिकाओं तथा माता पिता को देते है साथ ही उन्होंने बताया कि आगे की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहते हैं और इस क्षेत्र के लोगों को सेवा करना चाहते हैं। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक क्षेत्रपति महतो ने बताया कि इस वर्ष की परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी विधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बोर्ड 10वीं में मानवी बनीं टॉपर, 92.6% अंक प्राप्त कर बनी अमड़ापाड़ा प्रखंड टॉपर



**पाकुड़/ अमड़ापाड़ा** : झारखण्ड बोर्ड की ओर से आज कक्षा 10वीं के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें छात्रों का पास प्रतिशत 90.39% दर्ज किया गया है। छात्र ऑफिशियल वेबसाइ पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल झारखण्ड का कोडरमा जिला 98.1 फीसदी के साथ सबसे आगे। वहीं पाकुड़ जीवे ने 22वें पायदान से छलांग लगाते हुए सीधे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं। अमड़ापाड़ा प्रखंड के + 2 हाई स्कूल की छात्रा मानवी कुमारी ने 92.6% अंक प्राप्त कर प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। छात्रा मानवी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने सभी शिक्षक झशिक्षिकाओ और अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने बताया कि बहुत लगन से पढ़ाई की थी, नतीजा अच्छा रहा। बहुत खुशी हो रही है। ज्ञात हो कि छात्रा मानवी कुमारी प्रीपेरेटरी सेंटर, अमड़ापाड़ा की विद्यार्थी रही है। जिसके शिक्षक आकाश भगत ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे शुभकामनाएं दी।

### कोरोना संक्रमण की संभावना को देखते हुए प्रशासन सतर्क



**पाकुड़** : ज़िले में कोविड संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग एवं तैयार है। कोविड मरीजों की मिलने की संभावना को लेकर पूर्व तैयारियों के तहत उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सदर अस्पताल का जायजा लिया। अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों की टीम के साथ बेड, ऑक्सीजन, दवाईयों के बारे में जानकारी ली गई। अस्पताल में सभी तरह के इंतजाम को देखा गया ताकि कोविड मरीजों को जिले में ही सारी सुविधाएं एवं चिकित्सा मिल सकें। कोरोना मरीजों के लिए अस्पताल में की गई व्यवस्था और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उपायुक्त ने एमटीसी, विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने सामान्य मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया।

# 'फिल्मों में लव जिहाद को बढ़ावा दिया जा रहा है

## बिहार में अनिरुद्धाचार्य बोले- गुजरात के लोग नौकरी देते हैं, तो आप जॉब देना कब सीखोगे?



**मुजफ्फरपुर।** आप बताओ बिहार में लव जिहाद है या नहीं, हिंदू लड़कियों को कुछ मुसलमान लड़के प्यार के झूठे जाल में फंसा कर ले जाते हैं और दुनिया के दूसरे देशों में बेच आते हैं।' 'आपकी बेटी को कल कोई प्यार के बहाने ले जाए, दुबई में 10 लाख, 20 लाख में बेच आए। सोचिए, उस लड़की पर क्या गुजरती होगी, जिसे सारी जिंदगी बर्तन धोने के लिए और शारीरिक शोषण के लिए बैठा दिया जाए। 'कितनी गंदी बीमारी है ये लव जिहाद। बड़ी-बड़ी फिल्म लव जिहाद का प्रमोशन करती हैं। ये बातें कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने मुजफ्फरपुर में कथावाचन के दौरान सोमवार को कही। कथावाचक अनिरुद्धाचार्य 23 मई से मुजफ्फरपुर के पताही में कथावाचन कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने कहा कि 'पीके मूवी में एक हिंदू लड़की होती है, उसका नाम जग्गू होता है, उस लड़की को पाकिस्तान के मुसलमान लड़के से प्यार हो जाता है। बताओ ये लव जिहाद को बढ़ावा देना है या नहीं।' 'बच्चे मूवी देखने जाते हैं, आपको लगता है कि पिक्चर कितनी बढ़िया है, लेकिन पिक्चर के पीछे का जो षड्यंत्र है वो तो आपने जाना ही नहीं।' अनिरुद्धाचार्य बोले- फिल्मों में मंदिरों, भगवान को बदनाम किया जाता है अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि 'कई फिल्मों में हमारे मंदिरों और भगवान को बदनाम किया जाता है। पीके मूवी में कुछ ऐसा दिखाया कि आपको ये लगा कि मंदिर नहीं जाना चाहिए। ये मूवी जब बनी, उसने हजारों करोड़ रुपए की कमाई की।' 'मेरा सवाल है कि तुम्हें गरीबों की इतनी ही चिंता थी तो जो मूवी से कमाई हुई, उसे गरीबों में बांट देना चाहिए था। हॉस्पिटल, यूनिवर्सिटी, कॉलेज, स्कूल बनवाना चाहिए था, लेकिन ये सब कुछ नहीं हुआ।'कथावाचक ने कहा कि चलो बताओ, बिहार में लोग शराब पीते हैं कि नहीं। खूब पीते हैं, जबकि बिहार में शराब बंद है। जब सबको पता है कि शराब पीना गलत है, तो आज तक कोई ऐसी मूवी बनी, जिसमें ये बताया गया हो कि शराब न पीयो, शराब वाला पैसा गरीबों में बांट दो। अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि 'बिहार को सबसे ज्यादा नशा ने बर्बाद कर रखा है। यहां के लोग जितना पैसा नशा में खर्च करते हैं, उतना पैसा अपनी तरक्की में खर्च करें तो बहुत विकास हो जाए।' बोले- मैं जो कहता हूं, ध्यान से सुनो, सफल न हो तो कहना अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि मेरी एक बात सुनो, सफल न हो तो फिर कहना। सफल व्यक्ति के पास टाइम बहुत कम, जबकि असफल व्यक्ति के पास टाइम ही टाइम होता है। आपने देखा होगा कि हमारे देश के लड़के क्रिकेट देखते हैं।भारत में 22 साल का लड़का, 25 साल का लड़का, 30 साल का छोरा, जिसे काम करके सफल हो जाना चाहिए था, वो क्रिकेट देखकर अपना टाइम बर्बाद कर रहा है। अमेरिका, चीन के पास कोई क्रिकेट टीम ही नहीं है। चाइना को पता है कि लड़कों को काम पर लगाना है, लेकिन भारत में तो क्रिकेट चल रहा है, चला ही जा रहा है। इसलिए अपने बच्चों को समझाना होगा कि क्रिकेट देखकर टाइम बर्बाद करने से कोई फायदा नहीं है। 'बिहार में एक बहुत बड़ा रोग है, मां-बाप कहते हैं- नौकरी करो' कथावाचक ने कहा कि बिहार में एक बहुत बड़ा रोग है। यहां के हर मां-बाप अपने बच्चों को कहते हैं कि बेटा पढ़ो, नौकरी करना है, ये सबसे बड़ा रोग है। आपका बेटा पढ़े, ये बहुत अच्छी बात है। पढ़ लिखकर योग्य बने, ये अच्छी बात है, लेकिन बेटे को ये मत कहा करो कि पढ़ लिखकर नौकरी कर, बल्कि बेटे को ये कहो कि तुम पढ़ कर नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनो।

# किशनगंज में बारिश से टूटा डायवर्सन,4 गांवों का संपर्क कटा

## 3000 से अधिक लोगों की आवाजाही प्रभावित, लोगों ने जल्द मरम्मत कराने की मांग की



**किशनगंज।** किशनगंज के पोठिया प्रखंड के सरोगरा पंचायत में स्थित शेखपुरा गांव में सोमवार की रात हुई मूसलाधार एक निमार्णाधीन पुल का डायवर्सन पानी के तेज बहाव में बह गई। इस डायवर्सन के टूटने से शेखपुरा, भूलगरा, बनवारी और बलेगची गांवों का आपस में संपर्क पूरी तरह कट गया है। इससे लगभग 3000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। डायवर्सन की खराब गुणवत्ता इस समस्या का मुख्य कारण बनी है। डायवर्सन के टूटने से चार गांव से कटा संपर्क स्थानीय निवासी मोहम्मद इसराइल ने बताया कि डायवर्सन के टूटने से स्कूली बच्चों, किसानों और मजदूरों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक अन्य निवासी रीता देवी ने बताया कि यह पुल आसपास के गांवों को जोड़ने का एकमात्र रास्ता है। इससे वर्तमान में आपातकालीन सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रभावित हुई हैं। डॉक नदी के किनारे बनी झील की वजह से स्थिति और जटिल हो गई है। बारिश के मौसम में वैकल्पिक रास्तों के जलमग्न होने की आशंका से चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से डायवर्सन की तत्काल मरम्मत की मांग की है। साथ ही, निर्माण कार्य में तेजी लाने की अपील की है, ताकि लोगों का जीवन सामान्य हो सके।

# वैशाली में स्कॉर्पियो ने चाय दुकानदार को मारी टक्कर, मौत



**वैशाली।** जिले के महुआ थाना क्षेत्र में सोमवार की रात हुए एक सड़क हादसे में चाय दुकानदार की मौत हो गई। मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर बखरी गांव निवासी श्रवण साह (60) के रूप में हुई है। घटना देर रात करीब 10 बजे की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि श्रवण साह रानीपोखर चौक पर चाय-नाश्ते की दुकान चलाते थे। वह एक भोज समारोह से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया है। जांच में जुटी पुलिस महुआ थानाध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृतक चाय-नाश्ते की दुकान चलाकर अपना परिवार चलाते थे।

# भोजपुर में बच्चों के विवाद में मारपीट



**भोजपुर।** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद में मारपीट हुई है। पड़ोसी ने लाठी-डंडे से पिता-पुत्री और पोते की पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने झगड़े को शांत कराया। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना छोटकी सनदिया गांव के राम नगर टोला की है। घायलों की पहचान गुलजारी राम(50), बेटी रीता कुमारी(19) और पोता अंकुश कुमार(9) के तौर पर हुई है। पीड़ित ने बताया कि मेरी पोती अंशु कुमारी(5) घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रही थी। इसी बीच पड़ोस का एक लड़का आया और कहने लगा कि तुम लोगों के साथ मैं भी खेलूंगा। लेकिन अंशु ने उसे मना कर दिया। गुस्से में आकर लड़के ने पोती को थप्पड़ मार दिया। इसी बात को लेकर मैंने उसे डांटा था। कुछ देर बाद उसने अपने परिजनों को बुला लिया। सबसे पहले अंकुश को मारा। इसके बाद लाठी-डंडे से मुझे और मेरी बेटी की पिटाई कर दी। बेटी को जमीन पर पटकर लात से पेट में मारा। आसपास के लोगों ने हमलोगों को बचाया। इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।वहीं, सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि लड़की के पेट और बुजुर्ग के सिर में काफी चोटें आई है। सभी का इलाज चल रहा है। जांच में जुटी पुलिस मुफस्सिल थानाध्यक्ष आशीष साह ने बताया कि थाने में पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। बच्चों के विवाद में मारपीट की बात सामने आ रही है। छानबीन चल रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बच्ची को देखकर नीयत बिगड़ी, गैंगरेप के बाद हत्या की


## आरोपी का कबूलनामा- एक पहरेदारी कर रहा था, दूसरे ने मुंह दबाया; बोल देती, इसलिए मारा



**छपरा।** में शनिवार (24 मई) को स्कूल से घर जा रही 10 साल की छात्रा की गैंगरेप के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने 3 नाबालिग समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। 2 आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। दोनों मौसेरे भाई हैं। आरोपी गुड्डू बांसफोर ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया, 'शनिवार को मैं अपने साथियों के साथ आम के बगीचे में बैठा था। मेरे साथ मेरा मौसेरा भाई बिट्टू भी था। इसी बीच स्कूल से एक बच्ची अपने घर जा रही थी।''बच्ची को देखकर हम पांचों की नीयत बिगड़ गई और उसे झाड़ियों में चलने को कहा। बच्ची ने जब मना किया तो हम उसे जबरदस्ती खींचकर सुनसान झाड़ियों के बीच गड्ढे में ले गए और नीचे पटक दिया।''लड़की जब जोर-जोर से चिल्लाने लगी तो हम डर गए कि हम लोगों के बारे में बच्ची अपने घर में बता देगी, इसलिए हमलोगों ने गला दबाकर उसे मार डाला।सोमवार होने के बावजूद स्कूल में सन्नाटा पसरा था। 3 शिक्षक अपनी कुर्सियों पर बैठे बच्चों का इंतजार कर रहे थे, लेकिन क्लासरूम पूरी तरह खाली था।टीचर का कहना है, 'बच्ची से गैंगरेप की घटना के बाद अन्य छात्राओं ने भी स्कूल आना बंद कर दिया। गांव के लोग अपनी बच्चियों को डर से स्कूल नहीं भेज रहे।''जलालपुर के इस स्कूल में 48 बच्चों का नामांकन है, जिसमें अधिकतर छात्राएं हैं, लेकिन घटना के बाद से बच्चों के पेरेंट्स इतने सहमे हुए हैं कि वे अपनी बेटियों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं।'स्कूल की हेड-मास्टर रेणु देवी ने कहा, 'घटना वाले दिन मैं स्कूल नहीं आई थी। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। स्कूल के आसपास आए दिन असामाजिक लोग घूमते रहते हैं। स्कूल में कई बार चोरी हो चुकी है।'घटना के बाद हमारी टीम ने पीड़िता के पड़ोस में रहने वाली दूसरी छात्राओं के परिवारों से बात की। बच्चियों की मां का कहना है, 'अगर स्कूल के 500 मीटर के दायरे में ऐसा हो सकता है, तो हम कैसे अपनी बेटियों को अकेले भेजे?' लड़की के स्कूल और घर के बीच सिर्फ 800 मीटर की दूरी है।'एक बच्ची की मां ने कहा, 'जब तक सरकार सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं करती, हम अपनी बेटियों को स्कूल नहीं भेजेंगे। पढ़ाई बाद में भी हो सकती है, लेकिन जान पहले है।'डर लगता है हमारे साथ कुछ गलत न हो जाए हमारी टीम ने गांव की कुछ बच्चियों से बात की। एक छात्रा ने कहा, अब स्कूल जाने का मन नहीं करता। बहुत डर लगता है कि कहीं हमारे साथ भी कुछ बुरा न हो जाए।'एक अन्य बच्ची बोली, 'अब मम्मी भी कहती हैं कि मत जाना।' इन मासूमों की आंखों में डर और आवाज में असुरक्षा साफ नजर आ रही थी।'आरोपियों को फांसी की सजा मिले 'स्कूल से निकलने के बाद हम बच्ची के घर पहुंचे। दरवाजे पर बच्ची की मां और दो बड़ी बहनें बैठी थीं। मां बिलख-बिलख के रो रही थी।इसके बाद हमने बच्ची के पिता से घटना के बारे में पूरी बातचीत की। बच्ची के पिता ने बताया, 'मैं राजमिस्त्री का काम करता हूं। शनिवार की दोपहर 12.30 बजे के आसपास खाना खाने के लिए मैं अपने घर जा रहा था।''धूप काफी तेज थी, तो नहर के किनारे पेड़ के नीचे बैठ गया। तभी गांव का ही एक युवक झाड़ियों की तरफ शौच के लिए गया था। वह उधर से चिल्लाते हुए आया कि झाड़ियों के बीच में गड्ढे में किसी बच्ची का शव पड़ा है।''हम भागे-भागे गड्ढे की तरफ गए तो देखा की वह मेरी ही छोटी बेटी थी। हमने उसे उठाया, लेकिन वह कुछ नहीं बोल रही थी। तभी हमने देखा की वहां से 3 लड़के पैदल भाग रहे थे।' 'दो मोटरसाइकिल से भाग निकले। हमने शोर मचाना शुरू किया तो गांव के और भी लोग मौके पर पहुंचे और 3 लड़कों को पकड़ लिया।

# तेजप्रताप की पत्नी ऐश्वर्या बोलीं- मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की

## अफेयर पता था तो मेरी शादी क्यों कराई, मुझे मारा तब सामाजिक न्याय कहां था



**पटना।** तेजप्रताप यादव और अनुष्का यादव के वायरल वीडियो-फोटो पर सोमवार को उनकी पत्नी का बयान सामने आया है। ऐश्वर्या राय ने कहा- मुझे उनके अफेयर के बारे में कुछ पता नहीं था। चुनाव पास है, इसलिए पूरा परिवार ड्रामा कर रहा है। जब मुझे मारा गया था, तब सामाजिक न्याय कहां था। सब को अफेयर की जानकारी थी तो मेरी शादी क्यों कराई थी। सोशल मीडिया पर बेटे को घर से निकाल देना कोई अलग करना नहीं होता। कल ही राबड़ी देवी तेजप्रताप के घर गई होंगी। उन्हें समझाया होगा। सब ड्रामा है। ।बड़ी देवी ने उनके आंसू पोंछकर कहा होगा- बेटा चुप रहो, हम सब ठीक कर देंगे। उन लोगों ने तेजप्रताप को पार्टी से नहीं निकाला है। सोशल मीडिया पर निकाल देने से कुछ नहीं होता।ऐश्वर्या ने कहा- मैं ये पूछना चाहती हूं कि जब इन लोगों को पता था कि ऐसी बात है तो मेरी शादी क्यों कराई। मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की? उनसे पूछिए कि मुझे मारा क्यों? तब इनका सामाजिक न्याय कहां गया था?ये सभी मिले हुए हैं कोई अलग नहीं हुए हैं। चुनाव है इसलिए वो ऐसा ड्रामा कर रहे हैं। मुझे सारी जानकारी मीडिया की तरफ से मिल रही है। अनुष्का के बारे में मुझे पता ही नहीं था। उनसे पूछिए कि अब मेरा क्या होगा? कोर्ट में हम बात करेंगे।बेटे की गलतियों को छिपाने के लिए मेरे ऊपर आरोप लगाएबेटे की गलतियों को छिपाने के लिए सब आरोप लड़की पर डाल दिया जाता है। इन्होंने मेरे लिया क्या किया। हम कोर्ट में लड़ ही रहे हैं, अब वो लोग बताएं मुझे।मेरे साथ उन्होंने ऐसा खिलवाड़ क्यो किया, इसका जवाब लालू परिवार से पूछना चाहिए। अनुष्का और सिन्हा नाम की लड़की पर उन्होंने कहा- मुझे इन लड़कियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है तेजस्वी बताएं मेरा क्या होगा। मैं भी तो उनकी भाभी हूं। अभी हमारा तलाक भी नहीं हुआ है तेजप्रताप यादव की शादी मई 2018 में पूर्व उट दरोगा राय की पोती ऐश्वर्या राय से हुई थी। दोनों के बीच तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। फोटो वजो उनकी पत्नी (ऐश्वर्या की मां) पूनम राय ने रिसीव किया। उन्होंने कहा- हमको ये सब पहले से पता था। सब लोगों को पता है, इसमें छुपा क्या है। आगे नो कमेंट।वकील बोले- बिना तलाक तेजप्रताप की शादी अवैधहाईकोर्ट के सीनियर वकील सर्वदेव सिंह ने बताया- 'जब मामला कोर्ट में सब ज्यूडिश है। इस हालत में एक्स्ट्रा मैरिटल रिलेशन स्थापित करना या उसे सामने लाना अपराध की श्रेणी में आता है। अगर कोई सरकारी नौकरी में रहते हुए ऐसी हरकत करता है तो नौकरी से बर्खास्त किया जा सकता है।''अगर तेजप्रताप यादव और अनुष्का यादव ने विवाह कर लिया है तो हिंदू मैरिज एक्ट में बिना तलाक लिए दूसरी शादी अवैध है। इसके तहत भी कोर्ट कार्रवाई कर सकता है।''फैमिली कोर्ट में पूर्व से निर्धारित तिथि के पहले भी ऐश्वर्या फैमिली कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती हैं।'दरअसल, तेजप्रताप यादव के एक महिला के साथ फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें वह एक लड़की के साथ दिख रहे हैं। यूजर्स तेजप्रताप की दूसरी शादी का दावा कर रहे हैं।रविवार को आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निकाल दिया है। लालू ने इसकी जानकारी फेसबुक पर पोस्ट करके दी।

## संक्षिप्त डायरी

### भोजपुर में हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार



**भोजपुर।** के चांदी थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान एक कट्टा मिला है। बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सलेमपुर गांव से पकड़ा है। एसपी राज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सलेमपुर गांव में एक शख्स अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। इनपुट के आधार पर पुलिस ने गांव में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान घर से कट्टा मिला। आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है इसके अलावा टाउन थाना पुलिस ने धरहरा से चोरी की बाइक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान कोईलवर वार्ड नंबर 10 कसाना कोठी निवासी तनवीर आलम और खुशी मोहल्ले के मो. साहिल के तौर पर हुई है। सोमवार देर शाम पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान दोनों पुलिस को देखकर भागने लगा। मौके पर मौजूद टीम ने खदेड़कर दोनों को पकड़ लिया। बाइक का पेपर नहीं था। कड़ाई से पूछताछ में बदमाशों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### तेजस्वी यादव फिर बने पापा,बेटे के साथ तस्वीर शेयर की




**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव फिर पापा बन गए हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह बेटे के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की है। तेजस्वी ने बेटे की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। घर में छोटे बच्चे के आने से बहुत खुश हूं। जय हनुमान।'वहीं, पोते को गोद में लेकर लालू यादव ने इसे गर्व का क्षण बताया। उन्होंने लिखा- पोते का हमारी फैमिली में स्वागत है। बुआ रोहिणी ने लिखा, 'जूनियर टुड्डू को ढेर सारा प्यार।' हॉस्पिटल का एक 24 सेकेंड का वीडियो सामने आया है, जिसमें वीडियो कॉल पर तेजस्वी यादव अपने पिता लालू यादव से कह रहे हैं, 'पापा, बेटा हुआ है, आपका पोता हुआ है।' राजश्री कोलकाता के अस्पताल में भर्ती हैं। 26 मई को लालू-राबड़ी बहू से मिलने कोलकाता के लिए निकले थे। 27 मार्च 2023 में तेजस्वी यादव पहली बार पिता बने थे। उस वक्त एक बेटी का जन्म हुआ था, जिसका लालू यादव ने कात्यायनी नाम रखा। उस वक्त तेजस्वी नीतीश सरकार में डिप्टी CM थे। तब परिवार लैंड फॉर जॉब्स केस में एऊ और CBI की पूछताछ का भी सामना कर रहा था। 9 दिसंबर 2021 को तेजस्वी यादव ने राजश्री यादव से शादी की थी। दिल्ली के साकेत स्थित मीसा भारती के सैनिक फार्म हाउस पर विवाह समारोह संपन्न हुआ था। पहले दोनों की सगाई हुई। उसके बाद परिवार के समक्ष तेजस्वी-रेचल (राजश्री) ने अग्नि के सात फेरे लिए थे। कार्यक्रम में पिता लालू प्रसाद यादव, मां राबड़ी देवी, बहन मीसा भारती, भाई तेजप्रताप यादव और बढ के पूर्व CM अखिलेश यादव भी पत्नी डिंपल के साथ शामिल हुए थे। तेजस्वी यादव और उनकी पत्नी की दोस्ती बचपन की है। दोनों साथ में DPS, आरके पुरम में पढ़ते थे। वहीं, 2014 से करीब आ गए थे। दोस्ती प्यार में बदली और दोनों एक-दूसरे के हो गए। तेजस्वी लालू-राबड़ी के सबसे छोटे संतान हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें माता-पिता को शादी के लिए मनाने में काफी समय लग गया था। कहा तो यहां तक जा रहा था कि लालू यादव खुद इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। शायद इसी वजह से उन्होंने अपने कई करीबियों को भी शादी में शरीक होने का न्योता तक नहीं दिया था। राजश्री चंडीगढ़ के व्यवसायी की बेटी हैं और हरियाणा की रहने वाली हैं।

### पूर्णिया में 70 लाख की शराब बरामद



**पूर्णिया।** में ट्रक से 70 लाख रुपए का शराब बरामद हुआ है। पुलिस को चकमा देने के लिए तस्करों ने ट्रक के अंदर तहखाना बना रखा था। इसके अलावा गाड़ी से14 हजार कैश, जीपीएस, फास्ट टैग और 2 मोबाइल भी मिला है। अररिया जीरो माइल से पूर्णिया के रास्ते नवगछिया लेकर जा रहे थे। मौके से ड्राइवर की गिरफ्तारी हुई है। ड्राइवर सुनील कुंदर(35) दिल्ली के नजफगढ़ इलाके का रहने वाला है। इस धंधे में और कौन-कौन शामिल है। इसका पता लगाया जा रहा है।एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि जलालगढ़ थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कंटेनर के अंदर छिपाकर विदेशी शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। इनपुट के आधार पर सदर एसडीपीओ-2 के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। मिश्रीनगर चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जांच के लिए एक ट्रक को रोका गया। तलाशी में 5733.36 लीटर शराब मिला। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 70 लाख है। कई लोगों का नाम आया सामने सख्ती से पूछताछ करने पर ड्राइवर ने कई लोगों का नाम बताया है। जिसकी तलाश की जा रही है। इस मामले में जिसका नाम सामने आया है, उसका रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। छापेमारी टीम में जलालगढ़ थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार, सहायक खजांची थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम कुमार, एसआई सह अपर थानाध्यक्ष आर्य पृथ्वी नायडू, एसआई शिवम कुमार, सुदीन चौक टीओपी प्रभारी पंकज कुमार, कटिहार मोड़ प्रभारी अभय रंजन, एसआई सारिका कुमारी, एसआई वंश भूषण कुमार के अलावा मद्य निषेध यूनिट शामिल थी।



# नहीं आया इंटरव्यू के लिए कॉल, आपने की होंगी ये 5 गलतियां

**शायद आप कुछ समय से जॉब तलाश रहे हों और आपने अलग-अलग कंपनियों, अलग-अलग पदों पर आवेदन दिया हो। हर दिन आप यह काम करते हो लेकिन आपके पास अभी तक कोई रिस्पॉन्स नहीं आया हो, ना कोई कॉल, ना ई-मेल। आपके हताश होने से पहले, यहां कुछ जरूरी बातें दी जा रही है जो कि आप आवदेनों को भेजने के पहले एक बार फरि चेक कर लें।**

## हर आवेदन में एक ही सीवी और कवर लेटर तो नहीं यूज किया

हर जॉब अलग है और उस जॉब की जरूरत के हिसाब से सीवी में बदलाव की जरूरत होती है। आपको अपना सीवी कस्टमाइज करने के लिए समय निकालना चाहि और यह सोचना चाहिए कि ऐसा क्या बदलाव किया जाए कि आपको इंटरव्यू के लिए एचआर से कॉल आ जाए। अगर आपका सीवी हर जॉब के हिसाब से पर्सनलाइज्ड नहीं हुआ तो यह इग्नोर हो सकता है। एम्प्लॉयर्स यह बात नोटिस करते है कि आपके सीवी और कवर लेटर में एक ही बातें तो नहीं है। भीड़ से अलग दिखने के लिए आपको यह साबित करना होगा कि आप एक अच्छे एम्प्लॉई बन सकते हैं। ऐसी चीजें शामिल करें जिससे कंपनी ज्यादा आकर्षित हो।

## आवेदन गलत जगह तो भेज नहीं दिया

जिस व्यक्ति को आवदेन भेजना है उसके नाम में कई आवेदक गलती से या मूर्खतावश गलती कर देते हैं। वशिष रूप से जब आप अलग-अलग जगहों पर अप्लाई कर रहे हैं तो एड्रेसी और कंपनी का नाम अपडेट करना आसानी से भूल सकते हैं। इतना ही नहीं नाम की स्पेलिंग में गलती भी भारी पड़ सकती है।

## आप न्यूनतम योग्यता पर खरे नहीं उतरे हैं

आपको इंटरव्यू कॉल नहीं आएगा अगर आप अंडरक्वॉलिफाइड हैं। अगर आपके पास आवश्यकतानुसार अनुभव, शैक्षणिक योग्यता नहीं है या आपने उसी माहौल या इंडस्ट्री में काम नहीं किया है तो आपका सीवी बाहर कर दिया जाएगा।

याद रखें, आपको यह पता होना चाहिए कि आप योग्य है लेकिन आप रिक्रूटर के लिए केवल एक कागज का टुकड़ा हैं। वे आपके बारे में उतना ही जानते हैं जो आपका पिछला अनुभव कहता है। उन्हें कई सारे सीवी देखने होते हैं और वे कभी भी अपना समय ऐसे में व्यर्थ नहीं करेंगे या आपके बारे में ज्यादा जानने की कोशिश नहीं करेंगे।

## क्या आप न्यूनतम योग्यता को पार कर गए हैं

अगर आप ओवरक्वॉलिफाइड हैं तो भी आपके पास कॉल नहीं आएगा। कोई भी कंपनी ऐसे व्यक्ति को हायर नहीं करेगी। ऐसे में आपका सीवी भी रिजेक्ट हो जाएगा और वे सीवी के ढेर में नए आवेदन पर नजर घुमाएंगे।

## कॉन्टेक्ट डिटेल्स अपडेट किया

भेजने से पहले आपको सीवी आपको बार-बार चेक करना चाहिए। यह सुनिश्चित कर लें कि आपने आपका वर्तमान ई-मेल एड्रेस, मोबाइल नंबर और लैंडलाइन नंबर डॉक्यूमेंट्स में अपडेट कर लिया है। अगर आपने आपका पुराना सोशल मीडिया अकाउंट्स डिलीट कर दिया है तो यह सुनिश्चित कर लें कि आपने उसे सीवी से भी हटा दिया है। अगर आपने सोशल मीडिया अकाउंट्स में प्राइवेसी सेटिंग कर रखी है तो एचआर को इसके जरिए संपर्क करने का मत कहिए।





**भारत में मैनेजमेंट में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के बीच एमबीए इन मार्केटिंग हमेशा से एक लोकप्रिय स्पेशलाइजेशन रहा है। मगर अब डिजिटल युग के आने से मार्केटिंग के क्षेत्र में जबरदस्त बदलाव आया है और अब इसमें डिजिटल मार्केटिंग भी शामिल हो गई है।**

# अब डिजिटल मार्केटिंग में पा सकते हैं एमबीए डिग्री

पढ़ाई के क्षेत्र के रूप में डिजिटल मार्केटिंग का इतना व्यापक प्रभाव पड़ा है कि अब मार्केटिंग और डिजिटल मार्केटिंग को एक ही माना जाने लगा है। यूं तो दोनों ही क्षेत्रों में मूल काम उत्पादों व सेवाओं का प्रमोशन तथा सेल्स है मगर डिजिटल मार्केटिंग में अपनाई जाने वाली रणनीतियां परंपरागत मार्केटिंग से बहुत अलग और कहीं अधिक प्रभावी होती हैं। डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र की बढ़ती लोकप्रियता और इसके लगातार विस्तार को देखते हुए मैनेजमेंट गुरुओं ने एमबीए कोर्स के लिए डिजिटल मार्केटिंग में स्पेशलाइजेशन की अलग ब्रांच की जरूरत महसूस की। आज डिजिटल मार्केटिंग में एमबीए का विकल्प तो उपलब्ध है मगर कई विद्यार्थियों में इस बात को लेकर भ्रम की स्थिति है कि मार्केटिंग और डिजिटल मार्केटिंग में क्या अंतर है और वे इन दोनों में से किस स्पेशलाइजेशन का चयन करें। तो चलिए, डिजिटल मार्केटिंग के बारे में थोड़ा और विस्तार से जानते हैं।

## डिजिटल मार्केटिंग से कैसे अलग

जहां 'मार्केटिंग'' में सभी प्रकार की मार्केटिंग आती है, वहीं 'डिजिटल मार्केटिंग'' में केवल डिजिटल माध्यमों द्वारा की गई मार्केटिंग शामिल है। इनमें वेबसाइट, सोशल नेटवर्क, बैनर ऐड, गूगल ऐड, सर्च रिजल्ट, यूट्यूब वीडियो आदि आते हैं। परंपरागत मार्केटिंग में विज्ञापनदाता से उपभोक्ता की ओर सूचना का एकतरफा प्रवाह होता है। वहीं डिजिटल मार्केटिंग में दोतरफा संवाद संभव है। परंपरागत मार्केटिंग में जहां विज्ञापन की लागत बहुत अधक आती है, वही डिजिटल मार्केटिंग में यह कम रहती है। परंपरागत मार्केटिंग कैंपेन काफी पहले से प्लान किए जाते हैं मगर डिजिटल कैंपेन तात्कालिक भी हो सकते हैं।

## एमबीए इन डिजिटल मार्केटिंग

कई युवाओं का तर्क होता है कि केवल डिजिटल मार्केटिंग में एमबीए कर अपनी पढ़ाई का स्कोप सीमित करने के बजाय मार्केटिंग में एमबीए करना बेहतर है। यह बात अपनी जगह सही हो सकती है मगर आप जरा डिजिटल मार्केटिंग को भविष्य के नजरिये से भी देखें। पिछले एक दशक में सारे बिजनेस घरानों ने अपना ध्यान मार्केटिंग के परंपरागत माध्यमों से हटाकर डिजिटल माध्यमों पर केंद्रित कर दिया है। डिजिटल मार्केटिंग की लोकप्रियता के कई कारण हैं, जिनमें प्रमुख हैं कम लागत, तत्काल प्रतिसाद, लचीलापन, सुविधा और प्रभावशीलता। कई जानकार तो यह भी कहते हैं कि आज के दौर में अगर आपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मार्केटिंग नहीं की, तो ग्राहक आपसे दूर ही रहेंगे। इसमें कोई शक नहीं कि आने वाले समय में सारी मार्केटिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर ही जाएगी। इस प्लेटफॉर्म पर खास तरह की मैनेजमेंट स्किल की जरूरत होती है। इसीलिए एमबीए इन डिजिटल मार्केटिंग एक बेहतर तथा आकर्षक करियर ऑप्शन बन गया है।

## क्या है स्कोप

हमारे यहां अब भी यह फील्ड अपने शुरूआती दौर में है और इसके बड़ी तेजी से विस्तार लेने की उम्मीद है। डिजिटल मार्केटिंग में एमबीए के विद्यार्थियों को तकनीकी बुनियाद तथा डिजिटल लैंग्वेज के कॉन्सेप्ट्स से रूबरू कराया जाता है। इसमें ये विषय भी शामिल होते हैं : वेब एनालिटिक्स, एडवर्टाइजिंग कम्युनिकेशन, बायर बिहेवियर, मार्केटिंग मैनेजमेंट, बी2बी ई-मार्केटिंग, इंटरनेट मार्केटिंग स्ट्रैटेजी आदि। भविष्य में इनमें सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, सर्च इंजिन मार्केटिंग आदि के भी शामिल किए जाने की संभावना है।

## पे-पैकेज

काफी नई फील्ड होने के बावजूद डिजिटल मार्केटिंग वेतन के लिहाज से बेहद आकर्षक है। एक नया डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर 4 से 5 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज पा सकता है। अनुभव के साथ इसमें तीव्रता से वृद्धि होती है। 5 से 7 साल का अनुभवी डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर 10-12 लाख का वार्षिक पैकेज पा सकता है।

## करियर ऑप्शन

**डिजिटल मार्केटिंग में डिग्री लेने के बाद करियर के कई ऑप्शन खुले होते हैं। फिलहाल हम इनमें से 3 सबसे बेहतर ऑप्शंस की चर्चा करेंगे।**

### डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर

इन्हें मार्केटिंग की भाषा में 'बज क्रिएटर'' भी कहा जाता है। ये कस्टमर बिहेवियर डेटा पर काम करते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मार्केटिंग की ऐसी रणनीति तैयार करते हैं, जिससे उस उत्पाद या सेवा के प्रति उपभोक्ता की जिज्ञासा जागे। ईमेल मार्केटिंग, ईकॉमर्स, सोशल मीडिया कैंपेन आदि इनके काम का हिस्सा हैं। डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर के रूप में जॉब के अवसर अकेले इस साल ही 12 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। अगर आप डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर के रूप में करियर बनाना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि आप कोडिंग, वेब डिजाइन, एप्लिकेशन डेवलपमेंट, मार्केटिंग इकोनॉमिक्स तथा जनरल मैनेजेरियल एप्टिट्यूड में पारंगत हो जाएं।

### इंटरनेट मार्केटिंग मैनेजर

अगर आपमें डेटा कलेक्शन और प्रोसेसिंग का हुनर है, तो आप इस फील्ड में करियर बना सकते हैं। इंटरनेट मार्केटिंग मैनेजर को मुख्य रूप से मार्केट रिसर्च एनालिस्ट के रूप में काम करना होता है। वे कस्टमर बिहेवियर डेटा का अध्ययन कर यह तय करते हैं कि उत्पाद या सेवा की बिक्री की कितना संभावना है। इसमें एमबीए की डिग्री के अलावा मार्केट रिसर्च एंड एनालिसिस में सर्टिफिकेशन आपके काम आएगा।

### डिजिटल सेल्स मैनेजर

मार्केटिंग व सेल्स एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सो कई कंपनियां डिजिटल सेल्स की जिम्मेदारी डिजिटल मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोफेशनल को सौंपती हैं। यदि आपको डिजिटल मीडिया व निजता कानूनों, ब्राण्ड मैनेजमेंट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स आदि का ज्ञान है, तो डिजिटल सेल्स मैनेजर के रूप में यह आपको बहुत काम आएगा।





# साइंस स्टूडेंट्स के लिए इस क्षेत्र में ढेरों हैं संभावनाएं

विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आए दिन नई-नई शाखाएं जुड़ रही हैं। नैनो टेक्नोलॉजी भी तुलनात्मक रूप से एक नया क्षेत्र है। नैनो टेक्नोलॉजी के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर देश-विदेश में छलांगें लगाकर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। नैनो टेक्नोलॉजी को 'साइंस ऑफ मिनिएचर' अर्थात लघुतर का विज्ञान भी कहा जाता है। जब कोई वस्तु या सामग्री नैनो डाइमेंशन (10-9 मीटर = 1 नैनोमीटर) में बदल जाती है, तो उसके भौतिक, रासायनिक, चुंबकीय, प्रकाशीय, यांत्रिक और इलेक्ट्रिक गुणों में बड़ा भारी परिवर्तन आ जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो नैनो टेक्नोलॉजी एक ऐसा विषय क्षेत्र है, जिसमें नए अवसरों की भरमार है। नैनो टेक्नोलॉजी वैज्ञानिकों को व्यावहारिक सीमाओं से परे जाकर आणविक स्तर पर प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करती है।

## हर क्षेत्र में पैठ

नैनो टेक्नोलॉजी वर्तमान में मानवीय जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में प्रवेश कर चुकी है। यह तकनीक बायोसाइंस, मेडिकल साइंस, पर्यावरण विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, कॉस्मेटिक्स, सिक्योरिटी, फैब्रिक्स और विविध क्षेत्रों में चमत्कार कर रही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि नैनो टेक्नोलॉजी प्रत्येक क्षेत्र जैसे मेडिसिन, एयरोस्पेस, इंजीनियरिंग, विभिन्न उद्योगों और तकनीकी क्षेत्रों, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी। कुल मिलाकर ऐसा कोई क्षेत्र नहीं होगा, जो नैनो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल नहीं करेगा।

## आर एंड डी पर आधारित

आने वाले समय में नैनो टेक्नोलॉजी के फायदों को देखते हुए पूरे विश्व में अकादमिक स्तर पर इसे एक विषय के रूप में अपनाया जा रहा है। नैनो टेक्नोलॉजी के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स हमारे देश में उपलब्ध हैं। एमटेक और एमएससी कोर्स में प्रवेश के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, बायोइंफॉर्मेटिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन आदि विषयों से ग्रेजुएशन कर चुके विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर दिया जाता है।

नैनो टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम का स्वरूप मूलत: रिसर्च एवं डेवलपमेंट (आर एंड डी) पर आधारित होता है। इसके पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को पहले संबंधति विषय के आधारभूत सिद्धांतों से परिचित कराया जाता है। इसके बाद इस तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग के अनुरूप अप्लाइड रूप देकर अन्य विषयों की जानकारी दी जाती है, ताकि पाठ्यक्रम रोचक, वस्तुनिष्ठ व ज्ञान पर आधारित बन सके। इसमें पदार्थ के भौतिक, रासायनिक तथा जैविक गुणों का सूक्ष्मतम अध्ययन कराया जाता है। पाठ्यक्रम की विषयवस्तु में क्वांटम थ्योरी, लिथोग्राफी, कार्बनिक और अकार्बनिक नैनो मटेरियल, स्पेक्ट्रोग्राफी, ऑप्टिकल माइक्रोस्कोपी, एक्स-रे डिफ्रैक्शन, रमन प्रभाव, नैनो बायोसाइंस, जीन स्ट्रक्चर आदि शामिल हैं।

## करियर के कई विकल्प

नैनो टेक्नोलॉजी का अध्ययन करने वालों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में करियर के अच्छे विकल्प उपलब्ध हैं। यह तकनीक रक्षा, सैन्य सामग्री निर्माण, फॉरेंसिक साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान करती है। नैनो टेक्नोलॉजी पर्यावरण, कृषि, टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार प्रदान करती है। इस तकनीक का प्रयोग कैंसर के इलाज में भी किया जा रहा है। इसलिए स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में यह तकनीक अच्छी करियर की संभावनाएं रखती है। नैनो टेक्नोलॉजी के अध्यापन के क्षेत्र में भी करियर बनाया जा सकता है।

## खुल रहे हैं नए द्वार

नैनो टेक्नोलॉजी के द्वारा विभिन्न तत्वों की बॉण्ड संरचना में परिवर्तन करने पर या उनका आपस में संयोग करने पर एकदम नए तत्व का निर्माण भी किया जा सकता है। इस विषय में अभी बहुत-से नए आयाम खोजे जाने बाकी हैं तथा इसके प्रयोग से भौतिकी के लगभग सभी सिद्धांतों को यथार्थ रूप दे पाना संभव हो सकता है। इसलिए यह विषय शोधर्थियों के लिए कार्यक्षेत्रों के नए द्वार खोलता है। इस टेक्नोलॉजी को और भी उन्नात बनाने तथा भविष्य में इस क्षेत्र में नई संभावनाओं की तलाश करने के लिए भारत सरकार भी पहल कर रही है। अमेरिका का नेशनल साइंस फाउंडेशन 'नेशनल नैनो टेक्नोलॉजी इनिशिएटिव' नामक योजना चला रहा है। इसके साथ ही विश्व के तमाम उन्नत देश भी इस पर अलग-अलग नामों से योजनाएं चला रहे हैं। अनेक देश इस विषय में शोध के लिए प्रतिवर्ष अरबों रुपए खर्च कर रहे हैं। स्पष्ट है कि इसके चलते इस क्षेत्र में जॉब्स के भरपूर अवसर निर्मित होने जा रहे हैं। नैनो टेक्नोलॉजी को आज जिन प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वे हैं शिक्षित, प्रशिक्षित तथा कुशल कर्मचारियों की कमी। नैनो टेक्नोलॉजी विभिन्न प्रमुख नवाचारों के विकास में संलग्न है और इस क्षेत्र में नित नए प्रयोग हो रहे हैं, जिससे कुशल मानवशक्ति को रोजगार के उजले अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

## प्रमुख संस्थान

- आईआईटी, दिल्ली
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी, कानपुर
- जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस साइंटिफिक रिसर्च, बेंगलुरू
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू
- नेशनल केमिकल लैबोरेट्री, पुणे
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी

# गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है : बीसीसीआई पर भड़के पूर्व बल्लेबाज

**मुम्बई (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क = भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए पिछले हफ्ते टीम की घोषणा की गई। शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी मिली। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद कई अटकलों के बीच जसप्रीत बुमराह को विकल्प के रूप में देखा जा रहा था और गिल की घोषणा ने कुछ लोगों को चौंका दिया जिसमें एक नाम पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग का भी है। सहवाग ने बीसीसीआई के इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि शुभमन गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते।



सहवाग ने कहा, 'वह दूसरा सबसे अच्छा विकल्प था। लेकिन जो प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठता, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है? इसलिए मुझे लगता है कि यहां तर्क यह था कि उन्होंने देखा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प कौन था, और वह गिल थे और ऐसा ही हुआ।' दूसरी ओर सहवाग बुमराह को अतिरिक्त जिम्मेदारी न देने के लिए चयनकर्ताओं से सहमत थे। हालांकि वह तिवारी से असहमत थे और उन्होंने गिल को 'तीसरा सबसे अच्छा विकल्प' बताया, न कि दूसरा। उन्होंने कहा, 'एक सीरीज के लिए बुमराह ठीक हैं। लेकिन एक दीर्घकालिक विकल्प के रूप में आपको यह पूछने की जरूरत है कि अगर भारत एक साल में 10 टेस्ट खेलता है, तो क्या वह उन सभी मैचों में खेल पाएगा? या वह कितने मैच खेल सकता है? कप्तान चुनने में यह एक प्रमुख कारक है। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही निर्णय था क्योंकि उन्हें लगा कि वे बुमराह पर इतना दबाव और भार नहीं डाल सकते। तिवारी ने कहा कि गिल दूसरे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह ऋषभ पंत हैं, और गिल तीसरे सर्वश्रेष्ठ हैं।'

सहवाग ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने और विराट कोहली के बाद आधुनिक समय के दर्शकों के लिए इसे मनोरंजक बनाने के लिए पंत की प्रशंसा की। सहवाग ने यह भी व्यक्त किया कि अगर पंत अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटते हैं तो उन्हें भविष्य में संभावित कप्तान के रूप में पेश किया जा सकता है। सहवाग ने कहा, 'पंत ने टेस्ट क्रिकेट के लिए जो किया, वह किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया। विराट कोहली के बाद अगर कोई एक खिलाड़ी है जिसने प्रशंसकों को टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए मजबूर किया है, तो वह पंत है। लेकिन क्योंकि वह दुर्घटना का शिकार हुआ, चोटिल हो गया और फिर वापस आया, उसका उतना प्रभाव नहीं पड़ा, और इसलिए उसे उप-कप्तान बनाया गया, यह सोचकर कि अगर वह फॉर्म में वापस आ जाता है, तो वे भविष्य में उसे कप्तान बनाने का फैसला ले सकते हैं। लेकिन बहुत कम गेंदबाज हैं जिन्हें कप्तान बनाया जाता है। मेरे करियर में यह सिर्फ अनिल कुंबले थे, जिन्हें यह प्रारूप पसंद था, वे उपलब्ध थे और उनका प्लेइंग इलेवन में होना तय था।'

# सिंधु और प्रणय ने सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया। एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

इस बीच हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मुकाबले में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी। जबकि अनमोल को चीन की चेन यूफेई से दूसरे गेम में करीबी हार मिली। अनमोल को 21-11, 24-22 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी चीन के चेंग जिंग/झांग ची की जोड़ी से 18-21,13-21 से हार गई।

# आईपीएल समापन समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न मनाएगा बीसीसीसीआई

### -तीनो सेनाओं के प्रमुखों शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को किया जाएगा आमत्रित

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाएगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि यह जश्न तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के दिन मनाया जाएगा। इसके लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया जाएगा। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान सेना को ऑपरेशन सिंदूर में उनके 'वीरतापूर्ण प्रयासों के लिए सलामी दी जाएगी। सैकिया ने कहा, 'हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की 'वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा को नमन करता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सभी को प्रेरित भी किया। सैकिया ने कहा, 'उनकी सराहना के तौर पर हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जहां देश में क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना है पर हमारे देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद पाक सेना के हमलों को भी भारतीय सेना ने विफल कर करते हुए जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की थी।

# चोटों से जूझ रहा बांग्लादेश, पाकिस्तान के खिलाफ युवा तेज गेंदबाजों पर जताया भरोसा

**लाहौर (एजेंसी)।** चोट के कारण सीनियर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद के बाहर होने के बाद बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस को उम्मीद है कि बाकी तेज गेंदबाज पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करेंगे, जो बुधवार को लाहौर में शुरू होगी। तस्कीन टखने की चोट के कारण दो महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हैं, जबकि मुस्तफिजुर को पिछले हफ्ते दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने अंतिम इंडियन प्रीमियर लीग 2025 मैच के दौरान अंगूठे में चोट लग गई थी।

सिमंस ने कहा, 'आपको अपने सीनियर तेज गेंदबाजों की कमी खलेगी। जैसा कि हमने देखा, फिज (मुस्तफिजुर) उस समय आईपीएल में किस तरह की गेंदबाजी कर रहे थे। हमें उनकी कमी खलेगी। यह किसी के लिए इस सीरीज में उनकी जगह लेने का मौका भी है। उम्मीद है कि कोई गेंदबाज इस सीरीज में फिज की जगह लेना चाहेगा। इस फॉर्मेट में हमारी गेंदबाजी आमतौर पर हमारी मजबूती होती है। लेकिन दो वरिष्ठ गेंदबाजों, तस्कीन और फिज के बाहर होने से संतुलन बिगड़ा है।'




मुस्तफिजुर की अनुपस्थिति में चयनकर्ताओं ने खालिद अहमद को शामिल किया है। नाहिद राणा के प्रतिस्थापन खिलाड़ी को नहीं चुना गया है जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए दौरे से नाम वापस ले लिया है। खालिद के अलावा, तेज गेंदबाजी इकाई में तंजीम हसन साकिब, हसन महमूद और शोरीफुल इस्लाम शामिल हैं। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को भी चोटिल सौम्य सरकार की जगह लाया गया है ताकि उनके गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत किया जा सके।

यूएई से 2-1 से सीरीज हारने के बावजूद सिमंस आशावादी बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि टीम का मनोबल अच्छा है और लाहौर में शानदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने को उत्सुक है। उन्होंने कहा, 'यूएई में सीरीज हारना मुश्किल था, लेकिन फिर कभी-कभी इससे आपका मनोबल बढ़ता है। हमारा मनोबल बहुत अच्छा रहा है, इसलिए हमें उम्मीद है कि (यूएई में परिणाम) हमारा मनोबल बढ़ाएगा।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सीरीज जीतने का हमेशा अच्छा मौका रहता है। लोग कहते रहते हैं कि पाकिस्तान अच्छा नहीं खेल रहा है। फिर से, यह उस दिन होने वाली घटनाओं पर निर्भर करता है। हमारे पास यहां सीरीज जीतने का अच्छा मौका है। हम सभी पहलुओं में सुधार करने की कोशिश में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।'

यह सीरीज बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी विभाग के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत भी करेगी, जिसमें शॉन टैट दो साल के अनुबंध पर तेज गेंदबाजी कोच के रूप में अपने पहले काम के लिए कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सिमंस ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी कोच मुश्ताक अहमद के साथ टैट, जो दोनों कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी के साथ हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में शामिल थे, विपक्षी टीम की ताकत के बारे में मूल्यवान जानकारी देंगे।

# इंग्लैड दौरे में बुमराह पर अधिक बोझ नहीं डालें : शास्त्री

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कहा है कि इंग्लैड दौरे में टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ नही डाला जाना चाहिये। शास्त्री ने कहा कहा कि बुमराह को हर दो मैच के बाद आराम दिया जाना चाहिये। साथ ही कहा कि उन्हें इस बात की आजादी दी जानी चाहिये कि वह अपने अनुसार मैच चुन सकें। भारतीय टीम 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज में इंग्लैंड से खेलेगी और इसे उसके नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत भी होगी। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे में लगी पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहे थे। इस गेंदबाज ने आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेल में वापसी की थी। शास्त्री ने कहा कि मैं बुमराह को लेकर सतर्क रहूंगा। मैं उसे एक बार में दो टेस्ट मैच दूंगा और फिर ब्रेक का इंतजार करूंगा। साथ ही कहा कि आदर्श रूप से उसे चार खेलने दें। अगर वह शानदार शुरूआत करता है तो आप उसे पांच मैच खेलने के लिए कहेंगे पर ये उसके शरीर पर निर्भर करता है। बुमराह को ये तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए कि वह कौन सा मैच छोड़ता चाहता है। उन्होंने कहा कि उसे ये कहने का पहला अवसर दिया जाना चाहिए कि हां, मुझे थोड़ी परेशानी हो रही है। एक ब्रेक से उसे सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुमराह, मोहम्मद सिराज के होने से भारतीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड पर हावी रहेंगे।



# सूर्यकुमार मुम्बई की ओर से एक सत्र में सबसे ज्यादा रन और छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

जयपुर। मुंबई इंडियंस के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपने आक्रामक अर्धशतक के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सूर्या ने इस मैच में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसी केसाथ ही सूर्या मुम्बई की ओर से एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। सूर्या ने इसी मैच में श्रीलंकाई बल्लेबाज सनथ जयसूर्या के मुंबई की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड भी तोड़ दिया। सूर्यकुमार ने अब तक 14 मैचों में 640 रन बनाये हैं।




इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन के नाम था, जिन्होंने साल 2010 में मुम्बई की ओर से 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने साल 2023 सत्र में 605 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लेंडल सिमंस ने साल 2015 में 540 रन बनाए थे। वही रोहित शर्मा ने 2013 सत्र में 538 रन बनाये थे। इस सत्र में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार के नाम है। उन्होंने 2025 सत्र में अब तक 14 बार 25 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने साल 2018 में 13 बार यह रिकार्ड बनाया था। वही शुभमन गिल ने साल 2023 सत्र में 13 बार 25 से अधिक रन बनाये थे। अब टी20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25 से अधिक रन बनाने का रिकार्ड सूर्यकुमार के नाम है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार 25 से अधिक रनों का रिकॉर्ड्स तोड़ा। इसके अलावा सूर्यकुमार ने इस सत्र में सबसे अधिक छक्के लगाये। सूर्यकुमार ने अब तक 32 छक्के लगाये हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने साल 2008 में 31 छक्के लगाए थे। वहीं तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के लगाये थे।

# वैभव सूर्यवंशी की टाइमिंग से महान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव वॉ हैरान, करियर को लेकर दी खास सलाह

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा' बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे।

राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। वॉ ने जियो स्टार पर कहा, '14 साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाए रखने की होगी।'



वॉ का मानना है कि एक करोड़ से अधिक का आईपीएल करार पा चुके सूर्यवंशी 16 वर्ष के होने से पहले करोड़पति होंगे और उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा। उन्होंने कहा, 'क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह एक चुनौती होगी।' उन्होंने कहा, 'उसके पास कौशल है और वह मानसिक रूप से मजबूत है। आप चाहते हैं कि उसके जैसा बल्लेबाज कामयाब हो। क्रिकेट के लिए यह शानदार कहानी है। मैं आईपीएल ज्यादा नहीं देखता लेकिन इस तरह का कोई खिलाड़ी आता है तो देखने का मन करता है।' भारत में हर नए बल्लेबाजी स्टार की तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है लेकिन वॉ ने कहा कि सूर्यवंशी या किसी की भी तुलना उनसे नहीं होनी चाहिये क्योंकि तेंदुलकर जैसी प्रतिभा बार बार नहीं आती। पर्थ में 1991-92 में 18 वर्ष के तेंदुलकर की 114 रन की पारी आज भी याद की जाती है। वॉ ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि सचिन तेंदुलकर से किसी की भी तुलना हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया में आकर पर्थ में शतक जड़ना जो दुनिया की सबसे कठिन पिचों में से है और जहां अधिकांश खिलाड़ी जूझते नजर आते हैं।' उन्होंने कहा, 'पर्थ में इतनी कम उम्र में शतक लगाना हैरानी भरा था। सचिन तेंदुलकर जैसा दूसरा आसानी से नहीं मिल सकता। लेकिन मैंने एक 14 साल के लड़के के ढ्क्क में शतक लगाने की कल्पना भी नहीं की थी।'

# धोनी का आगे खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा : उथप्पा

मुम्बई। आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और वह अंतिम स्थान पर रही है। नियमित कप्तान रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण सत्र के बीच में ही 43 साल की उम्र में महेन्द्र सिंह धोनी ने टीम की कप्तानी संभाली थी पर इसके बाद भी टीम के प्रदर्शन में कोई बदलाव नहीं आ पाया। ऐसे में टीम के अनुभवी खिलाड़ियों की तरह ही धोनी के भी टीम में बने रहने पर सवाल उठे है। ये भी कहा जा रहा है कि धोनी 43 साल के हो गये हैं और अब उन्हें संन्यास ले लेना चाहिये। वही धोनी ने अभी इस मामले में कुछ नही कहा है। पूर्व क्रिकेट रॉबिन उथप्पा का कहना है कि महेन्द्र सिंह धोनी अगले आईपीएल में खेलेंगे या नही इस बारे में तो वह नही कह सकते पर ये सब उनकी फिटनेस पर आधारित रहेगा। उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। उथप्पा के अनुसार धोनी अगले साल 44 साल के हो जाएंगे पर जिस प्रकार से खेल से उन्हें प्यार है। ऐसे में धोनी खेलते रहना चाहेंगे पर ये इसपर भी निर्भर करेगा कि उनका शरीर कितना साथ देता है। उथप्पा ने कहा, फ्यह सब उनकी सेहत और उनकी भावना पर निर्भर करता है। उनके अंदर खेल को लेकर जुनून है। इसका अंदाजा इसी से होता है कि धोनी ने 2025 में सीएसके के लिए हर मैच खेला और पिछले दो सत्र की तुलना में अधिक गेंदें खेली हालाकि, धोनी को निचले क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए आलोचना का भी सामना करना पड़ा था। इसके लेकर टीम के कोच ने कहा था कि अब उनका शरीर पहले की तरह नहीं है और वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इस स्थिति को देखते हुए उथप्पा ने उम्मीद जताई कि धोनी या तो सीएसके के साथ बने रहेंगे या छोटी नीलामी से पहले टीम को अपने फैसले के बारे में जानकारी देंगे जिससे उनकी जगह किसी और को लिया जा सके। उथप्पा ने कहा कि जैसे धोनी ने 2020 में सोशल मीडिया पर अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी वैसा कुछ करेंगे।



# शीर्ष दो में जगह बनाना अद्भुत, लेकिन हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है : शशांक सिंह

जयपुर। पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ की शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई। शशांक ने कहा, 'यह वास्तव में अद्भुत अहसास है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने सामूहिक प्रयास से इसे हासिल किया। नीलामी के ठीक बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और इस साल खिताब जीतने के बारे में बात की। हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है।' इस 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि विश्वास और कड़ी मेहनत ही उनके सपने को वास्तविकता में बदलने की कुंजी थी। उन्होंने कहा, 'अपनी बात को जाहिर करना अलग चीज है और उस पर विश्वास करना अलग। हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और इसका श्रेय पंजाब किंग्स से जुड़े हर एक व्यक्ति को जाता है। आईपीएल जैसी लीग में शीर्ष दो में रहना आसान नहीं है।'



# क्रिकेट में दो ही गेंदबाजों के नाम है ये रिकार्ड

मुम्बई। क्रिकेट में कुछ ऐसे बातें हैं जिनके बारे में काफी कम लोगों को जानकारी है। इसी में एक डबल हैट्रिक भी है। हैट्रिक का मतलब जहां लगातार तीन विकेट लेना है। वहीं डबल हैट्रिक को लेकर लोग अंदाजा लगाते हैं कि इसमें 6 विकेट होंगे पर ऐसा नहीं है। क्रिकेट में डबल हैट्रिक तब कहा जाता है जब कोई गेंदबाज लगातार तीन से ज्यादा विकेट ले ले। कोई गेंदबाज लगातार 4 गेंद पर 4 विकेट हासिल करता है तो उसे डबल हैट्रिक कहा जाता है। क्रिकेट इतिहास में बहुत ही कम ऐसे गेंदबाज हुए हैं जिन्होंने डबल हैट्रिक ली है। इसका कारण है कि किसी भी गेंदबाज के लिए अपने ओवर में बिना किसी वाइड, नो बॉल के लगातार चार विकेट लेना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि होती है। वही डबल हैट्रिक की बात करें तो अंतरराष्ट्री क्रिकेट में श्रीलंका के महान तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा और बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने यह उपलब्धि हासिल की है। है। मलिंगा ने साल 2007 एकदिवसीय विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में लगातार चार गेंद पर चार विकेट लेकर इतिहास रचा था। इसके अलावा बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने घरेलू लीग मैच में लगातार 4 गेंद 4 विकेट लेकर ये कारनामा किया था।



# हमने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है : पंजाब किंग्स के मुख्य कोच पोंटिंग

**जयपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि टीम ने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है और एक दशक से अधिक समय में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना अभी आधा-अधूरा काम है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे।

पोंटिंग ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'मुझे लगता है कि यह स्पष्ट हो गया है कि यह वास्तव में एक प्रतिभाशाली टीम है जो सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हां, यह अब तक की एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन वास्तव में यदि आप अतीत पर गौर करें तो हमने अभी तक कुछ भी हासिल नहीं किया है। यह एक बात है जो मैं खिलाड़ियों से उस समय से कह रहा हूं जब हमने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था।' पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, 'मेरा लक्ष्य शुरू से शीर्ष दो में रहना था और अब हम वहां पहुंच गए हैं। यह एक ऐसी टीम है जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का भरपूर आनंद ले रहा है।' पोंटिंग ने कप्तान श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ की। पिछली बार जब पोंटिंग-अय्यर की जोड़ी दिल्ली कैपिटल्स के लिए कोच और कप्तान थी, तब उन्होंने कोविड-19 के समय में टीम को अपने पहले फाइनल में पहुंचाया था।

पोंटिंग ने कहा, 'मैं उनके (अय्यर) साथ दोबारा काम करने के लिए काफी उत्सुक था। यह बिल्कुल स्पष्ट था कि नीलामी में मैं उन पर कितना पैसा खर्च करने को तैयार था। उनके कप्तान रहते हुए हमने दिल्ली को फाइनल में पहुंचाया था।' उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी के रूप में लंबे समय से जानता हूं। वह एक बेहद कुशल इंसान हैं। यदि आप खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात करें, तो मुझे लगता है कि उनमें से प्रत्येक श्रेयस की बहुत प्रशंसा करेगा, क्योंकि उसने खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताया है। उन्होंने जरूरत पड़ने पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उनकी पीठ थपथपाई जो एक अच्छे और मजबूत कप्तान का लक्षण है।'



## पंचकूला सामूहिक आत्महत्या मामला : गठित की गई जांच टीम

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा के पंचकूला जिले में सामूहिक आत्महत्या की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सेक्टर-27 स्थित एक मकान के बाहर खड़ी कार में एक ही परिवार के सात लोगों के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है और इस संवेदनशील मामले की तह तक जाने के लिए 5 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, डीसीपी हिमाद्री कौशिक और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीमों ने कार की गहन जांच की और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। डीसीपी कौशिक ने बताया कि सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे और प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी एंगल से जांच की जा रही है। फिलहाल सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पंचकूला पुलिस के मुताबिक, कार से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, लेकिन कुछ संदिग्ध सामान और पदार्थ भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच को तेजी देने और किसी भी संभावित एंगल को नजरअंदाज न करने के निर्देश दिए हैं। पूरे शहर में इस घटना के बाद शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## टीडीपी पार्टी कल्याण, सुधार और विकास के लिए एक ट्रेंडसेटर : नायडू

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीडीपी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि केंद्र में विभिन्न सरकारों द्वारा लिए गए कई फैसलों में टीडीपी ने अहम भूमिका निभाई है और पार्टी कल्याण, सुधार और विकास के लिए एक ट्रेंडसेटर है। टीडीपी महानाडु को संबोधित कर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 43 सालों में टीडीपी ने कई चुनौतियों का सामना किया है। कई लोगों ने कहा कि पार्टी खत्म हो रही है, लेकिन इसका झंडा हमेशा ऊंचा रहा है। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा (अलग-अलग समय पर) लिए गए कई फैसलों में टीडीपी ने अहम भूमिका निभाई है। आंध्र प्रदेश आज जो सोचता है, भारत कल वही सोचता है, यह कई बार साबित हो चुका है। उन्होंने कहा कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को काफी नुकसान उठाना पड़ा और कई टीडीपी कार्यकर्ताओं की जान गई। उन्होंने कहा कि देश में कई राजनीतिक दल हैं। लेकिन टीडीपी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि जब संगठनात्मक ताकत की बात आती है, तब टीडीपी देश की सबसे मजबूत पार्टियों में से एक है। नायडू ने कहा कि पार्टी ने मात्र 45 दिनों में एक करोड़ सदस्यों को जोड़कर सदस्यता अभियान पूरा किया है। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन टीडीपी महानाडु मंगलवार को यहां शुरू हुआ। यह 27 से 29 मई तक चलेगा।

## 29 मई को पटना पहुंच रहे पीएम मोदी, बिहारवासियों को 50 हजार करोड़ की सौगात मिलेगी

पटना (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29 मई को होने वाली बिहार दौरे को लेकर पटना में तैयारियां चल रही हैं। इस लेकर बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि पीएम के दौरे को लेकर राज्य भर में भारी उत्साह है। बिहारवासियों को 50 हजार करोड़ की सौगात मिलने वाली है। यह दौरा सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि ऐतिहासिक मौका है। जायसवाल ने बताया कि पटना का नया और भव्य एयरपोर्ट अब बनकर तैयार है। इसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले हैं। साथ ही बिहटा में प्रस्तावित एयरपोर्ट का शिलान्यास भी पीएम मोदी करने वाले हैं। इससे राज्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती मिलेगी। पीएम मोदी पटना में रोड शो करने वाले हैं। यह रोड शो एयरपोर्ट से शुरू होकर शेखपुरा मोड़, इनकम टैक्स गोलंबर होते हुए बीजेपी प्रदेश कार्यालय तक जाएगा। रास्ते में 32 जगहों पर स्वागत मंच लगाए जाएंगे। यहां आम लोग और पार्टी कार्यकर्ता पीएम का स्वागत करने वाले हैं। इस लेकर पटना को सजाया जा रहा है, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियां भी जोरों पर हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी करीब 20 जून तक फिर बिहार आ जाएंगे। इस दौरान वे बिहार को और भी कई बड़े सौगात देने वाले हैं।

## कर्ज से परेशान होकर एक ही परिवार के 7 लोगों ने जहर खाकर दी जान

पंचकूला (एजेंसी)। यहां एक ही परिवार के 7 लोगों ने कार में खाया जहर खाकर जान दे दी। मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले परिवार में दंपति, उनके तीन बच्चे और दो बुजुर्ग ने संदिग्ध हालत में जहर खा लिया। सातों को सेक्टर-26 के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर एक को छोड़कर बाकी सभी को मृत घोषित कर दिया गया। जो बचा था, उसने सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सेक्टर 27 में एक खाली प्लॉट के सामने खड़ी कार में प्रवीण मित्तल (42), उनकी पत्नी, तीन बच्चे (एक बेटा व दो बेटियां) और प्रवीण के बुजुर्ग माता-पिता सोमवार रात सवा 12 बजे संदिग्ध अवस्था में मिले। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलवाकर सातों को सेक्टर 26 के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचवाया। वहां पर प्रवीण को छोड़कर परिवार के बाकी सभी सदस्यों को मृत घोषित कर दिया गया। प्रवीण की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सेक्टर 6 के सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। जांच में पुलिस को कार से बच्चों के स्कूल बैग, खाने पीने का सामान, कपड़े व अन्य चीजें मिली हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पंचकूला की डीसीपी हिमाद्री कौशिक, डीसीपी क्राइम अमित दहिया व थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीन ऑफ क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने भी मौके से सबूत जुटाए। प्राइवेट अस्पताल में खड़ी मृतक परिवार की उत्तराखंड नंबर वाली कार को भी मुआयना किया। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह मामला सामूहिक आत्महत्या का लग रहा है। परिवार पंचकूला में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस के अनुसार परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि प्रवीण मित्तल के परिवार पर भारी कर्ज था। कुछ समय पहले उन्होंने देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का बिजनेस शुरू किया था। उसमें भी उनको घाटा हुआ।

# पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र कर सीएम उमर ने केंद्र से की पर्यटन पुनर्जीवन की मांग



पहलगाम (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राज्य में शांति और विकास के संदेश को मजबूती देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार, 27 मई को पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित कर उन्होंने केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस समर्थन की मांग की है।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने केंद्र से अपील की कि कश्मीर में सार्वजनिक उपक्रमों और संसदीय समितियों की बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि जनता में विश्वास पैदा हो और देश-दुनिया को यह संदेश मिले कि घाटी आतंकवाद से नहीं, सकारात्मक बदलावों से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि यह मांग पहले भी नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में रखी जा चुकी है।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, कि हमारी सरकार लोगों के मन से डर हटाकर उन्हें विश्वास और सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए काम कर रही है। इससे पर्यटन उद्योग को फिर से जीवंत करने में मदद मिलेगी और घाटी में सामान्य स्थिति लौटेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 5-6 सप्ताह कश्मीर के लिए बेहद कठिन रहे हैं और इस दौर से उबरने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

### श्रीनगर-जम्मू से बाहर पहली कैबिनेट बैठक

यह पहली बार है जब उमर अब्दुल्ला सरकार ने अपने मौजूदा कार्यकाल में श्रीनगर या जम्मू से बाहर कैबिनेट बैठक आयोजित की है। उन्होंने 27 मई को गुलमर्ग में भी एक विशेष बैठक बुलाने का ऐलान किया है, जिसमें उत्तरी कश्मीर से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि अपने पिछले कार्यकाल (2009-14) के दौरान भी उमर अब्दुल्ला ने गुरेज, माछिल, तंगधार, राजौरी और पुंछ जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में कैबिनेट बैठकें आयोजित कर ऐसी पहल की थी।

### अलर्ट पर प्रशासन, लोगों में भरोसा लौटाने की कोशिश

पहलगाम हमले के बाद जहां प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क हो गया है, वहीं इस तरह की पहल से सरकार यह संकेत देना चाहती है कि जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से न केवल राज्य का पर्यटन उद्योग फिर से पटरी पर आएगा, बल्कि यहां की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## कलेक्टर तरन्नुम पर विवादित टिप्पणी कर फंसे बीजेपी नेता, कर्नाटक कांग्रेस हमलावार

कलबुर्गी। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में भाजपा एमएलसी और विधान परिषद में विपक्ष के मुख्य सचेतक एन रविकुमार द्वारा जिला कलेक्टर फौजिया तरन्नुम पर की गई भड़काऊ टिप्पणी के बाद विवाद बढ़ गया है। बीजेपी नेता रविकुमार ने कथित तौर पर कहा था, मुझे नहीं पता कि डीसी पाकिस्तान से आई हैं या यहां की कोई आईएएस अधिकारी हैं। यह टिप्पणी चित्तपुर में हाल ही में हुई घटना से संबंधित चल रहे तनाव के बीच आई है। डिप्टी कमिश्नर तरन्नुम के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए भाजपा एमएलसी कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इस पूरे मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता कुमार ने जो कुछ भी कहा वह उचित नहीं है। यह दुश्मनी पैदा करने वाला बयान है। उन्हें (कलबुर्गी डीसी तरन्नुम) कुछ नहीं होगा, लेकिन यह समाज में दुश्मनी पैदा करने के लिए है। उनके खिलाफ पुलिस शिकायत और एफआईआर दर्ज की जाएगी। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। वहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा संघ के अधिकारी और अन्य लोग आज सुबह मुझसे मिले। वे हैरान हैं। वह (फौजिया तरन्नुम) बहुत साफ-सुथरी अधिकारी हैं। यह एक महिला अधिकारी के प्रति उनका सम्मान है। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने रविकुमार की टिप्पणी की निंदा कर बेहद अप्रिय बताया। उन्होंने कहा, देश भर के भाजपा नेताओं और उनके भाषणों को देखिए, यह एक बेहद परेशान करने वाली मानसिकता को दिखाता है। एक सम्मानित अधिकारी के खिलाफ इस तरह के आरोप लगाना अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता और राज्य मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने भाजपा पर अनावश्यक रूप से तनाव बढ़ाने और प्रशासन का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।

## आदित्य ठाकरे का बीजेपी से सवाल, मुंबईकरों से इतनी दुश्मनी क्यों



मुंबई (एजेंसी)। बालासाहेब ठाकरे और ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित बयान पर शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने पलटवार किया है। आदित्य ने कहा कि ये सभी बयान ठीक हैं, लेकिन मुंबईकरों को जवाब चाहिए कि भाजपा ने मुंबई को इस स्थिति में क्यों पहुंचाया है, जो स्थिति हम सभी ने कल देखी (जलभराव) भाजपा के मन में मुंबई के लिए इतनी दुर्भावना क्यों है? भाजपा मुंबई को क्यों खत्म करना चाहती है? बारिश के कारण हजारों हेक्टेयर भूमि का नुकसान हुआ है। किसानों को कोई मदद क्यों नहीं दी गई?

ठाकरे ने कहा कि चाहे मुंबई, ठाणे, या पुणे, कई शहरों में स्थिति खराब हो रही है। हमारे शहरों को कोई मदद क्यों नहीं मिल रहा है? इससे पहले ठाकरे ने कहा था कि यह मुंबई और पुणे में भाजपा का घोटाला है। पिछले 2-3 हफ्तों से हम मुंबई, पुणे और महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश देख रहे हैं। किसानों को इस सरकार ने कोई मदद या समर्थन नहीं दिया है। इसी तरह, हमारे शहरों की जो भयानक स्थिति है, वह मेट्रो और सड़क घोटाले जैसे खराब नियोजित बुनियादी ढांचे के कारण है, जिसमें एकनाथ शिंदे (उपमुख्यमंत्री) शामिल हैं।

दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा था कि अगर शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे जीवित होते, तब 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गले लगाते। शाह ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) की आलोचना कर कहा था कि भारत का संदेश पहुंचाने के लिए साझेदार देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का 'बारात' कहकर मजाक उड़ाया।

# समीकरणों के बदलाव की आहट: राज्यसभा में बढ़ बढ़ी सकती हैं विपक्ष की सीटें

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले माह 19 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में तमिलनाडु की 6 सीटों के लिए मतदान होना है तो वहीं असम की दो सीटों के लिए भी वोटिंग होनी है। ये सीटों राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट के चलते खाली हो रही हैं। तमिलनाडु के 6 सदस्य जुलाई में रिटायर होंगे, जबकि असम के दो सदस्यों का जून महीने में कार्यकाल समाप्त हो रहा है। तमिलनाडु में जिन 6 सीटों पर इलेक्श होना है, उनमें से तीन पर अब तक डीएमके के सदस्य थे। इसके अलावा तीन सीटों पर पीएमके, एआईएडीएमके और एमडीएमके के मेंबर सांसद थे। इससे संभावना है कि विपक्ष की सीटें बढ़ सकती हैं।



फिलहाल तमिलनाडु विधानसभा का जो समीकरण है, उसके हिसाब से डीएमके का नंबर तीन से 4 हो सकता है। इसके अलावा यदि कांग्रेस के साथ सहमति बनी तो फिर डीएमके एक सीट उसे भी दे सकती है। ऐसा होने पर भी विपक्षी गठबंधन के खाते में ही एक और सीट जाएगी। इसी तरह असम के आंकड़ों को देखते हुए भी विपक्ष के खाते में एक सीट का इजाफा हो सकता है। फिलहाल जो मेंबर रिटायर हो रहे हैं, वे भाजपा और असम गण परिषद के सदस्य हैं। लेकिन विधानसभा का जो समीकरण है, उस लिहाज से चुनाव की स्थिति में एक सीट भाजपा को मिलेगी तो वहीं एक अन्य सीट कांग्रेस या फिर उसके सहयोगी को मिल सकती है।

इस तरह चुनाव के बाद राज्यसभा में विपक्ष की सीटें 91 हो सकती हैं, जो अभी 89 ही हैं। इसके अलावा एनडीए की सीटें जो फिलहाल 128 हैं, वे घटकर 126 ही रह सकती हैं। बता दें कि हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में चुनावी हार के बाद विपक्ष के लिए यह राहत भरी खबर होगी। दरअसल कई राज्यों के चुनावों में लगातार कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को मात झेलनी पड़ी है। झारखंड को इसमें अपवाद के तौर पर देखा जा सकता है, जहां झामुमो की लीडरशिप में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी है।

## जासूसी के आरोप में गिरफ्तार सीआरपीएफ जवान ने सैन्य ठिकानों के लोकेशन भेजे

नई दिल्ली। जासूसी के आरोप में पकड़ा गया सीआरपीएफ का जवान हमले से ठीक पहले तक पहलगाम में ही तैनात था। 22 अप्रैल को हुए हमले से 6 दिन पहले ही उसका ट्रांसफर हुआ था। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। आरोपी असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मोती राम जाट को सोमवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। मोतीराम पहलगाम में सीआरपीएफ की 116वीं बटालियन में तैनात था। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के मुताबिक आरोपी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को गोपनीय सूचनाएं दे रहा था। वह 2023 से ही पैसों के बदले देश के साथ गद्दारी कर रहा था। उसने पाकिस्तान को भारतीय सुरक्षा बलों की ऑपरेशनल जानकारी, मूवमेंट के तरीके और अहम सैन्य ठिकानों का लोकेशन भेज चुका था। गिरफ्तारी के बाद जवान को बर्खास्त कर दिया गया है। एनआईए के अधिकारी जासूसी के आरोपी जवान से पूछताछ में जुटे हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह क्या-क्या गोपनीय जानकारी पाकिस्तान को दे चुका था और पाकिस्तान में किन-किन लोगों से संपर्क में था। वह कैसे पाकिस्तान का मोहरा बना यह भी पता लगाया जा रहा है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को धर्म पूछकर मार डाला था। मृतकों में अधिकतर हिंदू थे। सीआरपीएफ के एक बयान के अनुसार जाट केंद्रीय एजेंसियों की रडार पर अपनी सोशल मीडिया एक्टिविटी की वजह से आया। सीआरपीएफ की ओर से बताया गया कि जाट को आगे की जांच के लिए एनआईए के हवाले कर दिया गया है। बयान में कहा गया है, इसके साथ ही, सीआरपीएफ नियमों के साथ संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत इस व्यक्ति को 21 मई से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

# दिल्ली-मुंबई के लिए चेतावनी, महाराष्ट्र समेत गोवा, कर्नाटक और केरल के लिए भी रेड अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। तेजी से आगे बढ़ रहे मानसून ने देश के कुछ हिस्सा की चिंता भी बढ़ाई है। मॉनसून इस बार 12 दिन पहले ही महाराष्ट्र पहुंच गया। मुंबई में बारिश ने भारी तबाही मचाई है। भारी बारिश की वजह से मुंबई पानी से लबालब भर गई है। लोगों को घर से निकलना दूभर हो गया है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र समेत गोवा, कर्नाटक और केरल के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में इन राज्यों में भारी से भारी बारिश होने का अनुमान है। मुंबई में प्रशासन ने लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है।



मौसम विभाग ने राजधानी दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहां तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। आंधी-तूफान की संभावना के बीच दिल्ली के लिए हेजार्ड वॉर्निंग जारी की गई है। मंगलवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। महीने के आखिरी में दिल्ली में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि गुजरात में भी 30 मई तक बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। कुछ जगहों पर तेज हवाएँ चलने का अनुमान है। वहीं राजस्थान में अभी लू और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। 28 मई के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

मौसम विभाग ने राजधानी दिल्ली और महाराष्ट्र के लिए हेजार्ड वॉर्निंगजारी की है। इसका मतलब तेज हवाओं और बारिश की वजह से काफी नुकसान होने की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक 75 साल में पहली बार इतनी जल्दी मॉनसून मुंबई पहुंच गया है। मॉनसून इस बार तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुंबई में झमाझम बारिश के बाद मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली, चंडीगढ़ और हरियाणा में भी 40 से 50 किलोमीट की गति से चलने वाली हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। कई जगहों पर बिजली गिरने की भी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक मॉनसून के गति पकड़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। ऐसे में कर्नाटक और महाराष्ट्र में बारिश और तेज हो सकती है। मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने कहा कि 75 साल में पहली बार इतनी जल्दी मॉनसून मुंबई पहुंच गया है। सोमवार को मॉनसून मुंबई में दस्तक दे चुका है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि भारी बारिश में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने कहा, हम अलर्ट मोड में हैं। बीएमसी, आर्मी और नेवी भी आपस में सहयोग से काम कर रही हैं। मुंबई में भारी बारिश के चलते लोकल ट्रेनों को नियंत्रित गति से चलाया जा रहा है। कुछ लोकल ट्रेनों को कुरला, दादर और परेल में ही रोक दिया गया।

# शहबाज ने मुनीर को सौंपी चीनी सेना की तस्वीर, ओवैसी ने खोल दी पोल

नई दिल्ली (एजेंसी)। एआईएमआईएम के प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी आजकल पूरी दुनिया में छाए हुए हैं। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए उनके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी बीच उन्होंने उस तस्वीर की पोल खोल दी जो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को सौंपी है। ओवैसी ने जमकर मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि नकल करने की भी अकल चाहिए, जोकरों की ये जमात भारत से टक्कर लेना चाहती है। बता दें कि तस्वीर में दिख रहे रॉकेट लॉन्चर पीएचएल-03 हैं, जो चीन का मल्टीपल रॉकेट सिस्टम है। यह फोटो 2019 में चीनी फोटोग्राफर हुआंग हाई ने ली थी और पिछले पांच वर्षों में कई बार उपयोग हो चुकी है। वहीं भारत ने पाकिस्तान पर की गई सैन्य कार्रवाई के फोटो और वीडियो प्रमाण पहले ही सार्वजनिक कर दिए हैं।



ओवैसी यहीं नहीं रुके, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, नकल करने के लिए अक्ल चाहिए। और इनके पास वो भी नहीं है! उन्होंने जनता को आगाह करते हुए कहा, पाकिस्तान जो भी कहे, उस पर नमक की एक चुटकी भी बर्बाद मत करो! दरअसल, पाक जनरल आसिम मुनीर को शहबाज शरीफ ने एक तस्वीर भेंट की, जिसमें दावा किया गया कि यह पाकिस्तान की भारत पर सैन्य कार्रवाई का हिस्सा है। यह दावा पूरी तरह से फर्जी निकला। वह तस्वीर 2019 में चीनी सेना की एक सैन्य ड्रिल की तस्वीर निकली। कुवैत में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान की एक और फर्जी कोशिश की बखिया उधेड़ दी। ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा, पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक फोटो भेंट की ज ये जोकरों की जमात भारत से टक्कर लेना चाहती है! उन्होंने खुलासा किया कि वह तस्वीर दरअसल 2019 की चीनी सेना की एक सैन्य ड्रिल की थी, जिसे पाकिस्तान ने भारत पर कथित जीत के तौर पर दिखाया।

# अब भारत नहीं आ पाएंगे पाकिस्तान के लोग, अफगानिस्तान की शुरु होगी आवाजाही

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने न्यू अफगान वीजा मॉड्यूल के तहत जो सेवा शुरू की है, उसके अनुसार ऐसे लोगों को ही वीजा मिलेगा, जिन्हें किसी तरह का इलाज कराना हो या फिर मरीज की तीमारदारी करनी हो। वहीं छात्रों, कारोबारियों, मेडिकल अटेंडेंट, यूएन डिप्लोमैट वीजा पर आने वाले लोगों को भी एंट्री दी जाएगी। इन वीजा के आवेदनों पर हर मामले को लेकर अलग-अलग फैसला लिया जाएगा। वहीं पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान के लोगों की एंट्री पर भारत सरकार ने बैन लगा रखा है। वीजा सेवाएं ठप कर दी गई हैं। इस बीच तालिबान से भारत के रिश्तों में सुधार को देखते हुए अफगानिस्तान के लोगों के लिए वीजा सेवाओं को शुरू किया गया है।

बीते माह विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के अपने समकक्ष आमिर खान मुत्ताकी से बात की थी। वहीं तालिबान शासन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी और कहा था कि इस लड़ाई में हम भारत के साथ हैं। दरअसल भारत और अफगानिस्तान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर भी साझेदारी है। वहीं इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को लेकर भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। यह कॉरिडोर भारत से लेकर ईरान, रूस होते हुए यूरोप को जोड़ने वाला है। इस तरह दो अहम प्रोजेक्ट्स में दोनों देश साथ हैं और पाकिस्तान के साथ दोनों के ही संबंध सहज नहीं हैं।

अफगानिस्तान के लोगों को वीजा आवेदन करने के लिए मौके की एक तस्वीर, पासपोर्ट की डिटेल्स और एक अन्य आईडी कार्ड पोर्टल पर सबमिट करना होगा। यह फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि बीते कुछ महीनों में तालिबान के साथ भारत के रिश्ते सामान्य हुए हैं। तालिबान ने भारत को भरोसा दिया है कि उसकी जमीन से आतंकी गतिविधियों को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। वहीं पाकिस्तान से उसके रिश्ते खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय आतंकियों और डूरंड लाइन को लेकर सहज नहीं हैं। ऐसी स्थिति में भारत के साथ संबंध सुधार के अपने मायने हैं। भारत ने अफगानियों के लिए वीजा सेवा शुरू करके इसका संदेश भी दिया है।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**